मीडिया मीमांसा
Media Mimansa

Volume-16, No.1

January-March, 2022

A peer-reviewed bilingual quarterly research journal

Chief Editor
Prof. K.G. Suresh

Advisory Board
Shri Alok Mehta
Prof. Rajiv V. Dharaskar
Dr. Amitabh Deo Kodwani
Dr. Ravi Prakash Tekchandani
Prof. P. Sasikala

Editors
Prof. Monika Verma
Dr. Rakhi Tiwari

Joint Editors
Prof. Girish Upadhyay
Prof. Shivkumar Vivek

Associate Editors
Dr. Urvashi Parmar
Dr. Ramdeen Tyagi
Shri Lokendra Singh Rajpoot

Subscription and Publication coordination:
Prof. Kanchan Bhatia
Dr. Rakesh Pandey

Printed and Published by
Prof. Avinash Bajpai
Registrar, Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication

Subscription
Single copy : Rs. 150/-
Annual : Rs. 500/-
Institutional Membership : Rs. 1,000/- (Annual)

Please remit your subscription through draft in favour of Registrar, MCRPVV, Bhopal
B-38 Vikas Bhawan, M.P. Nagar Zone-I, Bhopal-462011
Phone -0755-2554904

विषय-सूची / CONTENTS

- संपादकीय – **प्रो. के. जी. सुरेश** 1
- भारतीय फिल्मों के गौरवशाली इतिहास के पन्ने – **अनंत विजय** 2–4
- स्वतंत्रता पूर्व भारतीय सिनेमा की आधार शिला स्थापना में सिनेमॅटोग्राफी का योगदान (1896–1947) – **डॉ. श्रीकांत सिंह**, **आशीष भवालकर** 5–13
- गांधी, मंडेला और किंग के संदर्भ में सिनेमा में अहिंसा का फिल्मांकन – **डॉ. मीता उज्जैन**, **अंजना शर्मा** 14–20
- बॉलीवुड में महिला फिल्म निर्देशिकाओं की भूमिका – **डॉ. रजनीश कुमार झा** 21–27
- बिंज वाचिंगः वेब सीरीज विषयवस्तु व युवाओं की बदलती जीवनशैली – **मनोज कुमार पटेल**, **डॉ. गजेंद्र अवास्या** 28–34
- मध्यप्रदेश में फिल्म पर्यटन की संभावनाएंः एक अध्ययन – **अंकित पाण्डेय**, **प्रियंका पांडेय** 35–38
- The cinematic language of Satyajit Rayः With special reference to Pather Panchali. –**Dr.Yasharth Manjul** 39–43
- Study on non-verbal communication in national award winning movies (with special reference to Mrigaya) –**Dr. Urvashi Parmar**, –**Ms. Sheuli De Sarkar** 44–49
- Mobilizing Justice in Social Media through Hash Tagः A Case Study of #JusticeforSushantSingh Rajput on Twitter – **Nitesh Tripathi**, **Swati Chandak**, **Mr. Sayak Pal** 50–60
- A Narrative Analysis of the Amazon Prime Original Web Series Paatal Lok – **Dr.C.Sriram**, **Dr.V.Mohanasundaram** 61–67
- Environmental representation in Bollywood movieः A Narrative analysis of Movie SHERNI – **Shweta Arya** 68–76

संपादकीय

एक संभावनाशील माध्यम की चुनौतियां

चलचित्र, मानव समाज का वह जीवंत, चलायमान तथा मुखर सर्वकालिक दस्तावेज होता है जिसकी अनुगूंज हर भावी मानव पीढ़ी के मन-मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ती हुई समय के प्रवाह में अनुप्राणित होती रहती है। प्रत्येक समाज और संस्कृति के विविध पक्षों को अपने में संजोए सिनेमा की विधा हर आयु-वर्ग, सामान्य और विशिष्ट व्यक्ति के मध्य अत्यंत लोकप्रिय और प्रभावोत्पादक है। जनसंचार का यह दृश्य-श्रव्य माध्यम जब समाज की उज्ज्वल, स्याह या ग्रे छवियों को कुशल लेखक, निर्देशक, निर्माता व तकनीकी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में, कथा रूप में दर्शकों के समक्ष रखता है तो यह उन सभी के लिए परीक्षा की घड़ी होती है जो एक सशक्त माध्यम से समाज में संवाद, चर्चा व वार्तालाप की परिपाटी स्थापित करना चाहते हैं। स्वतः स्पष्ट है कि बिना उद्देश्य के संचार और सृजन संभव नहीं है। यही आधार भूमि है चलचित्र की। अतः जहां जनसंचार हो वहां जन-जन से संबद्ध और आबद्ध समसामयिक मुद्दे ही प्राथमिकता के साथ किसी चलचित्र की कथावस्तु बनते हैं। भारत भूमि की विविधता व बहुलता को अपने में समाहित कर, इसके भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक आदि आयामों को केंद्रित कर व्यावसायिक एवं कला सिनेमा ने कई प्रामाणिक तथा तथ्य आधारित काल्पनिक कहानियों को गढ़ा है, जो भारतीय सिनेमा में मील का पत्थर साबित हुई हैं। स्वतंत्रता से पूर्व अथवा स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज के नव निर्माण व पुनर्जागरण, उसकी विसंगतियों-विडंबनाओं और पुनरुत्थान पर सोद्देश्य फिल्मों का चित्रण और निर्माण इस जनमाध्यम के दर्शकों को सूचित, शिक्षित और मनोरंजित करने के उद्देश्यों को पूर्ण करता प्रतीत होता है।

तकनीकी एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई क्रांति की उत्तरोत्तर वृद्धि ने भारतीय सिनेमा उद्योग को गति प्रदान की है। सोशल मीडिया के विस्तार ने व्यावसायिक सिनेमा के भारी-भरकम बजट और अन्य तामझाम से हटकर, कई नए रचनाधर्मी युवाओं को कम व सीमित बजट में लघु अवधि के पॉकेट सिनेमा/शार्ट सिनेमा की ओर आकृष्ट किया है। यही कारण है कि अब सिनेमा के हर प्रारूप और कथानक को ध्यान में रखकर किए जा रहे नवाचारी प्रयोग सिने दर्शकों को आंदोलित और प्रेरित कर रहे हैं। कोरोना महामारी के समय सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स के न खुलने के कारण भारत में ओटीटी का मार्केट जिस तेजी से बढ़ा है, उसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। वेब सीरीज और ओटीटी पर रिलीज होने वाली मूवीज नित्य नए रिकॉर्ड बना रही हैं। ऐसे में कुछ प्रश्न उठना लाजमी है- क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में दर्शकों को भ्रमित, अरुचिकर और नकारात्मक भावनाओं को उकसाने वाला कंटेंट तो नहीं परोसा जा रहा? क्या उस कंटेंट को, जो राष्ट्र की अखंडता, अस्मिता अक्षुण्ण रखने वाली पहचान से जुड़ा है, तोड़ा- मरोड़ा तो नहीं जा रहा ? तकनीकी प्रेम और आधुनिकता के प्रति आग्रह को उन्माद में तब्दील करते हुए भारतीय संस्कृति ,परंपराओं, रीति-रिवाजों और सबसे बढ़कर राष्ट्र गौरव और प्रेम के मनोभावों पर तो कुठाराघात नहीं किया जा रहा है? यह सभी प्रश्न चिंतन- मनन, विश्लेषण- विवेचना एवं शोध का केंद्रीय तत्व हैं। अतः फिल्म कम्युनिकेशन पर केंद्रित 'मीडिया मीमांसा' शोध पत्रिका का यह अंक फिल्मों की बहुरंगी नई-पुरानी विषय वस्तु को सम्मिलित करते हुए शोधपरक दृष्टि से लिखित शोध पत्रों के साथ संवेदनशील, जिज्ञासु व मर्मज्ञ अध्येताओं के बीच विशेष कलेवर के साथ प्रस्तुत है। उल्लेखनीय है कि यह अंक ऐसे विशिष्ट अवसर पर प्रकाशित हो रहा है जबकि चतुर्थ चित्र भारती फिल्मोत्सव का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के भोपाल स्थित नवीन परिसर में हो रहा है। यह विशेषांक ऐसे सभी विद्वत, सुधी शोधकर्ताओं, मीडिया शिक्षकों, समीक्षकों एवं अकादमिक गतिविधियों से संबद्ध पाठकों को इस अपेक्षा के साथ समर्पित है कि वे भविष्य में परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से इस शोध पत्रिका में अपना बहुमूल्य योगदान सहर्ष प्रदान करेंगे।

- प्रो. के. जी. सुरेश
कुलगुरु एवं मुख्य संपादक

विशेष आलेख

भारतीय फिल्मों के गौरवशाली इतिहास के पन्ने

* अनंत विजय

स्वाधीनता के अमृत महोत्सव वर्ष में हम उन महापुरुषों को याद कर रहे हैं जिन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाने के लिए सर्वस्व होम कर दिया। हम उनके भी योगदान का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने स्वाधीनता के संघर्ष के लिए जमीन तैयार की और उनको भी याद कर रहे हैं जिन्होंने अपने छोटे प्रयासों की आहुति देकर भी स्वाधीनता का यज्ञ संपन्न किया। स्मरण तो उनका भी करना चाहिए जिन्होंने स्वाधीनता के संघर्ष में सीधे हिस्सा नहीं लिया लेकिन अपनी कला, अपनी साहित्यिक रचनाओं से स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनमानस को तैयार किया। जो भी भारतीय जिस भी क्षेत्र में काम कर रहे थे वो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राष्ट्र को स्वतंत्र करवाने के लिए अपना योगदान दे रहे थे। इस लेख में हम सिनेमा के क्षेत्र से जुड़े लोगों, उनकी पहल, उस वक्त की परिस्थितियों और घटनाओं की चर्चा करेंगे।

अपने देश में हम जब सिनेमा की बात करते हैं तो इसके जनक धुंडिराज गोविन्द फालके का नाम याद आता है। दुनिया 'दादा साहब फालके' के नाम से जानती है। उनके संघर्ष को, उनके काम को रेखांकित भी किया जाता रहा है। जब भी भारतीय फिल्म उद्योग की बात होती है तो उनका नाम बेहद आदर के साथ लिया जाता है। लिया भी जाना चाहिए। साथ ही हमें उन स्थितियों, उन परिस्थितियों, उन घटनाओं की भी चर्चा करनी चाहिए जिहोंने दादा साहब फाल्के का मन फिल्मों की ओर मोड़ा। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में भारत में विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन आरंभ हुआ और उन फिल्मों ने नाटकों के प्रदर्शन को प्रभावित किया। जिन प्रेक्षागृहों में नाटकों का प्रदर्शन हुआ करता था वहां कुछ फिल्मों का प्रदर्शन भी होने लगा था। इन फिल्मों को देखने के बाद कुछ भारतीय फोटोग्राफर भी इस कला के प्रति आकर्षित होने लगे थे और उनके मन में भी फिल्में बनाने की आकांक्षा अंकुरित होने लगी थी। ऐसे ही एक छायाकार थे हरिश्चंद्र सखाराम भाटवडेकर, जिनको लोग 'सावे दादा' भी कहते हैं। सावे दादा का बांबे (अब मुंबई) में अपना स्टूडियो था और जब उन्होंने विदेशी फिल्में देखीं तो तय किया कि वो इस विधा में हाथ आजमाएंगे। उन्होंने विदेश से लुमिएर का विशेष कैमरा मंगवाया जिससे इंटरमिटेंट मोशन मैकेनिज्म के तहत चित्र खींचे जाते थे। हिंदी सिनेमा के इतिहासकार इस बात का उल्लेख करते हैं कि सावे दादा ने जब कैमरा मंगवाया तो उन्होंने दो फिल्में बनाईं – एक कुश्ती प्रतियोगिता पर और दूसरी सर्कस के जानवरों को ट्रेनिंग देने के दौरान फिल्मायी गई। सावे दादा ने इसके बाद कई छोटी फिल्में बनाईं।

ऐसे ही एक छायाकार थे हीरालाल सेन। उनके बारे में पुस्तकों और पत्रिकाओं में अलग-अलग जानकारियां मिलती हैं लेकिन सबमें एक बात साझा है कि वो एक बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकार थे और कैमरे का उपयोग कर फिल्म बनाने की कला में माहिर भी। कहा जाता है कि उन्होंने कई फिल्में बनाईं लेकिन उनके भाई के गोदाम में आग लगने की वजह से वो फिल्में नष्ट हो गईं । उस दौर के समाचार पत्रों में छपे विज्ञापनों से इस बात के संकेत मिलते हैं कि हीरालाल सेन ने फिल्में बनाई थीं। इनकी चर्चा इस वजह से आवश्यक है कि इन लोगों के काम ने भारत में फिल्म निर्माण की नींव रखी जिसपर आनेवाले दिनों में एक बहुत मजबूत इमारत खड़ी हो सकी।

दादा साहब फाल्के की फिल्मों को देखकर भारतीय फिल्मकारों का हौसला बहुत बढ़ा और उनको लगने लगा कि वो भी फिल्में बना सकते हैं। दादा साहब की फिल्मों की सफलता और उससे होनेवाली आय को देखकर फिल्मों में पूंजी लगाने वालों का उत्साह भी बढ़ा और कई पूंजीपति फिल्म निर्माण में संभावनाएं तलाश करने लगे। फिल्म निर्माण का क्षेत्र भी वर्तमान महाराष्ट्र से निकलकर बंगाल पहुंच गया। बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों में कलकत्ता में एलफिंस्टन का निर्माण हुआ जिसके स्वामी जमशेद मदन थे। जमशेद मदन ने बाद में सिंगल थिएटर का साम्राज्य खड़ा कर दिया और देश के अलग-अलग हिस्सों में सिनेमाघर बनवाए। उनके बनाए सिनेमाघरों की वजह से हमारे देश में सिनेमा का कारोबार खूब फलने-फूलने लगा। फिल्म संस्कृति का विकास भी हुआ। आरंभिक दिनों में अमेरिका में बनी फिल्में यहां खूब दिखाई जाती थीं। अन्य देशों की फिल्में भी प्रदर्शन के लिए आती थीं। फिर प्रथम विश्वयुद्ध हुआ। इस युद्ध ने फिल्म निर्माण को प्रभावित किया।

भारतीय फिल्मों में आरंभिक दौर में नायिकाएं मिलने में काफी दिक्कत होती थी। दादा साहब का किस्सा बहुत मशहूर है। जब उन्होंने अपनी फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' की कहानी पर काम शुरु किया तो महिला कलाकार मिलने में मुश्किल होने लगी। कई विज्ञापन प्रकाशित हुए लेकिन कोई महिला फिल्म में अभिनय के लिए तैयार नहीं हो रही थी। उस वक्त फिल्म में महिलाओं के काम करने को अच्छा नहीं माना जाता था। दादा साहब फिल्म बनाने के लिए बेचैन हो रहे थे लेकिन उनको अपनी फिल्म के लिए कोई नायिका नहीं मिल रही थी। बेचैनी में उनकी निराशा बढ़ने लगी थी। एक दिन वो अपने घर के पास की दुकान में चाय पीने गए। वहां चायवाले लड़के सालुंके पर नजर पड़ी तो उनकी आंखें चमक उठीं। उन्होंने चायवाले लड़के को अपनी फिल्म में तारामति का रोल निभाने का प्रस्ताव दिया। काफी मशक्कत के बाद वो युवक लड़की का रोल निभाने के लिए तैयार हो गया। इस तरह भारतीय फिल्म में

एक पुरुष ने पहली अभिनेत्री का रोल किया और 'राजा हरिश्चंद्र' फिल्म बन गई। 3 मई 1913 को बांबे के कोरोनेशन हॉल में उसका प्रदर्शन हुआ। फिल्म लगातार बारह दिन चली। 1914 में यह लंदन में प्रदर्शित हुई। दादा साहब फाल्के को दूसरी फिल्म 'भस्मासुर मोहिनी' में नायिका मिल गई। नाटकों में काम करनेवाली कमलाबाई गोखले को उन्होंने अपनी फिल्म में अभिनय के लिए तैयार कर लिया। उस समय कमला बाई को फिल्म में अभिनय के लिए फाल्के साहब ने आठ तोला सोना, दो हजार रुपए और चार साड़ियां दी थीं। जमशेद जी मदन ने सिनेमा के कारोबार को स्थापित करने के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखा था। उन्हें भी अपनी फिल्मों में अभिनेत्रियों के रोल के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने इसका एक तोड़ निकाला और एंग्लो इंडियन लड़कियों को अपनी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री रोल देना आरंभ कर दिया। उनका ये फॉर्मूला चल निकला। उन्होंने एंग्लो इंडियन लड़कियों के नाम बदलकर उनको भारतीय नाम देना शुरु कर दिया था। उस दौर में ही नितिन बोस, धीरेन गांगुली, बाबूराव पेंटर जैसे दिग्गजों का आगमन हुआ और इन लोगों ने भारतीय फिल्म को एक नई ऊंचाई और फिल्म निर्माण की कला को नया आयाम दिया।

फिर वी. शांताराम का दौर आया जिन्होंने बाबूराव पेंटर से फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखीं और भारतीय सिनेमा की राह बदल दी। बहुत कम लोगों को इस बात का पता होगा कि इनका नाम वी शांताराम कैसे पड़ा। बाबूराव पेंटर और बाबूराव पेंढारकर फिल्म 'सुरेखा हरण' की रिलीज के लिए प्रिंट्स की तैयारी में व्यस्त थे। बाबूराम पेंढारकर ने शिवाजी थिएटर में काम करनेवाले शांताराम को बुलाकर पत्रों का उत्तर देने के काम पर लगा दिया। शांताराम ने उत्सुकतावश पूछा कि क्या उनकी अनुपस्थिति में वो अन्य दस्तावेजों पर भी दस्तखत कर सकते हैं? ये सुनते ही बाबूराव ने झट से शांताराम को कहा कि वो पहले दस्तखत तो करके दिखाएं। शांताराम ने कागज का एक टुकड़ा लिया और उस पर लिखा– एस आर वाणकुद्रे। वो कुछ देर तक हस्ताक्षर को देखते रहे, फिर बोले– तुम्हारा नाम अच्छा है लेकिन इसके आखिरी शब्द के उच्चारण में दिक्कत आ सकती है। उन्होंने सलाह दी कि शांताराम अपने नाम के अंत में आनेवाले वाणकुद्रे का प्रथम अक्षर पहले लिखें और उसके बाद शांताराम लिखें । इस तरह से एस आर वाणकुंद्रे बन गए वी. शांताराम।

वी. शांताराम की पुत्री मधुरा जसराज ने उन पर एक बेहद दिलचस्प किताब लिखी है– 'वी. शांताराम, द मैन हू चेंज्ड इंडियन सिनेमा।' इसमें शांताराम की गंधर्व नाटक मंडली, महाराष्ट्र फिल्म कंपनी से लेकर प्रभात फिल्म कंपनी और राजकमल कला मंदिर तक की यात्रा बेहद दिलचस्प तरीके से रखी गई है। 1921 में निर्देशक बाबूराव पेंटर ने 'सुरेखा हरण' के कुछ हिस्सों की एडिटिंग का जिम्मा शांताराम को सौंपा था। शांताराम को इस क्षेत्र का अनुभव नहीं था, इस वजह से उस फिल्म की एडिटिंग कमजोर हो गई। ये देखकर बाबूराव नाराज हो गए और फिर से एडिटिंग करवाई गई । शांताराम को यहीं से एडिटिंग और कैमरा वर्क के महत्व के बारे में सीखने मिला। बाबूराव पेंटर के साथ काम करते हुए शांताराम को लगा कि वो अब खुद ही फिल्में बना भी सकते हैं तो उन्होंने खुद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी बना ली– प्रभात प्रोडक्शंस। वी. शांताराम की पहली फिल्म थी 'दुनिया ना माने'। उस फिल्म से शांताराम का हौसला बढ़ा और बांबे पहुंच गए ।

जब मूक फिल्मों का दौर खत्म होने लगा तो शांताराम ने नई तकनीक को बहुत जल्दी अपनाया जबकि बाबूराव पेंटर उसको लेकर उदासीन हो गए। उस दौर में उन्होंने 'अमृत मंथन', 'अमर ज्योति', 'दुनिया ना माने', 'पड़ोसी', 'आदमी' जैसी बेहद सफल फिल्में बनाकर पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवा लिया । तकनीक से उन्हें इतना प्यार था कि 1933 में फिल्म 'सैरंध्री' की कलर प्रोसेसिंग के लिए वो जर्मनी गए। वहां से उसे खरीदकर भारत लाए। इस तरह से भारत की पहली रंगीन फिल्म बनी । फिल्मों की शूटिंग में प्राकृतिक दृश्यों को फिल्माने के लिए शांताराम मचलते रहते थे। जब वो फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' बना रहे थे तो फिल्म की शूटिंग के दौरान शांताराम को एक बिगड़ैल सांड को काबू करना था । नैचुरल सीन को कैमरे में कैद करने के चक्कर मे शांताराम की एक आंख बुरी तरह से चोटिल हो गई। लंबे समय बाद उनकी आंखों की रोशनी लौटी। वी. शांताराम मानते थे कि फिल्म समाज सुधार का बेहद कारगर औजार है। उनकी कई फिल्मों में इस तरह के संदेश हैं । 1950 में वी. शांताराम ने दहेज फिल्म बनाई थी। इस फिल्म से ही ललिता पवार को दुष्ट सास के रूप में पहचान मिली। इससे पहले उन्होंने एक और बेहतरीन फिल्म बनाई 'डॉ. कोटनीस की अमर कहानी'। महाराष्ट्र के शोलापुर के डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस चीन – जापान युद्ध के समय 1938 में डॉ. के एक दल के साथ चीन गए थे। जब चीन के सैनिक महामारी के शिकार हो रहे थे और उसको बचाने के लिए कोई टीका नहीं था। डॉ. कोटनीस टीका बनाना चाहते थे। उनके पास टीका को टेस्ट करने के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। वो इसको खुद पर टेस्ट करते थे। कई टेस्ट के बाद उनको सफलता मिली। उनके टीके के उपयोग से सैनिक ठीक होने लगे। खुद पर टीका को टेस्ट करने से उनकी हालत खराब होती चली गई और अंततः निधन हो गया। मशहूर लेखक ख्वाजा अहमद अब्बास ने डॉ.कोटनीस के चीन में बिताए दिनों पर उनके साथी के हवाले से एक उपन्यास लिखा, 'वन हू डिड नॉट कम बैक'। उन्होंने ये किताब वी. शांताराम को पढ़ने के लिए दी। किताब पढ़ते ही शांताराम ने इस पर फिल्म बनाना तय कर लिया। डॉ.कोटनीस की भूमिका खुद निभाई। डॉ.कोटनीस की प्रेमिका, जो बाद में उनकी पत्नी बनती हैं, की भूमिका के लिए जयश्री को फाइनल कर लिया। लेकिन जयश्री की आंखें बड़ी थीं और चीनी लड़कियों की आंखें छोटी होती हैं। उनको चीनी दिखाने के लिए जयश्री का स्पेशल मेकअप किया गया ताकि आंखें छोटी दिखें। मेकअप से प्रभाव पैदा

करने का यह अनूठा उदाहरण है। आज जब महामारी के दौर में चीन और उसकी कारगुजारियों पर चर्चा होती है तो शांताराम की ये फिल्म बरबस याद आ जाती है। वो समय से आगे के फिल्मकार थे।

उसी दौर में हिमांशु राय और देविका रानी के योगदान को रेखांकित किया जाना चाहिए। इन दोनों ने फिल्म निर्माण से लेकर अदायगी तक में भारतीय फिल्मों का डंका देश-विदेश में बजाया। किश्वर देसाई ने अपनी पुस्तक 'द लाइफ एंड टाइम्स आफ देविका रानी' में हिमांशु राय की फिल्म 'कर्मा' के बारे में लिखा है। ये फिल्म 1933 में लंदन में रिलीज हुई थी और इसका निर्माण भारत, ब्रिटेन और जर्मनी के निर्माताओं ने संयुक्त रूप से किया था। इसके लीड रोल में हिमांशु राय और देविका रानी थीं। 68 मिनट की इस फिल्म को देखने के लिए उस वक्त लंदन का पूरा अभिजात्य वर्ग उमड़ पड़ा था। ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट पर इस फिल्म का एक बड़ा पोस्टर लगा था जिसमें सिर्फ देविका रानी की तस्वीर थी। इस फिल्म के बारे में लंदन के समाचारपत्रों में कई प्रशंसात्मक लेख छपे थे। उसके बाद भी कई हिंदी फिल्मों को विदेश में सराहना मिली। इससे परतंत्र भारत के फिल्मकारों और कलाकारों का स्वयं पर भरोसा भी गाढ़ा हुआ।

जब देश स्वाधीन हुआ तो भारतीय फिल्मों, खासतौर पर हिंदी फिल्मों को लेकर पूरी दुनिया में उत्सुकता का माहौल बना। फिल्म इतिहासकारों के मुताबिक इसकी वजह ये थी कि दुनिया के अलग-अलग देशों के लोग भारत के बारे में जानना चाहते थे। 1952 में दिलीप कुमार और निम्मी की फिल्म आई थी 'आन'। इस फिल्म को योजनाबद्ध तरीके से दुनिया के 28 देशों में रिलीज किया गया था। दुनिया की 17 भाषाओं में इस फिल्म के सबटाइटल तैयार किए गए था। लंदन में इस फिल्म के प्रीमियर पर ब्रिटेन के उस समय के प्रधानमंत्री लॉर्ड एटली के उपस्थित रहने का उल्लेख कई जगहों पर मिलता है। अंग्रेजी में इसको 'सैवेज प्रिंसेस' तो फ्रेंच में 'मंगला, फी दिज आंद' (मंगला, भारत की लड़की) के नाम से रिलीज किया गया था। इस फिल्म में निम्मी ने जिस चरित्र को निभाया था, उसका नाम मंगला था। इस फिल्म को कुछ समय बाद जापान में भी रिलीज किया गया और वहां के दर्शकों ने भी इसको खूब पसंद किया। राजकपूर की फिल्म 'आवारा' हिंदी में 1951 में रिलीज हो गई थी। 1954 में मास्को और लेनिनग्राद में भारतीय फिल्म फेस्टिवल में राजकपूर की इस फिल्म का प्रदर्शन हुआ। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और वहां के अखबारों में राजकपूर के अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई। राजकपूर का जादू ऐसा चला कि इस फिल्म को रूस के अन्य सिनेमाघरों में भी प्रदर्शित किया गया। फिल्म इतिहासकारों का मानना है कि रूस और चीन में राजकपूर की फिल्में इस वजह से दर्शकों को पसंद आ रही थीं कि वो समाजवादी विचारधारा के नजदीक थीं। पर राजकपूर खुद कह चुके हैं कि उनकी फिल्में विचार या विचारधारा को ध्यान में रखकर नहीं बनाई जाती हैं। उनकी फिल्मों में दर्शकों की संवेदना का ध्यान रखा जाता है।

भारतीय फिल्मों को कई गीतकारों, संगीतकारों, गायकों और निर्देशकों ने अपनी कला से समृद्ध किया। लता मंगेशकर नाम की एक ऐसी गायिका फिल्मी दुनिया में आईं जिन्होंने अपनी गायकी से पीढ़ियों को प्रभावित किया, पूरी दुनिया में भारतीय फिल्मों को एक पहचान दी। लता मंगेशकर की बात करते समय हमें वीर सावरकर को नहीं भूलना चाहिए। लता मंगेशकर जब तेरह साल की हुईं तो उनके परिवार पर वज्रपात हुआ। उनके पिता गुजर गए। अब परिवार के सामने कई तरह के संकट खड़े हुए। इतनी कम उम्र में लता मंगेशकर के कंधे पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। पिता की मृत्यु के बाद लता मंगेशकर बहुत परेशान रहने लगी थीं। संघर्ष के उस दौर में मंगेशकर परिवार को उनके पारिवारिक मित्र वीर सावरकर का साथ मिला था। यतीन्द्र मिश्र ने अपनी पुस्तक में लता मंगेशकर की जिंदगी को अहम मोड़ देने के वीर सावरकर के योगदान को रेखांकित किया है। अपनी किशोरावस्था में लता मंगेशकर ने समाज सेवा करने की ठान ली थी। अपने इस निर्णय के बारे में लता ने वीर सावरकर से चर्चा की थी। वीर सावरकर ने ही उन्हें समझाया था कि तुम ऐसे पिता की संतान हो जिसका शास्त्रीय संगीत और कला में शिखर पर नाम चमक रहा है। अगर देश की सेवा ही करनी है तो संगीत के मार्फत समाजसेवा करते हुए भी उसको किया जा सकता है। यहीं से लता मंगेशकर का मन बदला जो उन्हें संगीत की कोमल दुनिया में बड़े संघर्ष की तैयारी के लिए ले आया। हम भारतीयों को सावरकर का ऋणी होना चाहिए कि उन्होंने एक बड़ी प्रतिभा को खिलकर सफल होने का जज्बा दिया। कल्पना कीजिए कि अगर सावरकर ने लता मंगेशकर को ये सलाह न दी होती तो क्या होता।

बाद में फिल्मों की राह आसान होती चली गई। फिल्मों में अथाह पूंजी आ गई। हिंदी फिल्मों का केंद्र बांबे और दक्षिण भारतीय फिल्मों का केंद्र मद्रास और हैदराबाद बन गया। केरल में यथार्थवादी फिल्मों का दौर चला। तकनीक भी बेहतर हुई। अब तो अभिनय को छोड़कर तकनीक से कुछ भी संभव होता जा रहा है। नायक-नायिकाओं को कम उम्र का दिखाना हो, किसी की आवाज सुरीली करनी हो, समंदर का दृश्य दिखाना हो सब संभव है। कैमरा और फोटोग्राफी के क्षेत्र में तो क्रांतिकारी बदलाव आ गया है। पहले तो मूविंग शॉट्स के लिए इतनी मशक्कत करनी होती थी कि निर्देशक परेशान हो जाता था। वी. शांताराम तो कई बार बैलगाड़ी के अगले हिस्से में कैमरा बांधकर पैनोरमा शूट करते थे। अब वो काम जिब से आसान से संभव हो गया है। मुगले आजम के शूट को याद करिए कितने मुश्किल शॉट्स बगैर तकनीक के आधार पर शूट किए गए थे। अब तो एडिट टेबल पर कई तरह के चमत्कार किए जा सकते हैं। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे पूर्वज फिल्मकारों ने तमाम दिक्कतों के बावजूद वैश्विक पटल पर भारतीय फिल्मों का परचम लहराया था। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव वर्ष में उन पूर्वज फिल्मकारों की कला के समक्ष सर झुक जाता है।

*** (लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हैं)**

स्वतंत्रता पूर्व भारतीय सिनेमा की आधारशिला स्थापना में सिनेमॅटोग्राफी का योगदान (1896-1947)

*** डॉ. श्रीकांत सिंह**
**** आशीष भवालकर**

शोध सार : भारत में फिल्म उद्योग उस समय उभरा जब स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था । 1914 से 1918 के बीच प्रथम विश्व युद्ध, 1939 से 1945 तक द्वितीय विश्वयुद्ध और 1943 में बंगाल में भीषण अकाल की घटनाएं भी घट रही थीं। आशय यह है कि भारी पूंजी निवेश के साथ तकनीकी संसाधनों पर आश्रित एक कलात्मक माध्यम के रूप में सिनेमा को विकसित होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं थीं। इसके बावजूद भारतीय सिनेमा न केवल फला-फूला अपितु उसने स्वतंत्रता संग्राम एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर भारतीय सिनेजगत के स्वर्ण युग की बुनियाद भी तैयार कर ली। कला, विज्ञान एवं व्यवसाय के सुंदर समन्वय का प्रतीक सिनेमा उत्कृष्ट विषयवस्तु एवं तकनीकी कौशल के दम पर निरंतर निखरता गया । ब्रिटिश शासन के अधीन गुलाम भारत के फिल्मकारों की सोच सदैव स्वतंत्र रही। वह निरंतर भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों के अनुरूप रचनाकर्म करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। परिणामस्वरूप स्वतंत्रता प्राप्त होते ही अगले कुछ वर्षों में भारतीय सिनेमा को वे उपलब्धियां प्राप्त हुईं जिनके कारण इसे भारतीय सिनेमा का स्वर्ण युग कहा जाने लगा। निःसंदेह सिनेमा जगत के निर्माता एवं निर्देशकों का योगदान अतुलनीय और असंदिग्ध है जिसके लिए उन्हें पर्याप्त सम्मान भी प्राप्त हुआ है, किंतु भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की आधारशिला रखने वाले तकनीकी रचनाकारों के योगदान की पर्याप्त चर्चा भी नहीं की गई। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर स्वतंत्रता पूर्व भारतीय सिनेमा की आधारशिला स्थापना (1896-1947) में तकनीकी रचनाकारों के दल के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के योगदान में 'सिनेमॅटोग्राफर' के योगदान का समझाते हुए यह शोध आलेख प्रस्तुत है-

मुख्य शब्द : सिनेमा, स्वतंत्रता पूर्व भारतीय सिनेमा, मूक फिल्म, सिनेमॅटोग्राफी, सिनेमॅटोग्राफर

प्रस्तावना

मनुष्य सदैव आपबीती या आँखों देखी को व्यक्त करने के लिए आतुर रहा है, जिससे मानव जाति में आपसी संवाद के विविध तरीके निरंतर विकसित होते रहे। परस्पर संवाद के लिए बोली और फिर भाषा के उदय काल से ही मानव समाज में कथा सुनने और सुनाने की परंपराएं स्थापित हुईं जो समय के साथ समृद्ध होती रही हैं। स्थिर चित्रों की काल्पनिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं दन्तकथाओं की विषयवस्तु ने सदैव दर्शकों को प्रभावित किया। विज्ञान और तकनीक के योगदान से चित्र का एक अन्य रूप वर्ष 1826 में 'छायाचित्र' सामने आया और इसी का और अधिक विकसित रूप 1892 में 'चलचित्र' के रूप में हमारे सामने आया।

चलचित्र के आविष्कार से उत्साहित होकर रचनात्मक व्यक्तियों ने विविध कलाओं के अवयवों और मुख्य रूप से कथा प्रस्तुतिकरण की एक सशक्त विधा 'नाटक' के तत्वों के सम्मिश्रण से एक नया अवतार प्रस्तुत किया जिसे हम सिनेमा के नाम से जानते हैं जिसने पारंपरिक किस्सागोई के स्वरूप को आमूलचूल बदलकर जनमानस को तीव्र रूप में उद्वेलित किया।

यद्यपि आयातित सिनेमॅटोग्राफिक तकनीक की मदद से भारतीय फिल्मकारों ने भारत में सिनेमा का श्रीगणेश किया किन्तु पहली कथात्मक फिल्म के लिए विशुद्ध रूप से भारतीय ऐतिहासिक एवं पौराणिक परिवेश आधारित कथावस्तु का चुनाव प्रारंभ से ही आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। भारत की पहली कथा फिल्म रामचंद्र गोपाळ 'दादासाहेब' तोरणे द्वारा प्रस्तुत 'पुंडलिक ' थी या धुंडिराज गोविन्द फाळके उपाख्य दादासाहब फाळके द्वारा प्रस्तुत राजा हरिश्चंद्र , इस चर्चित बहस का भी समाधान इस दृष्टि से किया जाता है कि यद्यपि पुंडलिक फिल्म, राजा हरिश्चंद्र से एक वर्ष पहले प्रदर्शित हो गई थी किंतु उसका कैमरामैन विदेशी था। ठीक इसके विपरीत राजा हरिश्चंद्र फिल्म के तकनीशियन भारतीय थे अतः भारत की पहली फिल्म निःसंदेह रूप से राजा हरिश्चंद्र ही मानी जानी चाहिए, यह

* विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल
* * शोधार्थी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

आत्मनिर्भरता के तत्व का महत्व बताता है।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी के आग्रह का जनमानस पर गहरा प्रभाव था, अतः सिनेमा की आधारशिला में भी आत्मनिर्भरता का तत्व स्वाभाविक रूप से जुड़ना ही था। आत्मनिर्भरता की दृष्टि से विशुद्ध भारतीय तकनीकी नवाचारों एवं उपलब्धियों का महत्वपूर्ण योगदान था किन्तु इसकी व्यापक चर्चा अपेक्षाकृत उपेक्षित ही रही।

भारतीय सिनेमा भी शेष विश्व के अधिकांश अन्य सिनेमा की तरह विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संदर्भों और चुनौतियों का जवाब देते हुए समय के साथ विकसित हुआ है। स्वतंत्रता पूर्व भारतीय सिनेमा की विशिष्टता और विशेष अवधारणाओं को समझने के लिए भारतीय फिल्मों को आकार देने वाली व्यक्तिगत प्रेरणाओं एवं तकनीकी उपलब्धियों के योगदान को रेखांकित करने की दृष्टि से भारत में पहली बार चलचित्र प्रदर्शन के वर्ष 1896 से स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्ष 1947 तक का विवरण इस शोध पत्र में प्रस्तुत है। यद्यपि इस कालखंड में स्टूडियो सिस्टम भी भारत में आकार ले चुका था किन्तु इसकी व्यापकता एवं इस शोध पत्र की सीमित शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए अत्यंत संक्षेप में स्थान दिया गया है।

उद्देश्य

1. स्वतंत्रता पूर्व भारत में स्थिर चित्र से चलचित्र की तकनीकी विकास यात्रा के विविध चरणों को जानना।

2. भारतीय सिनेमा जगत में फिल्म निर्माण तकनीक में स्वदेशीकरण की भावना एवं तत्कालीन परिस्थितियों को समझना।

शोध प्रश्न

1. स्वतंत्रता पूर्व भारत में फिल्म निर्माण की तकनीकी आधारभूत संरचना (infrastructure) किस प्रकार विकसित हुई?

2. स्वतंत्रता पूर्व भारत में ऐसे कौन से तकनीकी नवाचार थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की स्थापना की बुनियाद रखी?

3. भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की स्थापना की आधारशिला रखने में भारतीय सिनेमॅटोग्राफरों का क्या योगदान था?

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध पत्र के विषयानुकूल ऐतिहासिक अनुसंधान पद्धति का चुनाव किया गया है। करलिंगर ने "ऐतिहासिक अनुसंधान को अतीत की घटनाओं, विकास क्रमों और विगत अनुभवों के सम्बन्ध में प्रमाणों की वैधता का सावधानीपूर्वक परीक्षण एवं सावधानीपूर्वक व्याख्या" कहा है। (करलिंगर,1972, 673)

यह अध्ययन भारतीय सिनेमा के अतीत की घटनाओं, तकनीकी विकास क्रम तथा विगत अनुभूतियों का अध्ययन है।

वैचारिक और सैद्धांतिक रूपरेखा

प्रोफेसर चार्ल्स ऑल्टमैन द्वारा संशोधित एवं प्रस्तुत की गई सूची के अनुसार सिनेमा का अध्ययन विविध दृष्टिकोणों से किया जा सकता है। इस शोध पत्र में उपरोक्त सूची में प्रथम तीन दृष्टिकोण के अनुसार तथ्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया है :

1. सिनेमा के तकनीकी इतिहास के प्रथम अन्वेषक एवं तकनीकी नवाचारों का अध्ययन।

2. सिनेमाई तकनीकों का ऐतिहासिक रूप से अध्ययन जैसे प्रथम क्लोज-अप का इस्तेमाल, किसी काल खंड में फिल्म निर्माताओं के लिए क्या तकनीकी विकल्प उपलब्ध थे? इत्यादि।

3. व्यक्तित्व का अध्ययन (स्टूडियो दिग्गज या प्रमुख हस्ती, सितारे आदि)।

(ऑल्टमैन, 1977, 3 से 6)

तथ्य संकलन

इस शोध पत्र में प्रस्तुत विभिन्न ऐतिहासिक पहलुओं का विश्लेषण करने के लिए टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय पुस्तकालय की वेबसाइट पर उपलब्ध संदर्भानुसार, सिनेमा अध्ययन में स्वयं फिल्म या अन्य सहायक सामग्री जैसे प्रचार हेतु विज्ञापन, पोस्टर, पैम्फलेट, स्थिर छायाचित्र, पांडुलिपियां, छायाकारों के सर्वेक्षण, समकालीन पत्रिकाओं के लेख, समाचार पत्रों या पत्रिकाओं द्वारा आयोजित निर्देशकों एवं अन्य सहायकों के साथ साक्षात्कार इत्यादि उस युग के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं अतः प्राथमिक स्रोत हो सकती हैं।

द्वितीयक स्त्रोत के रूप में पुस्तकें, समाचार पत्र , पत्रिकाएं एवं वेबसाइट से प्राप्त सामग्री शामिल है। इस प्रकार इस शोध पत्र में तथ्यों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोतों पर आधारित है।

संकलित तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या

1. विश्व में प्रथम बार चलचित्र का प्रदर्शन

जब संसार में पहली बार चलचित्र का प्रदर्शन हो तो उसमें भारत का नाम भी आना ही चाहिए, ऐसा अद्भुत संयोग हमारे भाग्य में था। फ्रांस के ल्यूमियेर ब्रदर्स ने 'सिनेमॅटोग्राफ' का आविष्कार किया और उससे तैयार की गयी दस लघु फिल्मों को 28 दिसंबर 1895 को पेरिस के बुलेवर्ड डेस क्यूकिन्स के पास ग्रांड कैफे के तहखाने के एक बड़े कमरे में प्रदर्शित किया जिसका नाम था 'सालो दे इंडिस' अर्थात भारतीय सभागार। संयोगों का यह क्रम निरन्तर बना रहा।

(जगमोहन, 1995, 16)

2. चलचित्र की ओर प्रारम्भिक भारतीय कदम

महादेव गोपाल पटवर्धन ने अपने एक इंजीनियर दोस्त मदनराव पितळे की मदद से 1885 में पहली बार अंधेरे कक्ष में एक शक्तिशाली प्रकाश स्रोत के समक्ष कांच की स्लाइडों पर चित्रित छवियों को जब एक उत्तल लेंस से होते हुए किसी दीवार या पर्दे पर प्रक्षेपित किया तो मित्रगण मंत्रमुग्ध हो गए। मराठी रामायण में वर्णित एक असुर (राक्षस) जिसका बल 100 असुरों के बराबर था अर्थात 'शम्भरासुर' के नाम और दीपक के एक पर्यायवाची शब्द 'खरोलिका' को मिलाने से इस यंत्र का भारतीय नाम 'शांबरिक खरोलिका' पड़ा। यूरोप और अमेरिका में यह मैजिक लैंटर्न अर्थात जादुई लालटेन के नाम से प्रचलित था। "भारतीय दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए भारतीय पौराणिक व्यक्तित्वों को कांच की पट्टियों पर हाथ से खींची गई रेखाओं में दिखाना शुरू किया गया।" (पेटकर, 2014, 18)

पटवर्धन बंधुओं द्वारा पर्याप्त तैयारियों के बाद 'शांबरिक खरोलिका' का आम जनता के लिए पहला शो 30 सितंबर, 1892 को आयोजित किया गया। शांबरिक खरोलिका में प्रयोग की गई स्लाइड्स के बारे में जानकारी देते हुए पटवर्धन परिवार के वंशज सुनील पटवर्धन बताते हैं कि 'शांबरिक खरोलिका' में प्रयुक्त की गई स्लाइड्स, यूरोप और अमेरिका में प्रचलित मैजिक लैंटर्न में प्रयोग की गई स्लाइड्स से भिन्न प्रकार की थी। विदेशी स्लाइड्स में केवल काँच की एक सतह पर चित्रण किया जाता था, वहीं 'शांबरिक खरोलिका' में एक स्लाइड में ही 2 या 3 पतले कांच की मिनिएचर पेंटिंग युक्त सतह हुआ करती थी। एक ही स्लाइड की इन अलग-अलग सतहों को जब परस्पर सरकाया जाता था तो निर्जीव चित्रों में गति का आभास होता था। यह बहुत कुछ एनिमेशन के प्रभाव जैसा था। अर्थात 'शांबरिक खरोलिका' यूरोप और अमेरिका में प्रचलित मैजिक लैंटर्न की तुलना में अधिक विकसित था।

3. भारत में प्रथम बार चलचित्र का प्रदर्शन

व्यापारिक वर्चस्व की दृष्टि से ल्यूमियेर ब्रदर्स ने अपने तकनीशियन मारियस सेस्टियर के जरिए ऑस्ट्रेलिया के लिए फिल्म पैकेज रवाना किया। हवाई जहाज को बीच बंबई रुकना था। सेस्टियर को बंबई आने पर पता चला कि ऑस्ट्रेलिया जाने वाले हवाई जहाज में खराबी के चलते उन्हें कुछ दिन ठहरना होगा। मॉरिस के दिमाग में आया कि जो काम ऑस्ट्रेलिया जाकर करना है, उसे बंबई में भी किया जा सकता हैं। अतः वह 6 जुलाई 1896 को अगले दिन के लिए एक विज्ञापन छपवाने टाइम्स ऑफ इंडिया के कार्यालय गया। 'दुनिया का अजूबा' नाम से प्रचारित इस विज्ञापन को पढ़कर बंबई के कोने-कोने से दर्शकों का हुजूम वॉटसन होटल के लिए उमड़ पड़ा। एक रुपए की प्रवेश दर से लगभग 200 दर्शकों ने 7 जुलाई 1896 की शाम 20वीं सदी के इस चमत्कार से साक्षात्कार किया। इस तरह संयोगवश 'सिनेमॅटोग्राफ' के आविष्कार का शीघ्र लाभ भारत को प्राप्त हो गया।

4. भारतीय कलाकारों की चलचित्र से प्रथम अनुभूति

सम्पूर्ण विश्व और भारत के लिए सिनेमा एक नई तकनीकी विधा थी। अतः इसे विकसित करने में सर्वप्रथम व्यक्तिगत प्रयास ही प्रारंभ हुए। इसमें संस्थागत या शासन प्रायोजित व्यवस्थाओं की कोई भूमिका नहीं थी। धीरे-धीरे जब इसका व्यापारिक एवं जनसंचार में उपयोग उजागर होने लगा तब बड़े स्तर पर संगठित, व्यापारिक एवं राज्याश्रय आधारित समर्थन प्राप्त होने लगा। किन्तु परतंत्र भारत में विदेशी शासकों के संकुचित दृष्टिकोण और स्वतंत्रता के बाद प्रारंभ के कुछ वर्षों तक अन्य महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के कारण सिनेमा का विकास केवल निजी व्यक्तिगत प्रयासों पर ही आश्रित रहा। अतः उन भारतीय महापुरुषों के व्यक्तिगत प्रयासों को जानना अत्यंत आवश्यक है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में इस नवीन कला और तकनीक को निरंतर नवाचारों के बल पर समृद्ध किया। इन्हें हम श्वेत-श्याम मूक युग की नींव के पत्थर कहकर सम्मानित करते हैं।

4.1 हरीशचन्द्र सखाराम भाटवड़ेकर

वॉटसन होटल में आयोजित लघु फिल्मों के प्रदर्शन में अनुभवी छायाकार हरीशचन्द्र सखाराम भाटवड़ेकर जो सावे दादा के नाम से प्रसिद्ध थे , शामिल थे। वे इस अद्भुत कला माध्यम के बारे में बहुत उत्सुक हो गए। उन्होंने सन् 1898 में इंग्लैंड के रिले भाइयों से 21 गिनी की कीमत का एक कैमरा यानी 'सिनेमॅटोग्राफ़' खरीदा और स्थानीय दृश्यों को फिल्माने लगे। सावे दादा ने नवंबर 1899 में मुंबई के प्रसिद्ध हैंगिंग गार्डन में उस समय के दो मशहूर पहलवानों पुंडलीक दादा और कृष्णा नाहवी के बीच हुए कुश्ती के मुक़ाबले को फिल्माया। उनकी दूसरी फिल्म सर्कस के बंदरों की ट्रेनिंग पर आधारित थी। इन दोनों फिल्मों को उन्होंने डेवलपिंग के लिए लंदन भेजा। सन् 1899 में विदेशी फिल्मों के साथ जोड़कर उनका प्रदर्शन किया। इस प्रकार सावे दादा पहले भारतीय हैं जिन्होंने अपने बुद्धि कौशल से स्वदेशी लघु फिल्मों का निर्माण कर प्रथम निर्माता-निर्देशक तथा प्रदर्शक होने का श्रेय प्राप्त किया।

सावे दादा के करिश्मों का सिलसिला यहां आकर ठहरता नहीं है। दिसंबर 1901 में गणित में विशेष योगदान के लिए प्रशंसित छात्र आर.पी. परांजपे के कैम्ब्रिज से भारत वापसी पर भव्य स्वागत एवं 1902 में दिल्ली दरबार में एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक का जश्न का फिल्मांकन करते हुए एच.एस.भाटवड़ेकर ने भारतीय डॉक्यूमेंट्री शैली फिल्म की आधारशिला रखी।

भाटवड़ेकर को हमेशा भारत के अग्रणी और प्रथम वृत्तचित्र फिल्म निर्माता के रूप में याद किया जाएगा। जगमोहन लिखते हैं, "भारत में तथ्यपरक फिल्मों का जनक होने का श्रेय इन्हीं अग्रदूत हरीशचंद्र सखाराम भाटवड़ेकर को दिया जाना चाहिए। क्योंकि यही तथ्यपरक फिल्में और न्यूजरील वृतचित्रों (डॉक्यूमेंट्री) की

पूर्वज थीं। यह फिल्में कल्पना पर नहीं, तथ्यों पर आधारित थीं।" (जगमोहन, 1995, 16)

4.2 हीरालाल सेन

ठीक इन्हीं दिनों 1897 में प्रोफेसर स्टीवेन्सन ने कोलकाता के स्टार थिएटर में एक ओपेरा फिल्म 'द फ्लावर ऑफ पर्शिया' का प्रदर्शन किया। इस फिल्म से प्रेरित होकर 1898 में फोटोग्राफर हीरालाल सेन ने उस शो के दृश्यों की एक फिल्म बनाई और इसका शीर्षक 'द डान्सिंग सीन ' रखा। (रॉय, 2021)

लेकिन सेन केवल नाटकों पर फिल्में बनाकर संतुष्ट नहीं थे। 1904 में उन्होंने बंगाल के विभाजन के विरोध में एक सार्वजनिक रैली की विशालता को सेलुलॉइड पर उतारने का फैसला किया। कोलकाता के टाउन हॉल में 22 सितंबर 1905 को स्वदेशी के प्रचार के लिए और बंगाल के विभाजन के विरुद्ध एक जोरदार प्रदर्शन हुआ। इसे हीरालाल सेन ने फिल्मांकित करके एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म बनाई। आज इसे व्यापक रूप से भारत का पहला राजनीतिक वृत्तचित्र माना जाता है और यह सेन के करियर का उच्च बिंदु था।

अब तक छोटी-मोटी घटनाओं एवं थिएटर के मंचन का फिल्मांकन तो हो रहा था पर मौलिक कथाचित्र बनाने की कोई कोशिश नहीं की गयी थी।

4.3 रामचंद्र गोपाळ दादासाहब तोरणे

बंबई में जब भी विदेशी फिल्में लगतीं तो एक मध्यमवर्गीय परिवार में 18 अगस्त 1890 को जन्मे रामचंद्र गोपाल तोरणे उन्हें अवश्य देखने जाते थे। उनको हमेशा लगता कि ऐसी कोई फिल्म भारत में क्यों नहीं बनती। यही उनकी प्रेरणा बनी। 21 साल की उम्र में तोरणे ने अपनी खुद की फीचर फिल्म बनाने का विचार किया। उन्होंने अपने एक दोस्त नानासाहब चित्र को पैसे देने के लिए तैयार कर लिया। रामराव कीर्तिकार द्वारा एक हिंदू संत पर रचित मराठी नाटक 'श्री पुंडलीक' के एक जगह कैमरा लगाकर नॉनस्टॉप रिकार्डिंग की योजना बनी। जब चित्रे को पता चला कि मैसर्स बॉर्न एंड शेफर्ड (Bourne & Shepherd) कंपनी के पास एक सिने कैमरा है तो वह व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलने गए और उन्हें विलियमसन कैमरा कच्ची फिल्म और एक फोटोग्राफर प्रदान करने के लिए 1,000 रुपये की राशि प्रदान करने के लिए राजी किया। कंपनी ने ब्रिटिश कैमरामैन जिनका नाम जॉनसन था, उपलब्ध कराया। पहले तो एक जगह कैमरा लगाकर नॉनस्टॉप रिकार्डिंग की गई किन्तु तोरणे इस तरीके से असन्तुष्ट थे, अतः उन्होंने प्रत्येक दृश्य अलग-अलग रिकॉर्ड करते हुए बाद में उसे आपस में जोड़ देने की योजना बनाई और वे सफल भी हुए। (रंगूनवाला,1975,28)

अतः कहा जा सकता है कि यह भारत में फिल्म सम्पादन का प्रथम प्रयास था। 18 मई 1912 को रिलीज़ हुई फिल्म 'श्री पुंडलिक', गिरगांव के कोरोनेशन सिनेमैटोग्राफ थिएटर में दो हफ्ते तक चलती रही।

4.4 धुंडिराज गोविन्द फालके

धुंडिराज गोविन्द फाल्के उपाख्य दादा साहब फाल्के ने 1910 में मुंबई में 1902 में निर्मित फ्रेंच निर्देशक फर्डिनेंड ज़ेका (Ferdinand Zecca) की मूक फिल्म 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट' देखने के बाद कई अन्य व्यवसायों जैसे फोटोग्राफी, प्रिंटिंग, मेकअप और जादू के अनुभव को इस नई कलात्मक विधा में आजमाने का संकल्प ले लिया। फालके खुद स्वदेशी आन्दोलन के हिस्सा थे और तिलक के जीवन से प्रभावित थे। जब उन्होंने लाइफ ऑफ़ क्राइस्ट देखी तो उन्हें लगा कि हम अपने भारतीय बिम्ब कब परदे पर देखेंगे। ये विदेशी कल्पनाएँ हमारी चेतना को धीरे-धीरे नष्ट कर देंगी।

परेश मोकाशी अपनी फिल्म में दिखाते हैं कि फाल्के 1912 में उपकरण खरीदने के लिए लंदन गए। साथ ही फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका से फिल्म निर्माण और प्रदर्शन के लिए आवश्यक उपकरण तत्कालीन ह्यूटन बुचर, ज़ीस टेसर और पाथे सहित निर्माताओं से आयात किये। इसमें कैमरा, नेगेटिव और पाज़िटिव फिल्म स्टॉक, संपादन मशीन और फिल्म प्रोजेक्टर शामिल थे। कैबाउर्न ने विलियमसन कैमरा, एक फिल्म परफोरेटर, प्रोसेसिंग और प्रिंटिंग मशीन जैसे यंत्रों तथा कच्चा माल का चुनाव करने में मदद की। (मोकाशी, 2009)

फाल्के ने नासिक के अपने बचपन के दोस्त त्र्यंबक बी. तेलंग को स्टिल फोटोग्राफी और विलियमसन कैमरे के संचालन में प्रशिक्षित किया और उन्हें फिल्म का छायाकार बनाया।

फाल्के ने मुंबई के दादर में एक स्टूडियो स्थापित किया, जहां उन्होंने राजा हरिश्चंद्र के एक हिस्से की शूटिंग की। फिल्म के आउटडोर सीन पुणे के पास एक गांव में शूट किए गए। फिल्म को पूरा करने में फाल्के को सात महीने और 21 दिन लगे। इस दौरान उनकी पत्नी ने कलाकारों और क्रू की सभी जरूरतों को पूरा किया। राजा हरिश्चंद्र का वास्तव में प्रीमियर 21 अप्रैल 1913 को ओलंपिया थिएटर, ग्रांट रोड में प्रेस और आमंत्रित दर्शकों के लिए हुआ था, जिसके बाद 3 मई को सार्वजनिक प्रीमियर हुआ।

दादा साहब फाल्के ने अपनी फिल्मों में एक नए प्रगतिशील भारत के निर्माण का संदेश दिया। भले ही उनकी अधिकांश फिल्में जैसे 'राजा हरिश्चंद्र', 'लंका दहन' और 'सत्यवान सावित्री' हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित थीं, फाल्के ने सूक्ष्मता से राष्ट्रवादी सिनेमा का सशक्त आधार तैयार किया।

ट्रिक सिनेमॅटोग्राफी और स्पेशल इफेक्ट के प्रवर्तक

दादासाहेब फाल्के की 1917 में रामायण के सुंदर कांड पर आधारित फ़िल्म 'लंका दहन' में मुख्य कलाकार अन्ना सालुंके ने राम और सीता दोनों के किरदार निभाए अर्थात डबल रोल का सफल प्रयोग किया गया। ब्रिगिट शुल्ज़ लिखते हैं, "फाल्के की तीसरी फिल्म 'श्री कृष्ण जन्म' (1918) में जब कंस का सिर धड़ से अलग होकर उड़ते हुए गायब हो जाता है तो दर्शक सहमते हुए विस्मय में पड़ जाते हैं।"

चलचित्र में यह मायावी उपलब्धि उन दिनों में हासिल की गई थी जब क्रोमा-की (हरे रंग की मैट) और कंप्यूटर ग्राफिक्स का जन्म ही नहीं हुआ था। (शुल्ज़,1995,184)

मूक युग से ही फिल्मों में ट्रिक फोटोग्राफी की शुरुआत हुई। उस दौर में ज्यादातर पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्में बन रही थीं जिनके दृश्यों की मांग के अनुसार ट्रिक सिनेमॅटोग्राफी को पनपने के लिए सकारात्मक वातावरण प्राप्त हुआ। सवाक युग तक आते-आते कैमरे भी उन्नत हो गए थे। सहयोगी उपकरणों , लेंस और फिल्टर में नवीनता और वजन में हल्के होने के कारण ट्रिक सिनेमॅटोग्राफी ने गति पकड़ी और अपना महत्व स्थापित किया। त्र्यंबक बी तेलंग, बाबूराव पेंटर, बाबूभाई मिस्त्री और विदेशी फिल्म संस्थानों से प्रशिक्षित प्रमथेश चंद्र बरुआ, सुचेत सिंह और दिलीप गुप्ता जैसे अनेक सिनेमॅटोग्राफरों ने अपने दृढ़ संकल्प और रचनात्मकता के माध्यम से जो असंभव लग रहा था, उसे पर्दे पर जीवंत कर दिया और कई सेलुलॉइड चमत्कार संभव किए।

4.5 बाबूराव कृष्ण राव मिस्त्री (बाबूराव पेंटर)

सौंदर्य दृष्टि और तकनीकी कौशल के उत्कृष्ट समन्वय के प्रतिनिधि बाबूराव कृष्ण राव मिस्त्री ने एक उत्कृष्ट चित्रकार और मूर्तिकार के रूप में अपने गुणों और अनुभवों के निचोड़ से भारतीय सिनेमा में कला और तकनीक का स्वदेशी आधार तैयार किया, जिसके कारण उन्हें 'भारतीय फिल्म कला के पिता' के नाम से जाना जाता है। उन्हें 'बाबूराव पेंटर' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि वे कई थिएटर कंपनियों के प्रसिद्ध प्राकृतिक चित्रकार थे। सूर्यकांत मांढरे लिखते हैं "बाबूराव पेंटर और उनके भाई आनंदराव ने भारतीय सिनेमा में फिल्म निर्माण प्रौद्योगिकी में कई तकनीकी नवाचार किए। उनके द्वारा मात्र बीस साल की आयु में 'पहला भारतीय फिल्म कैमरा' बनाया था।" (मांढरे, 1993, 185)

आनंदराव, जो पहले से ही जानते थे कि एक स्थिर कैमरा कैसे काम करता है, ने मुंबई में खरीदे गए एक सेकेंड-हैंड प्रोजेक्टर को यह जानने के लिए एक-एक पुर्जे में अलग कर दिया कि चलती छवियों को स्क्रीन पर कैसे पेश किया जाता है, ताकि वे प्रक्रिया को रिवर्स-इंजीनियर कर सकें और चलती छवियों को फिल्म पर कैप्चर करने का प्रयास कर सकें। 1914 में एक बढ़ई मित्र ज्ञानबा सुतार की मदद से बाबूराव और आनंदराव ने अपने कैमरे पर काम करना शुरु किया। 1916 में आनंदराव की मृत्यु हो गई, किन्तु इस आघात को सहकर भी बाबूराव ने अपना काम जारी रखा और बड़े समर्पण के साथ वे अंततः 1918 में पहला स्वदेशी फिल्म कैमरा बनाने में सफल हुए। वीरेंद्र वळसंगकर अपनी डॉक्यूड्रामा फिल्म में दिखाते हैं कि कैमरे के पुर्जों के लिए गणितीय गणनाओं में विष्णु गोविंद दामिले ने सहयोग किया। (वळसंगकर, 2011)

दादा मिस्त्री की मदद से एक लेथ मशीन पर कई प्रयोग करके स्वदेशी रूप से बना कैमरा बनाने में बाबूराव को दो साल लग गए। उन्होंने इस देसी कैमरे से कई सीन कैद किए।

4.6 प्रमथेश चंद्र बरुआ

प्रमथेश चंद्र बरुआ (24 अक्टूबर,1903 - 29 नवम्बर,1951) की पहचान एक ऑलराउंडर अर्थात अभिनेता, फिल्म निर्माता, निर्देशक, संगीतकार, पटकथा-लेखक के रूप में अक्सर की जाती है, किन्तु एक दक्ष सिनेमॅटोग्राफर के रूप में उनकी पहचान से कुछ लोग ही परिचित हैं। पी सी बरुआ ने ऐसे समय में फिल्मों में प्रवेश किया जब भारतीय सिनेमा और इसके फिल्म निर्माता इसकी मौलिक पहचान को आकार दे रहे थे। सिनेमा में नई तकनीकों को सीखने के लिए उत्सुक बरुआ ने यूरोप की यात्रा की और लंदन में एलस्ट्री स्टूडियो (Elstree Studios) में फिल्म निर्माण की प्रक्रिया देखी। पेरिस में उन्हें सिनेमॅटोग्राफ़ी सीखने का अवसर मिला। उन्होंने फॉक्स स्टूडियो में फिल्मों के लिए प्रकाश व्यवस्था के बारे में सीखा। उन्होंने अपनी वापसी से पहले प्रकाश व्यवस्था के उपकरण खरीदे और भारत में एक स्टूडियो बनाया। इस गहन अनुभव का उपयोग उन्होंने श्वेत श्याम मूक फिल्म अपराधी (1931) में किया जिसे अपराधी अबला और द कलप्रिट के नाम से भी रिलीज़ किया गया। स्वयं अभिनेता के रूप में काम करते हुए देबकी बोस को निर्देशन और कृष्ण गोपाल को सिनेमॅटोग्राफ़ी की जिम्मेदारी सौंपी गई। फिल्म के दृश्यांकन के लिए स्टूडियो के अंदर कृत्रिम अन्तःप्रकाश व्यवस्था (इंडोर लाइटिंग) का पहली बार उपयोग किया गया। अपराधी (1931) के फिल्मांकन के लिए बालीगंज सर्कुलर रोड स्थित गौरीपुर हाउस में बिजली मीटर की बिजली क्षमता बढ़ानी पड़ी। 400 एम्पीयर की क्षमता वाले दो और मीटर लगाये गए थे। पहली बार फिल्म को 10000 वाट के साथ शूट किया गया था और जब नैगेटिव विकसित किए गए तो कोई छवि नहीं देखी जा सकती थी। प्रमथेश ने फिर से प्रयोग करना शुरू किया, इस बार 20000 वॉट के साथ, किन्तु परिणाम ज्यादा नहीं बदले। अब अधिक वॉट क्षमता जोड़ी गई, जो आश्चर्यजनक रूप से कुल 40,000 वॉट थी। इस बार प्रयोग सफल रहा। इस प्रयोग के कारण 50000 फीट की 'पिक्चर नेगेटिव' की बर्बादी हुई। मेकअप के साथ प्रयोग ने भी 1,000 फीट अतिरिक्त नेगेटिव खर्च किया। (चटर्जी,2008,46)

अंततः छह महीने की शूटिंग के बाद फिल्म पूर्ण हुई। इसे 28 नवंबर 1931 को चित्रा टॉकीज में जारी किया गया था। पी सी बरुआ के इस जोख़िम उठाने से इस फिल्म के साथ बंगाल में फिल्म निर्माण के तकनीकी परिदृश्य में आमूल-चूल परिवर्तन आया। निर्देशकों को अब शूटिंग के लिए प्राकृतिक प्रकाश की अवधि पर निर्भर नहीं रहना पड़ता था। स्टूडियो के अंदरूनी हिस्सों में शूटिंग करना एक आम बात हो गई।

4.7 अब्दुल समद बाबूभाई मिस्त्री

अब्दुल समद बाबूभाई मिस्त्री के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाबूभाई मिस्त्री को भारत में ट्रिक फोटोग्राफी के जनक और विशेष प्रभाव

निर्देशक के रूप में जाना जाता है। वे गुजरात के शहर सूरत से मुंबई पहुचते हैं और पुराने अनुभव के कारण फिल्मों के सेट बनाने और पोस्टर तैयार करने का काम प्राप्त कर लेते हैं। सिनेमा की तकनीक, विशेष रूप से कैमरा उन्हें अधिक आकर्षित करता था। देखते-देखते ही वे कैमरे के अधिकांश तकनीकी पहलुओं के जानकार बन गए। 1933 की 'हातिम ताई' के लिए एक सहायक कला निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू करने के बाद उन्होंने 1937 में रिलीज़ हुई फिल्म 'ख्वाब की दुनिया' के लिए स्क्रीन पर विशेष प्रभाव पैदा करने के लिए नवीन तकनीक का उपयोग किया। उन्होंने मंद रोशनी और काले पर्दे की पृष्ठभूमि पर काले धागे की सहायता से निर्जीव वस्तुओं में भी गतिशीलता का भ्रम उत्पन्न कर दिया। इस तरह बाबूभाई मिस्त्री की तकनीकी कौशलयुक्त रचनात्मकता से वर्ष 1937 में स्पेशल इफेक्ट वाली पहली भारतीय फिल्म बनी।

5. बोलती फिल्मों की शुरुआत

पहली स्वदेशी संवाद युक्त फिल्म 'आलम आरा' 14 मार्च 1931 को बॉम्बे की इंपीरियल फिल्म कंपनी ने रिलीज़ की तो फिल्मी दुनिया में बड़ी हलचल होना स्वाभाविक ही था। ध्वनि के आगमन के कारण भारतीय प्रोडक्शन में अचानक तेजी आई और कई नए निर्माताओं के उदय के लिए एक स्वर्णिम अवसर पैदा किया।

मूक फिल्मों की तुलना में सवाक फिल्मों का उत्पादन पूर्णतया नवीन कार्य था जिसने फिल्म उत्पादन और प्रदर्शन की मौजूदा प्रणालियों में आधारभूत तकनीकी बदलाव की मांग की थी। इन वर्षों में शिक्षित युवा पेशेवरों का एक नया वर्ग उभरा जिसने विशेषज्ञता की मांग स्थापित करते हुए संवाद लेखन, संगीत संयोजन, ध्वनि मुद्रण और कृत्रिम प्रकाश में फिल्मांकन आदि जटिलतापूर्ण विशिष्ट कार्यों के सफल क्रियान्वयन से स्वदेशी भारतीय फिल्म उद्योग को समग्र रूप से उन्नत किया।

5.1 भारतीय टॉकीज का स्वप्न साकार करने वाली जोड़ीः आर्देशिर ईरानी और आदि एम. ईरानी

चित्र के साथ ध्वनि के जुड़ने की शुरुआत ने फिल्मों के उत्पादन और प्रदर्शन के तौर-तरीकों को बदल दिया। इसने नए उपकरणों के तकनीकी विकास की गति को तीव्र कर दिया। ध्वनि इंजीनियरिंग के साथ-साथ कैमरे के डिजाइन में भी परिवर्तन हुए। कैमरे की मैगज़ीन में सैकड़ों फ़ीट फिल्म रोल और इन्टरमिटेंट सिस्टम को गतिमान रखने के लिए मोटर के शोर को ब्लिंप या कवर का उपयोग करके नियंत्रित किया जाता था। शुरुआती कई वर्षों तक भारत में साइलेंट कैमरे दुर्लभ थे।

फिल्म 'आलम आरा' को आर्देशिर ईरानी के करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ भी माना जाता है और उन्हें 'भारतीय टॉकीज के पिता' के रूप में प्रतिष्ठा मिली। ईरानी द्वारा बेल एंड हॉवेल से खरीदे गए उपकरणों का उपयोग करके मुंबई के ज्योति स्टूडियो में लगभग चार महीने तक फिल्मांकन कार्य किया। शूटिंग शुरू होने से पहले उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ विल्फोर्ड डेमिंग से ध्वनि रिकॉर्डिंग की मूल बातें सीखीं। इंपीरियल स्टूडियो का संचालन कर रहे ईरानी ने टैनोर सिंगल सिस्टम कैमरा विदेश से आयात किया जो एक एकल-प्रणाली रिकॉर्डिंग है और सिके द्वारा शूटिंग के साथ एक ही समय में ध्वनि रिकॉर्ड की जाती है। (गर्ग, 1980)

इसी कालखंड में दक्षिण भारत में पहली तमिल बोलती फिल्म कालिदास को 31 अक्टूबर 1931 को रिलीज़ किया गया था। ज्ञानेश उपाध्याय अपने निबंध में लिखते हैं – कई फिल्में तो 1934 तक मूक ही बनती रहीं। जैसे एक शिशु धीरे-धीरे बोलना शुरू करता है और धीरे-धीरे ही उसकी आवाज साफ होती जाती है, ठीक उसी प्रकार से 1930 का दशक भारतीय फिल्मों की आवाज साफ होने का दौर है। (उपाध्याय, 2013, 12)

5.2 विष्णु गोविंद दामले

प्रतिष्ठित प्रभात फिल्म कंपनी के संस्थापक सदस्यों में से एक, प्रारंभिक भारतीय सिनेमा के अग्रणी सेट डिजाइनर, उत्कृष्ट छायाकार, निर्देशन जैसी अनेक कलाओं में पारंगत विष्णुपंत गोविंद दामले एक दूरदर्शी साउंड इंजीनियर भी हैं, इसका परिचय तब मिला जब 6 फरवरी, 1932 को मराठी फिल्म 'अयोध्येचा राजा' रिलीज हुई। तब सिनेमा का तंत्रज्ञानी समुदाय आश्चर्यचकित रह गया। यह फिल्म न केवल ध्वनि और गीत की दृष्टि से उत्कृष्ट थी , बल्कि संवाद रिकॉर्डिंग गुणवत्ता में भी सर्वोत्तम थी। (वळसंगकर, 2011)

फिल्म को हिंदी में 'अयोध्या का राजा' (1932) के दोहरे संस्करण के रूप में भी बनाया गया था, जिससे यह भारतीय सिनेमा का पहला डबल टॉकी वर्जन बन गया।

5.3 मुकुल बोस

हिन्दी और बांग्ला फिल्मों में भारतीय परिवेश के सजीव चित्रण के लिए प्रसिद्ध फिल्मकारों में से एक नितिन बोस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। नितिन बोस ने बांग्ला फिल्म 'भाग्य चक्र' (1935) का हिन्दी संस्करण 'धूप छांव' नाम से बनाया। नितिन बोस के छोटे भाई मुकुल बोस ने, जो न्यू थियेटर्स में साउंड रिकॉर्डिस्ट थे, सलाह दी कि क्यों न पहले ही गीत रिकॉर्ड कर लिया जाये और फिल्मांकन के समय इस गीत के अनुरूप अभिनेता अपने होंठ चलाते जायें। इस पद्धति से कैमरे तथा अभिनेताओं की गतिशीलता में बाधा नहीं पड़ेगी। (चड्ढा, 2021,101) इस तरह निर्देशक नितिन बोस ने साउंड रिकॉर्डिस्ट मुकुल बोस की सहायता से सुप्रभा सरकार, पारुल घोष एवं हरिमती के स्वरों में एक गीत रिकॉर्ड करके पार्श्वगायन का पहला नवाचार किया था।

6. रंगीन फिल्मों का पदार्पण :

सेल्युलाइड फिल्म की छवियों को रंगमय करने के प्रयास निरन्तर चल रहे थे। संसार में पहली रंगीन फीचर फिल्म 1910 में बनाई गई थी। इन प्रारम्भिक वर्षों में ही पुनः भारत को 1912 में ही रंगीन फिल्मांकन का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। चार्ल्स

अर्बन कलर तकनीक के प्रारम्भिक उपयोगकर्ताओं में से एक थे। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 1911 के दिल्ली दरबार का 'किनेमाकलर' तकनीक से फिल्मांकन था जिसे देश का पहला रंगीन वृत्तचित्र 'विद् अवर किंग थ्रू इंडिया' एवं 'द दरबार एट दिल्ली, 1912' के नाम से भी जाना जाता है। भारत के सम्राट के रूप में राजा जॉर्ज पंचम को मान्यता देने के लिए दिल्ली में एक शानदार समारोह आयोजित किया गया था। कुल पांच फिल्म कंपनियों ने समारोह को फिल्माया। इनमें से रंगीन शूटिंग करने वाली अर्बन की ही टीम थी। हर्बर्ट लिखते हैं, चार्ल्स अर्बन अपने साथ चार या पांच कैमरामैन को किनेमाकलर प्रक्रिया से भारत की संपूर्ण शाही यात्रा को फिल्माने के लिए साथ लाये थे। (हर्बर्ट,1996,135)

6.1 कलर फिल्म को बनाने के भारतीय प्रयास

1941 से पहले भारत में कोई भी रंगीन स्टॉक उपलब्ध नहीं था, केवल मोनोक्रोम फिल्म स्टॉक और फुटेज के साथ रंग प्रक्रियाएं जैसे किनेमाकलर (1908–1914), टेक्नीकलर प्रक्रिया (1917–1954), और सिनेकलर ही विकल्प थे। शांताराम वणकुद्रे द्वारा निर्मित और सहयोगी वी.अवधूत के साथ केशवराव ढैबर की सिनेमॅटोग्राफी से अग्फ़ा (Agfa B&W 35-mm) नेगेटिव पर शूट मराठी में पुनः निर्मित 'सैरंध्री' (1933), भारत की पहली रंगीन फिल्म होती किन्तु जर्मनी में इसकी प्रोसेसिंग सफल नहीं रही। रिलीज प्रिंट बाई-पैक कलर प्रिंटिंग द्वारा बनाए गए थे। (जसराज,2015,85)

एक बार पुनः इम्पीरियल पिक्चर्स के बैनर तले अर्देशिर ईरानी द्वारा बाजी जीत ली गई और किसान कन्या (1937) को भारत की पहली स्वदेशी रूप से निर्मित रंगीन फिल्म का श्रेय प्राप्त हुआ। मोती गिडवानी द्वारा निर्देशित और रुस्तम एम. ईरानी की सिनेमॅटोग्राफी से इसे 'सिनेकलर प्रक्रिया' से बनाया गया था। 'किसान कन्या' को बॉक्स ऑफिस पर मिली औसत सफलता के बावजूद इसने टेक्नोलॉजी में इतिहास रचकर भारत को गौरवान्वित किया। साथ ही इस फिल्म के जरिए सिने इंडस्ट्री में नवीनीकरण (Innovation) के रास्ते खुले। फ्रेम को रंगने और दिखाने की प्रक्रिया सरल नहीं थी। यह भी क्रमिक विकास के द्वारा परिपक्वव हुई। फिल्म उद्योग में रंग प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक और वास्तविक विकास 1950 के दशक से प्रारंभ हुआ जब भारत में टेक्नीकलर की शुरुआत हुई। फिल्मों के पोस्टर पर प्रमुखता से 'कलर बाय टेक्नीकलर' छापा जाने लगा। स्वतंत्रता पूर्व की भारतीय रंगीन फिल्में गुणवत्ता के मामले में न्याय नहीं कर सकी थीं, किन्तु इन्होंने भविष्य की रूपरेखा सामने रख दी थी। यह निर्विवाद सत्य है कि इस कालखंड के सिनेमॅटोग्राफर एवं तकनीशियनों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही रंगीन सिनेमा के लिए भूमि तैयार हुई। इसी दौर में विवेकशील व्यवसयी अंबालाल झावेरभाई पटेल उभरकर सामने आए। 1946 में, पटेल ने ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म फुटेज के लिए मुंबई में फिल्म सेंटर की स्थापना की। एक अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति दिलीप गुप्ता जो फिल्म 'मधुमति' की सिनेमॅटोग्राफ़ी के लिए चर्चित हैं, ने 1948 में पहली 'कोडाक्रोम' रंगीन फिल्म 'अजीत' की फ़ोटोग्राफ़ी की।

भारत की स्वतंत्रता से कई वर्षों पूर्व से ही तकनीशियनों के अथक परिश्रम एवं सिनेमॅटोग्राफरों के बहुमूल्य अनुभव के समर्पण के कारण ही स्वतंत्र भारत में रंगीन सिनेमा की आधारभूत संरचना खड़ी हो सकी।

7. स्वतंत्रता पूर्व भारत में फिल्म निर्माण के केंद्र : स्टूडियो

स्वतंत्रता पूर्व भारत में फिल्म निर्माण कार्य बॉम्बे, कोल्हापुर, पुणे, कलकत्ता, लाहौर और मद्रास जैसे शहरों में स्थित स्टूडियो द्वारा संचालित किया जाता था। स्टूडियो ऐसे स्थान थे जिन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग को आकार दिया गया। इन स्टूडियो ने न केवल कई रचनात्मक व्यक्तियों को किसी एक सामूहिक रचनाकर्म के लिए एक छत के नीचे लाकर महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फिल्मों का निर्माण संभव किया, बल्कि फिल्म उद्योग के लिए नवीनतम तकनीक, साधन और संसाधनों की भी पूर्ति की। इस तथ्य पर प्रकाश डालने की दृष्टि से शोध पत्र की सीमित शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए केवल प्रभात फिल्म कंपनी में तकनीकी नवाचारों को अत्यंत संक्षेप में स्थान दिया गया है।

बाबूराव पेंटर के शिष्यों शांताराम राजाराम वणकुद्रे , केशवराव ढैबर, विष्णु गोविंद दामले, शेख फत्तेलाल और सीताराम बाबू कुलकर्णी ने प्रभात स्टूडियो की स्थापना 1929 में कोल्हापुर में की और 1933 में वी. शांताराम ने इसे पुणे स्थानांतरित कर दिया। शांताराम के ये चारों साथी तकनीकी क्षेत्र के उत्कृष्ट तकनीक विशेषज्ञ थे। उन्होंने हिंदी फिल्मों में पहली बार मूविंग शॉट्स का इस्तेमाल किया था। उनकी पहली मूक फिल्म 'गोपाल कृष्ण' (1929) में बैलगाड़ियों की दौड़ को पहली बार दिखाया गया था। वर्ष 1933 में उन्होंने अपने गुरु बाबू राव पेंटर द्वारा बनाई गई ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म 'सैरंध्री' का रीमेक पहली रंगीन हिंदी फिल्म के रूप में बनाने का प्रयास किया था जो तकनीकी कारणों से सफल नहीं हो सका। 'सैरंध्री' के काम के दौरान शांताराम जब जर्मनी के उफ़ा स्टुडिओ में थे, उन्हीं दिनों उन्होंने जर्मन एक्सप्रेशनिस्ट फिल्मकारों की कलाकृतियों का अध्ययन किया, जिससे प्रभावित होकर 'अमृत मंथन' (1933) में उन्होंने छाया-प्रकाश के नए प्रयोग किए। 'अमृत मंथन' में पहली बार आंख का बिग क्लोजअप फिल्माने के लिए टेलीफोटो लेन्स का इस्तेमाल किया। चंद्रसेना (1935) फिल्म में ही उन्होंने पहली बार ट्राली का इस्तेमाल किया था। साथ ही वर्ष 1935 में प्रदर्शित हुई फ़िल्म 'जंबू काका' (1935) में एनिमेशन का इस्तेमाल भी उन्होंने ही किया था।

फिल्म इतिहासकार आशीष राजाध्यक्ष और विलेमेन निर्देशक

वी. शांताराम को 30 के दशक के सबसे प्रसिद्ध भारतीय निर्देशकों में से एक के रूप में वर्णित करते हैं। देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान 'पद्मविभूषण' से सम्मानित शांताराम राजाराम वणकुद्रे को अंतरराष्ट्रीय स्तर के महान निर्देशक के रूप में जो ख्याति मिली, वह इसलिए कि वे एक सिनेमा के महान शिल्पकार और प्रौद्योगिकीविद् भी थे।

प्रभात स्टूडियो के दामले एवं फत्तेलाल भी भारत के फिल्म इतिहास में उल्लेखनीय बौद्धिक एवं तकनीकी योगदान देने वाले व्यक्ति थे। दोनों की जोड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'संत तुकाराम' (1936) के लिए जानी जाती है। संत तुकाराम न केवल एक बड़ी हिट फिल्म थी बल्कि इसने 1937 में 5 वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में एक पुरस्कार भी जीता था और अभी भी यह फिल्म आस्वादन पाठ्यक्रमों का एक हिस्सा है। अभिनय में यथार्थवाद के स्पर्श के साथ उनकी फिल्में सामाजिक रूप से प्रासंगिक थीं। ये वे पहलू थे जो उस समय दुर्लभ थे। द इंडियन एक्सप्रेस में अपने लेख में घोष लिखते हैं, अमेरिकी फिल्म निर्देशक फ्रैंक कैपरा ने दामले-फत्तेलाल द्वारा निर्देशित संत ज्ञानेश्वर (1940) को अब तक देखी गई फिल्मों में 'तकनीकी रूप से परिपूर्ण भारतीय फिल्म' के रूप में वर्णित किया। (घोष, 2014)

निष्कर्ष

भारत में पहली बार चलचित्र प्रदर्शन के वर्ष 1896 से स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्ष 1947 तक की फिल्मों के अध्ययन से हम पाते हैं कि भारतीय फिल्मकारों ने ब्रिटिश शासन पर निर्भरता के बजाए आत्मनिर्भरता का रास्ता चुना जिसका प्रत्यक्ष लाभ यह हुआ कि वे ब्रिटिश शासन की सेंसरशिप को चुनौती प्रस्तुत करते हुए हिन्दू पौराणिक कथाओं के फिल्मांकन द्वारा दर्शकों को जाग्रत और प्रेरित करते हुए उनमें राष्ट्रीय चेतना के साथ स्वतंत्रता की भावना पर आधारित फिल्में बनाने में सफल हो सके।

इसका एक दूसरा अप्रत्यक्ष लाभ यह हुआ कि हिंदू पौराणिक एवं ऐतिहासिक कथाओं के कुछ विशेष प्रसंगों अथवा कुछ विशेष चरित्रों की मांग के अनुसार विविध तकनीकी सिनेमॅटिक उपाय खोजने के लिए भारतीय फिल्मकारों के समक्ष सदैव चुनौती रही। विशेष वरदानों से युक्त देवता अथवा मायावी राक्षसों की संकल्पना को पर्दे पर जीवंत करने के लिए विशेष प्रभाव उत्पन्न करने के साधन, दक्ष कैमरा प्रचालन, प्रकाश व्यवस्था एवं सम्पादन में निरंतर नवाचार होते रहे। स्वतंत्रता पूर्व भारत में फिल्म निर्माण की तकनीकी आधारभूत संरचना (infrastructure) प्रारंभ में व्यक्तिगत प्रयासों से विकसित हुई, जिसने अगले कुछ दशकों के बाद एक व्यवस्थित स्टूडियो सिस्टम का रूप लेना प्रारंभ कर दिया। स्वतंत्रता पूर्व भारत में स्वदेशीकरण की भावना से ऐसे बहुत से स्वदेशी तकनीकी नवाचार हुए जिन्होंने भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की स्थापना की बुनियाद रखी। इन सभी तकनीकी नवाचारों के केंद्र में भारतीय सिनेमैटोग्राफरों का महत्वपूर्ण योगदान था। कई निर्देशकों की इच्छाशक्ति, सिनेमॅटोग्राफर के जोखिम उठाने का साहस और असंख्य तकनीशियनों के श्रम से भारतीय सिनेमा निरंतर समृद्ध होता रहा।

संदर्भ

- ऑल्टमैन, सी.एफ. (1977). टूवर्ड्स अ हिस्टोरियोग्राफी ऑफ अमेरिकन फिल्म .सिनेमा जर्नल, 16, 1.
- उपाध्याय, ज. (2013, अक्टूबर-दिसंबर). बदलता देश , दशक और फिल्मी नायक (अ. मिश्र & महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, Eds.). बहुवचन, 39, 10-24.
- कर्लिंगर, एफ.एन. (1972). फाउंडेशन ऑफ़ बीहैव्यरल रिसर्च : एजुकेशन एण्ड सायक्लोजिकाल इंक्वायरी. लंदनः होल्ट, राइनहार्ट एण्ड विंस्टन.
- गर्ग, भ. द. (1980). मेकिंग ऑफ आलम आरा : एन इंटरव्यू विथ अर्देशिर ईरानी. The Garga Archives. Retrieved February 8, 2022, from https://garga-archives.com/writings/the-making-of-alamara-interview-with-ardeshir-irani/
- घोष, स. (2014, फरवरी 6). द अनसंग हीरो. द इंडियन एक्सप्रेस. https://indianexpress.com/article/cities/mumbai/the-unsung-hero/
- चटर्जी, ए शोमा. (2008). पीसी बरुआः लीजेंड्स ऑफ इंडियन सिनेमा. एससीबी डिस्ट्रीब्यूटर.
- चड्ढा, म. (2021). हिन्दी सिनेमा का इतिहास (प्रथम ed.). मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल.

- जगमोहन. (1995, अगस्त). भारतीय सिनेमा के अग्रदूत (द. भारद्वाज, Ed.). योजना, सिनेमा और समाज, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली, 8, 15–20.
- जसराज, म. प. (2015). वी शांताराम – द मैन हू चेंज्ड इंडियन सिनेमा. पेंगुइन इंडिया.
- पेटकर, श. (2014). शांबरिक खरोलिका. ग्रंथाली प्रकाशन माटुंगा (पश्चिम), मुंबई.
- मांढरे, स. (1993). कोल्हापुरी साज. पुरंदरे प्रकाशन, पुणे.
- रंगूनवाला, फ़. (1975). 75 ईयर्स ऑफ़ इंडियन सिनेमा. इंडियन बुक कंपनी.
- शुल्ज़, ब. (1995). डी.जी.फाल्केज़ राजा हरिश्चंद्र इन ब्रिटिश इंडिया ऑफ़ 1913. पायोनियरिंग अ नेशनल सिनेमा अंडर कॉलोनियल रूल. In ऑस्कर मेस्टर, एरफिंडर एण्ड गेस्चफ्त्समान (pp. 173—189). फ्रैंकफर्ट एम मेन. http://dx.doi.org/10.25969/mediarep/16074
- हर्बर्ट, एस., मैककर्नन, एल., एवं ब्रिटिश फिल्म इंस्टिट्यूट.(1996). हूज़् हू ऑफ विक्टोरियन सिनेमाः अ वर्ल्डवाइड सर्वे.लंदनः बीएफआई.
- मोकाशी, प. (निर्देशक). (2009). हरिश्चंद्राची फैक्ट्री [Film; मराठी]. यूटीवी मोशन पिक्चर्स.
- रॉय, अ. (निर्देशक). (2021). हीरालाल [Film; बंगाली]. ईजल मूवीज.
- वळसंगकर, व. (निर्देशक). (2011). विष्णुपंत दामले – बोलपटांचा मूकनायक [Film; मराठी]. ए वी दामले.
- https://tamu.libguides.com/c.php?g=639764
- https://www.victorian-cinema.net/sestier
- https://www.victorian-cinema.net/bhatvadekar
- http://www.udayindiahindi.in
- http://charlesurban.com/documents_gallery.html
- https://dastaktimes.org/charlie-chaplin-was-also-a-fan-of-v-shantaram/
- https://artsandculture.google.com/exhibit/-v-shantaram-motion-picture-scientific-research-and-cultural-foundation/IAICzUD0r80sKQ?hl=hi
- https://www.youtube.com/watch?v=_4iENx7xjBY

गांधी, मंडेला और किंग के संदर्भ में सिनेमा में अहिंसा का फिल्मांकन

*** डॉ. मीता उज्जैन**
**** अंजना शर्मा**

'महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग और नेलसन मंडेला की विरासत है कि वे इस मौलिक विश्वास के उदाहरण थे कि संघर्ष के वाहक उसके अहिंसक समाधान के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं। यही विश्वास संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों को रेखांकित करता है।'

– सैय्यद अकबरुद्दीन (संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि)

शोध सार : अहिंसा का भाव यूं तो भारतीय अध्यात्म में गहरा समाया हुआ है लेकिन आधुनिक राजनीति में गांधी उसका इस्तेमाल करने वाले पहले भारतीय थे। महात्मा गांधी की अहिंसा ने उन्हें वैश्विक नेता बनाया। गांधी की ही तरह मंडेला और किंग ने अपने सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सत्याग्रह और अहिंसा का मार्ग अपनाया था। नेलसन मंडेला और किंग जॉर्ज, गांधी की ओर आकर्षित और कुछ हद तक उनसे प्रभावित थे। उन्होंने अहिंसा पर चलते हुए वंचितों के लिए अधिकार हासिल किए। नई पीढ़ी ने इन नेताओं और इनके कार्यों को उनकी एवं उन पर लिखी गई पुस्तकों के अतिरिक्त उनकी सिनेमाई छवियों के ज़रिए भी जाना। गांधी, मंडेला और किंग के व्यक्तित्व एवं कृतित्व ने फिल्मकारों को ख़ासा प्रभावित किया। कुछ फिल्मों में ये नायक मुख्य किरदार के रूप में दिखाई दिए तो कहीं-कहीं उनके जीवन मूल्य भी दिखाया गया। प्रस्तुत शोध आलेख में अहिंसा रूपी अस्त्र को धारण करने वाले गांधी, मंडेला और किंग से प्रभावित सिनेमा और फिल्मकारों के उनके प्रति आकर्षण का अध्ययन किया गया है।

मुख्य शब्दः अहिंसा, गांधी, मंडेला, किंग, फिल्म।

प्रस्तावना

महात्मा गांधी, नेलसन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग जूनियर दुनिया की तीन ऐसी शख्सियत रही हैं, जिन्होंने फिल्मकारों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया। तीनों नेताओं के आंदोलन के तरीकों ने उन्हें न केवल वैश्विक पहचान दिलाई बल्कि दुनिया के समक्ष एक ऐसा मार्ग प्रस्तुत किया, जिस पर चलकर बिना किसी का लहू बहाए शांतिपूर्ण प्रदर्शन और बातचीत के माध्यम से बड़ी-से-बड़ी समस्या हल की जा सकती है। इन तीनों ही नायकों ने अहिंसा के मार्ग को अपनाकर अपने लक्षित उद्देश्यों को प्राप्त किया। गांधी इनमें अग्रणी हैं। 'उन्होंने दुनिया के इतिहास में सबसे ज्यादा हिंसक सदियों में से एक में विरोध के एक ऐसे अस्त्र का आविष्कार किया जो अहिंसा पर आधारित था।' (गुहा, 2015)

गांधी, मंडेला और किंग के आंदोलन के तरीकों ने उन्हें दुनियाभर में लोकप्रिय बना दिया। उनके विचारों और कार्यों को कई पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए सम्प्रेषण की सिनेमायी विधा का खूब इस्तेमाल हुआ। तीनों ही नेताओं पर वृत्तचित्र और बायोग्राफिकल (जीवन वृत्त पर आधारित) फिल्में तो बनी ही हैं, उनसे प्रभावित फीचर फिल्मों का भी निर्माण हुआ है। कई फिल्मों के किरदारों पर इनके विरोध के तरीकों का असर स्पष्ट देखने को मिलता है।

जनसंचार के माध्यम सिनेमा का व्यापक बदलावों के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। चूंकि सिनेमा के माध्यम से विचार व भावनाएं बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचाई जा सकती हैं अतः इस माध्यम का सकारात्मक बदलावों के लिए उपयोग किया जा सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक रूस में सिनेमा को वैयक्तिक व सामाजिक बदलाव के माध्यम के रूप में देखा जाता है। सिनेमा का रूसी दर्शकों की मुख्य सामाजिक मुद्दों के प्रति प्रवृत्ति सहित उनका सम्पूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने में योगदान होता है। (Kubrak, 2020) सिनेमा की इसी खूबी का इस्तेमाल विश्व स्तर पर अच्छे विचारों व भावनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करने में किया जा सकता है।

अध्ययन का उद्देश्य

महात्मा गांधी, नेलसन मंडेला व मार्टिन लूथर किंग जूनियर

* सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर , मा.च.रा.प.सं.वि.वि., भोपाल
** पीएच.डी. शोधार्थी , मा.च.रा.प.सं.वि.वि., भोपाल

के जीवन पर आधारित व उनके जीवन मूल्यों से प्रेरित फिल्मों में अहिंसा के फिल्मांकन का अध्ययन करना।

अध्ययन की प्रासंगिकता

असहमति अथवा विरोध के अहिंसक तरीके, स्वस्थ व सभ्य समाज की पहचान माने जाते हैं। लेकिन वर्तमान समय में लोगों में असुरक्षा का भाव इतना अधिक बढ़ गया है कि दुनियाभर से हिंसक घटनाओं की ख़बरें आना साधारण बात हो गई है। गांधी, मंडेला और किंग के संघर्ष के इतने वर्षों बाद भी नस्लीय टिप्पणियों व हिंसा की ख़बरें आती रहती हैं। समाज में विभिन्न कारणों से हिंसा का सहारा लेना आम बात हो गई है। ऐसे में इन महान नेताओं के जीवन व कार्यों पर आधारित फिल्मों का महत्व बढ़ जाता है। सिनेमा सम्प्रेषण का एक सशक्त माध्यम है व गांधी, मंडेला और किंग के अहिंसक तरीके लोगों को अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

अध्ययन की विधि

यह अध्ययन पूर्ण रूप से द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। इसके लिए गांधी, मंडेला व किंग के जीवन व उनके अहिंसा के मार्ग पर केंद्रित विभिन्न फिल्मों का अध्ययन किया गया है। साथ ही तीनों नेताओं व उनसे संबंधित सिनेमा पर विभिन्न शोध पत्रिकाओं, पुस्तकों, वेबसाइट्स पर प्रकाशित सामग्री को एकत्रित कर उसका अध्ययन करने के पश्चात निष्कर्ष निकालने की चेष्टा की गई है।

गांधी, मंडेला व किंगः पूर्वावलोकन

वकालत की पढ़ाई करने के बाद जब गांधी 1893 में एक मुकदमे के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका गए तो वहां उनके साथ हुई घटनाओं एवं वहां रह रहे भारतीयों की स्थिति ने उन्हें बदलाव के लिए आंदोलित कर दिया। उन्होंने वहां 21 वर्ष बिताए और इस बीच कई अहिंसक प्रदर्शनों व आंदोलनों के जरिए उन्होंने वहां मौजूद भारतीयों के लिए कई अधिकार प्राप्त किए। गांधी ने 1915 में भारत वापसी की। उन्हें भारत में महात्मा कहा गया। उन्होंने यहां भी ग़ुलामी की ज़ंजीरों में जकड़े भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अहिंसा का ही मार्ग चुना।

गांधी के अहिंसा के रास्ते ने दुनियाभर को अचंभित और आकर्षित किया। बाद के समय में दुनियाभर में अनेक ऐसे आंदोलन खड़े हुए जिनके मूल में अहिंसा थी। 'लोकतांत्रिक आंदोलनों के द्वारा हुए करीब पांच दर्जन सत्ता परिवर्तनों के अध्ययन में पाया गया है कि सत्तर फीसदी से ज़्यादा मामलों में तानाशाही सरकारें इसलिए धराशायी नहीं हुईं कि उनके खिलाफ सशस्त्र विद्रोह हुआ था, बल्कि वे बहिष्कार, हड़ताल, उपवास और विरोध के दूसरे माध्यमों की वजह से पराजित हुईं जिसकी प्रेरणा गांधी से मिली थी।' (गुहा, 2015)

'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन, पूर्वी यूरोप और चीन में (तिब्बत समेत) साम्यवाद के खिलाफ जन-प्रतिरोध, बर्मा और मध्य-पूर्व में सैन्य तानाशाही के खिलाफ लगातार जारी विरोध... इनमें से सभी ने ट्रांसवाल (दक्षिण अफ्रीका) में गांधी द्वारा अपनाए गए तौर-तरीकों से कुछ न कुछ या पूरी प्रेरणा ज़रूर ली है।' (गुहा, 2015)

दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले नेलसन मंडेला भी बहुत हद तक गांधी से प्रभावित कहे जाते हैं। यहां तक कि उन्हें 'अफ्रीकी गांधी' भी कहा गया। मंडेला पर साम्यवाद का भी प्रभाव रहा। लेकिन रंगभेद के खिलाफ उनका आंदोलन सत्याग्रह पर आधारित और अहिंसक था। 1948 में दक्षिण अफ्रीकी सरकार के लिए हुए चुनाव के बाद वहां कई ऐसे कानून लाए गए जो रंगभेद को बढ़ावा देते थे। मंडेला ने गांधी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 1952 में इसके खिलाफ ज्वाइंट डिफेंस कैम्पेन की शुरुआत की। उन्होंने 1962 से लेकर 1982 तक का 27 वर्षों का समय जेल में बिताया। उनके जेल में रहने के दौरान ही वह काफी लोकप्रिय हो गए थे और उन्हें दुनियाभर में रंगभेद के खिलाफ आवाज़ उठाने वाला मुख्य चेहरा माना जाने लगा था। उनके कार्यों के लिए जब उन्हें 1994 में नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, तब 'उन्होंने अपनी सफलताओं के लिए स्वयं को गांधी का ऋणी बताया था।' (Roychowdhury, 2016)

दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण अफ्रीका विभाग के प्रोफेसर केके विरमानी ने अपनी किताब 'नेलसन मंडेला और दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद' में लिखा है कि मंडेला कर्म-प्रधान थे। उनके साहस, धैर्य, जनता से जुड़ाव और त्याग की भावना ने उन्हें अफ्रीका ही नहीं बल्कि विश्वभर के अश्वेत और हाशिए पर मौजूद लोगों का नेता बना दिया। (भारद्वाज)

मार्टिन लूथर किंग जूनियर अफ्रीकी मूल के अमेरिकियों के नागरिक अधिकारों के लिए हुए संघर्ष का चेहरा थे। भारतीय राष्ट्रपिता गांधी की दिखाई अहिंसा की राह पर चलते हुए उन्होंने अमेरिका में नस्लविरोधी आंदोलन की अगुवाई की, जिसके लिए उन्हें बाद में अपनी जान भी गंवानी पड़ी। किंग युद्ध विरोधी थे और गांधी की तरह ही शांतिपर्ण तरीके से मसलों का हल खोजने में यकीन रखते थे। वर्ष 1955 में अमेरिका में किंग के नेतृत्व में अश्वेतों के 385 दिनों तक चले बसों के बॉयकॉट ने वहां की श्वेत आबादी को हिलाकर रख दिया था और इसके बाद आखिर बसों में अश्वेतों को बराबरी का अधिकार हासिल हुआ था। अमेरिकी गांधी कहे जाने वाले किंग की रंगभेद को मिटाने की दिशा में किए गए प्रयासों की वजह से 1968 में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

किंग ने भविष्य के अमेरिका को लेकर एक सपना देखा था। इसी सपने को लेकर 1963 में दिए गए उनके भाषण 'आई हेव ए

ड्रीम' को अमेरिकी इतिहास के सर्वश्रेष्ठ भाषणों में से एक माना जाता है। इसी भाषण के एक अंश में उन्होंने कहा था, 'मेरे दोस्तों, आज और कल की तमाम मुश्किलातों के बाद भी मेरे पास एक सपना है। ये अमेरिका के सपने की जड़ों में गहरे तक जमा हुआ सपना है। मेरा सपना है कि देश खड़ा होगा और अपनी नस्ल के सच्चे अर्थों को जिएगा। हम सच में ऐसे जिएंगे कि सारे इंसान एक हैं। मेरा सपना है कि पुराने गुलामों के लड़के और उनके मालिकों की संताने जॉर्जिया की किसी पहाड़ी पर भाईचारे की मेज पर साथ बैठेंगे।' (Martin Luther King, 2020)

गांधी, मंडेला और किंगः समानता

भारत में जन्मे गांधी हिंदू संस्कृति में पले-बढ़े थे और उनकी मां बहुत धार्मिक महिला थीं। बाद में उन्होंने कानून की पढ़ाई की और वकालत करने लगे। किंग अमेरिका के जॉर्जिया में पैदा हुए थे। वह एक धार्मिक ईसाई परिवार से ताल्लुक रखते थे। बाद में वह बेपटिस्ट पास्टर बने। नेलसन मंडेला दक्षिण अफ्रीका के जनजातीय परिवार में जन्मे थे। वह जनजातीय संस्कारों और ईसाई धर्म के सिद्धांतों के बीच बड़े हुए। मंडेला ने भी कानून की पढ़ाई की और वकील बने।

गांधी, मंडेला और किंग, तीनों ही वैश्विक नेताओं में कई समानताएं थीं। इन तीनों ने सामाजिक हित के लिए किए गए अपने संघर्षों में अहिंसा को अचूक अस्त्र के रूप में चुना था। तीनों की सबसे खास बात यह थी जब उन्हें अपने कार्यों के लिए जनता की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन मिला तो वे इस बात के लिए और भी अधिक सजग हो गए कि लोगों का एक बड़ा तबका उन पर आश्रित है। इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी अथवा जवाबदेही का बोध बढ़ा और उन्होंने अपनी सामाजिक भूमिकाओं के प्रति और अधिक समर्पण का भाव अपनाया। (David & Passini, 2010)

गांधी ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ 'अवाम की ताकत' का इस्तेमाल किया और मंडेला ने भी अपने हर कदम के परिणामों को तौलते हुए दक्षिण अफ्रीका में इन्हीं तरीकों का इस्तेमाल किया (Hasan, 2016)। मंडेला ने एक बार गांधी के बारे में लिखा था कि वह उपनिवेशवाद विराधी एक आदर्श क्रांतिकारी थे। 'गांधी और मैंने, दोनों ने औपनिवेशिक उत्पीड़न का सामना किया है और हम दोनों ने ही हमारी अवाम को उन सरकारों के खिलाफ लामबंद किया, जिसने हमारी स्वतंत्रता का उल्लंघन किया था।' (Koenig, 2013)

गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में नस्लवाद के खिलाफ और फिर भारत में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने में अहिंसक तरीकों का ही इस्तेमाल किया था। मार्टिन लूथर किंग उनसे सीधे तौर पर प्रभावित थे। किंग का कहना था, 'गांधीवादी दर्शन, उत्पीड़ित लोगों के समक्ष स्वतंत्रता संघर्ष के लिए उपलब्ध एकमात्र नैतिक और ठोस तरीका था।' (Jr., 1958) किंग ने सबसे पहले 1955 से 1956 के बीच मोंटगोमरी बस बायकॉट के लिए विरोध के अहिंसक तरीके का इस्तेमाल किया था।

गांधी, मंडेला और किंग पर केंद्रित सिनेमा

महात्मा गांधी, नेलसन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग जूनियर के जीवन और कार्यों ने न केवल उनके देश के बल्कि वैश्विक फिल्मकारों को भी अपनी ओर आकर्षित किया। इन तीनों शख्सियतों पर आधारित कई फिल्मों का निर्माण हुआ है। कुछ बायोग्राफिकल व डॉक्यूमेंटरी फिल्में हैं, तो कुछ फिल्में इनके जीवन से प्रेरणा लेकर बुनी गई कहानियों पर आधारित हैं। कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं, जिनके किरदार इन नायकों से प्रभावित दिखे।

सिनेमा में गांधी

हाथ में लाठी, चेहरे पर गोल चश्मा, कमर पर घड़ी और सफेद धोती में लिपटे महात्मा गांधी ने अपने जीवनकाल में ही फिल्मकारों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था। शुरुआती दौर में उन पर कुछ वृत्तचित्र फिल्में ही बनीं जबकि लोकप्रिय सिनेमा की कहानियां और किरदार उनके जीवन से प्रेरणा लेते दिखाई दिए।

राशिद किदवई कहते हैं कि फिल्मों के माध्यम से गांधी एक महान नैतिक बल के रूप में उभरते हैं। हालांकि फिल्मकारों ने उनके विचारों को सजगता के साथ अपनी फिल्मों में नहीं उतारा है, लेकिन उनकी फिल्में देखकर उन पर गांधी का प्रभाव होने का एहसास होता है। बाद में तो फिल्मों पर गांधी का प्रभाव होना उनकी सफलता की गारंटी बन गया। (KIDWAI, 2019)

भारत में सिनेमा के विकास के समानांतर गांधी अपने अहिंसा रूपी शस्त्र के साथ अंग्रेज़ों के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए थे। उनकी अहिंसा और विरोध के अनोखे तरीके फिल्मकारों को आकर्षित कर रहे थे। गांधी पर बनी पहली बायोपिक फिल्म 1982 में 'गांधी' नाम से प्रदर्शित हुई। भारतीय सहयोग से बनी यह ब्रिटिश फिल्म गांधी की मृत्यु के 34 वर्ष बाद बनी। रिचर्ड एटनबरो के निर्देशन और बेन किंग्सले की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म बेहद सफल अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में शामिल है। खुद एटनबरो ने अपनी इस फिल्म के बारे में कहा था, 'मेरा उद्देश्य गांधी को इस फिल्म में अहिंसा के पुरोगामी के रूप में प्रस्तुत करना था। दुनिया में अन्य कहीं पर, किसी भी असहयोग आंदोलन को जनता का ऐसा समर्थन नहीं मिला जैसा कि भारत में गांधी के आंदोलनों को मिला था। बहुत हद तक उनकी वजह से ही उनके देश को ब्रिटिश राज से मुक्ति मिल सकी थी।' (A. Ajai, 2019)

'गांधी' ने जहां कई एकेडमी अवॉर्ड्स हासिल किए वहीं समीक्षकों की राय में यह फिल्म खरी नहीं उतर सकी। अखिल गुप्ता इसे पॉलीटिकल बायोग्राफी बताते हैं। उनके अनुसार फिल्म में गांधी को एक नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया है जबकि उनके अन्य पक्ष कहीं अधिक महत्वपूर्ण थे। वह कहते हैं कि फिल्म ऐतिहासिक संदर्भ में अपने दर्शकों को गुमराह करती है। (Gupta, 1983)

फिल्मकार श्याम बेनेगल ने 1996 में 'द मेकिंग ऑफ द महात्मा' प्रस्तुत की, जो गांधीजी के दक्षिण अफ्रीका में बिताए 21 वर्षों की कहानी है। फिल्म दिखाती है कि जब दक्षिण अफ्रीका के मेरिन्सबर्ग रेलवे स्टेशन पर जायज टिकिट होने के बावजूद गांधी को गोरे सहयात्री के विरोध पर ट्रेन से सामान सहित प्लेटफॉर्म पर फेंक दिया जाता है, तो इससे पहुंचे आघात के बाद एक आम आदमी के महात्मा बनने की अंतर्यात्रा शुरू हो जाती है। हालांकि यह फिल्म सफल नहीं रही लेकिन इसमें गांधी के जीवन की उन कुछ घटनाओं को शामिल किया गया है, जहां से उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलना आरंभ किया था।

वर्ष 2007 में प्रदर्शित हुई और फिरोज अब्बास खान व अनिल कपूर के निर्देशन में बनी 'गांधी, माय फादर' मुख्य रूप से गांधी के बड़े बेटे हरिलाल को केंद्र में रखकर बनाई गई है। जब्बार पटेल की फिल्म 'डॉक्टर बाबासाहेब अम्बेडकर,' कमल हासन की 'हे राम,' राजकुमार संतोषी की 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह,' केतन मेहता की 'सरदार,' राकेश रंजन कुमार की 'गांधी टू हिटलर' सहित कई फिल्मों में गांधी अथवा उनके विचार नज़र आते हैं। हालांकि कुछ फिल्मों में उन्हें नकारात्मक रूप में प्रदर्शित करने का भी प्रयास किया गया है।

वर्ष 2000 में आशुतोष गोवारीकर ने लगान नाम से फिल्म बनाई, जो बेहद सफल रही। फिल्म का केंद्रीय पात्र गांधी के नज़दीक दिखाई देता है। फिल्म का नायक जाति-धर्म के भेद के बिना अहिंसक तरीके अपनाते हुए लोगों को अन्याय के खिलाफ एकजुट करता है। गोवारीकर की ही वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म 'स्वदेस' भी गांधीवादी विचारों के करीब है। फिल्म का केंद्रीय पात्र अपने गांव के विकास के लिए अमेरिका से लौट आता है। गांधीजी ने 1937 से 1940 तक वर्धा आश्रम में स्वयं को राजनीति से दूर रखकर केवल ग्राम सुधार पर गहन विचार किया था। (चौकसे, 2012)

वर्ष 2005 में जाहनू बरुआ के निर्देशन में बनी 'मैंने गांधी को नहीं मारा' व दीपा मेहता की 'वॉटर' भी गांधीवादी मूल्यों की बात करती हैं। प्रकाश झा की सत्याग्रह और अमित राय की 'रोड टू संगम' भी गांधीवाद से प्रभावित उम्दा फिल्में थीं, हालांकि बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में कोई कमाल नहीं दिखा सकीं।

वर्ष 2006 में प्रदर्शित हुई राजकुमार हीरानी की 'लगे रहो मुन्नाभाई' बेहद सफल रही। इस फिल्म ने सफलताओं के सारे कीर्तिमान तोड़ दिए थे। इसके प्रदर्शन के बाद एक बार फिर हर ज़ुबां पर गांधी का नाम था। यही नहीं, हर कहीं उनके सुझाए विरोध के अहिंसक तरीके लोकप्रिय हो रहे थे। रचेल ड्वेयर कहते हैं, 'लगे रहो मुन्नाभाई' गांधी के जटिल दृष्टिकोण को प्रस्तुत नहीं करती लेकिन बताती है कि उनकी रणनीतियों में से एक सत्याग्रह को अपनाकर किस तरह संघर्ष का नैतिक समाधान निकाला जा सकता है। फिल्म के मुख्य किरदार मुन्नाभाई ने इसे 'गांधीगिरी' कहा है। (Dwyer, 2011)

सिनेमा में मंडेला

दक्षिण अफ्रीकी गांधी मतलब नेलसन मंडेला पर 1996 में मंडेला नाम से ही पहली वृत्तचित्र फिल्म बनी, जो इतनी उम्दा रही कि एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए इसका नामांकन हुआ। फिल्म मंडेला के जीवन इतिहास को बयां करती है। वर्ष 2009 में उन पर केंद्रित फिल्म 'इन्विक्टस' बनी, जो बेहद लोकप्रिय और सफल रही। क्लिंट ईस्टवुड के निर्देशन में बनी यह फिल्म जॉन कार्लिन की किताब 'कॉनक्विरिंग द एनिमी' पर आधारित है। फिल्म 1995 का दक्षिण अफ्रीकी परिदृश्य प्रस्तुत करती है। उस समय एक ओर नेलसन मंडेला राष्ट्रपति चुनाव के लिए खड़े हुए थे तो दूसरी ओर उनका रंगभेद से ग्रसित देश रग्बी विश्व कप की मेजबानी कर रहा था।

'इन्विक्टस' में रग्बी को एक संदर्भित खेल के रूप में लिया गया है लेकिन फिल्म इस खेल के विविध पक्षों की बात न करते हुए खेलों के महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष की ओर इंगित करती है, जो खेल गतिविधियों को बढ़ाता व न्यायसंगत ठहराता है। फिल्म खेलों की सामाजिक एकीकरण की विस्तृत क्षमता की ओर इंगित करती है। (Assumpcao & et.al, 2016)

वर्ष 2011 में फिल्म 'विनी मंडेला' आई। फिल्म नेलसन मंडेला की पत्नी विनी मंडेला पर केंद्रित है। फिल्म का निर्देशन डेरेल रूड्ट ने किया है। वर्ष 2013 में मंडेला पर बनी बायोग्राफिकल फिल्म 'मंडेलाः लांग वॉक टू फ्रीडम' रिलीज हुई। फिल्म नेलसन मंडेला के शुरुआती जीवन से लेकर उनके दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बनने तक की कहानी प्रस्तुत करती है। जस्टिन कैडविक ने फिल्म का निर्देशन किया है और इदरिस अल्बा ने मुख्य भूमिका निभाई है। (Shinde, 2014)

वर्ष 2010 में उन पर बनी वृत्तचित्र फिल्म 'द सिक्सटींथ मेन' आई। क्लिफॉर्ड बेल्टॉल ने इसका निर्देशन किया है। वर्ष 2014 में 'मंडेलाः द मिथ एंड मी' (मूल शीर्षक- ए लेटर टू नेलसन मंडेला) प्रदर्शित हुई। वर्ष 2017 में 'विनी' नाम से एक वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन हुआ। फिल्म में मंडेला की पत्नी विनी स्वयं अपने जीवन की कहानी बताती हैं। इनके अतिरिक्त एंडगेम, म्यूजिक फॉर मंडेला, मंडेलाज़ गन जैसी फिल्में भी दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद की समस्या व मंडेला के जीवन पर केंद्रित रहीं। इसके अतिरिक्त मदीबा नाम से उन पर एक लघु श्रंखला का भी निर्माण हुआ।

सिनेमा में किंग

मार्टिन लूथर किंग के जीवन व कृतित्व पर आधारित कई वृत्तचित्र फिल्मों, फीचर फिल्मों और बायोग्राफिकल फिल्मों का निर्माण हुआ है। 'सिटीजन किंग' नाम से बनी वृत्तचित्र फिल्म

किंग के जीवन के अंतिम पांच वर्षों की घटनाओं को समेटती है। फिल्म दो भागों में बनी है। पहले भाग में बर्मिंघम में उनकी गिरफ्तारी और फिर जेल, वाशिंगटन तक का मार्च, उनका आई हेव ए ड्रीम भाषण, सिविल राइट्स एक्ट का लागू होने और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलने तक की कहानी है। दूसरे भाग में सेलमा से मोंटगोमरी तक के मार्च, किंग के शिकागो जाने व अन्य घटनाओं सहित उनकी हत्या की कहानी प्रस्तुत की गई है। फिल्मकार ऑरलेंडो बैगवेल और नोलैंड वॉकर ने इसे बनाया है। उन पर बनी किंगः ए फिल्म्ड रिकॉर्ड... 'मोंटगोमरी टू मेम्फिस' – फिल्म किंग के शुरूआती जीवन में मोंटगोमरी में सिविल राइट्स आंदोलन की शुरूआत से लेकर मेम्फिस में 1968 में उनकी हत्या तक की कहानी है। किंग की हत्या के 40 वर्षों बाद बनी 'किंगः गो बियोन्ड द ड्रीम टू डिस्कवर द मैन' वर्तमान समय में उनके संदेशों की प्रासंगिकता पर आधारित है। 'ब्रिंगिग किंग टू चाइना' किंग से प्रेरित फीचर फिल्म है जिसमें किंग के अहिंसा के स्वप्न को चीन में साकार करती एक महिला के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी तरह 'आई एम क्यूरियसः यलो' भी किंग से प्रेरित एक महिला की कहानी है जो सामाजिक समानता व लैंगिक स्वतंत्रता के मुद्दे उठाती है।

एवा डूवर्ने की वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म 'सेलमा' अश्वेतों के लिए मताधिकार हासिल करने के लिए किए गए किंग के ऐतिहासिक संघर्ष की कहानी है। रंगभेद की अमेरिका की असमान नीति से संघर्ष कर रहे अश्वेत अमेरिकियों के लिए किंग एक उम्मीद की किरण बनकर उभरे थे। वह फिल्म में एक जगह कहते हैं कि अश्वेतों को मताधिकार न देना, उनके साथ अलगाव का भाव रखना और बसों का बायकॉट, ये सभी घटनाएं एक ही समस्या से जुड़ी हुई हैं। और ये सब तब दूर हो जाएंगी जब श्वेत अमेरिकियों की चेतना को जागृत कर उन्हें मानव समानता की सच्चाई से परिचित कराया जाएगा और उन पर इस बात को स्वीकारने के लिए दबाव बनाया जाएगा कि हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी नस्ल का हो, ईश्वर का अंश है। (Norris, 2016)

किंग पर मोर एंग्री देन अफ्रेडः द प्रॉमिस्ड लैंड, एट द रिवर आई स्टैंड जैसी फिल्में भी बनीं।

विमर्श एवं निष्कर्ष

महात्मा गांधी, नेलसन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग जूनियर, तीनों ही अपने-अपने समय की महान हस्तियां रही हैं। तीनों नायकों ने अहिंसक तरीके अपनाते हुए अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज़ को बुलंद किया। इनमें से मंडेला की राह थोड़ी सी अलग रही, शुरुआती समय में जहां वे साम्यवाद से प्रभावित रहे, वहीं बाद में उन्होंने बदलाव के लिए अहिंसक मार्ग ही चुना। लेकिन गांधी शेष दो नायकों से अलग हैं।

गांधी केवल अपने अहिंसक मार्ग के लिए ही विख्यात नहीं हैं बल्कि उनका पूरा जीवन ही प्रेरणास्पद है। गांधी पर आधारित अथवा उनसे प्रेरित फिल्मों पर उनके जीवन के कई पहलुओं का असर रहा है। गांधी पर वृत्तचित्र फिल्में तो कई बनीं लेकिन बायोग्राफिकल फिल्मों की श्रेणी में एटनबरो की गांधी, द मेकिंग ऑफ महात्मा और गांधी माय फादर को रखा जा सकता है। अन्य कई फिल्में आज़ादी के संघर्ष के अन्य नायकों के जीवन पर आधारित हैं और गांधी को उन फिल्मों में उन नायकों के साथ उनके रिश्ते के बरक्स ही पर्दे पर उतारा गया है। गांधी का व्यक्तित्व इतना विशाल रहा है कि उसे इस तरह से समेटा जाना शायद फिल्मकारों के लिए भी संभव नहीं रह सका। सिनेमा ने उनसे प्रेरणा ली है, फिल्मी किरदार उनसे प्रभावित रहे हैं और कहानियों पर उनके मूल्यों का असर स्पष्ट दिखाई दिया है। फिल्मकार शांताराम की दो आंखें बारह हाथ (1957), लगान, लगे रहो मुन्नाभाई जैसी फिल्में भी कहीं न कहीं अहिंसा के मूल्य को छूती हैं।

दूसरी ओर नेलसन मंडेला व किंग जॉर्ज पर बनी फिल्मों में अहिंसक संघर्ष को स्पष्ट रूप से फिल्मांकित किया गया है। मंडेलाः लांग वॉक टू फ्रीडम, इन्विकटस और सेलमा इसके उम्दा उदाहरण हैं।

गांधी, मंडेला और किंग के निधन के वर्षों बाद भी उनके विचारों पर आधारित फिल्मों का निर्माण लगातार जारी है। उन पर कई वृत्तचित्र फिल्में और लघु फिल्में बनाई जा रही हैं, जो समय-समय पर विभिन्न फिल्म समारोहों में तो प्रदर्शित होती ही हैं, साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी दर्शकों के लिए उपलब्ध रहती हैं। फिल्मों का बनना इसका परिचायक है कि महात्मा गांधी, नेलसन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग का सत्य आधारित अहिंसा का मार्ग सर्वश्रेष्ठ है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इन तीनों नायकों के अहिंसक मार्ग की प्रासंगिकता एक बार फिर नज़र आने लगी है।

संदर्भ

- A. Ajai, G. B. (2019). Multiple Colours of Gandhi in Post-Colonial. International Journal of Recent Technology and Engineering (IJRTE) , 191-195.
- Assumpcao, L. O., & et.al, J. B. (2016). Sports, Nationalism and Symbolic Efficiency: The Film Invictus. International Journal of Research in Humanities

and Social Studies , 18–24.
- Attenborough, R. (Director). (1982). Gandhi [Motion Picture].
- Benegal, S. (Director). (1996). The Making of The Mahatma [Motion Picture].
- David, M., & Passini, S. (2010). Avoiding Crimes of Obdience: A Comparative Study of the Autobiographies of MK Gandhi, Nelson Mandela and Martin Luther King, Jr. Peace and Conflict Journal of Peace Psychology , 295–319.
- DuVernay, A. (Director). (2014). Selma [Motion Picture].
- Dwyer, R. (2011). The Case of the Missing Mahatma:Gandhi and the Hindi Cinema. Public Culture , 349–376.
- Eastwood, C. (Director). (2009). Invictus [Motion Picture].
- Ghosh, A., & Babu, T. (2006). Lage Raho Munna Bhai: Unravelling Brand 'Gandhigiri'. Economic and Political Weekly , 5225–5227.
- Gupta, A. (1983, Autumn). Attenborough's Truth: The Politics of Gandhi. The Threepenny Review , pp. 22–23.
- Hasan, M. (2016, December 16). Mandela and the Mahatma. Retrieved December 29, 2021, from The Hindu: https://www.thehindu.com/opinion/op-ed/Mandela-and-the-Mahatma/article12009462.ece
- Jr., M. L. (1958, 1 September). ₹My Pilgrimage to Nonviolence₹. Retrieved December 29, 2021, from Stanford University: https://kinginstitute.stanford.edu/king-papers/documents/my-pilgrimage-nonviolence
- Khan, F. A. (Director). (2007). Gandhi, My Father [Motion Picture].
- KIDWAI, R. (2019, october 2). Observer Research Foundation. Retrieved october 6, 2021, from orfonline.org: https://www.orfonline.org/expert-speak/gandhi-great-influencer-on-hindi-cinema-despite-his-celluloid-aversion-56035/
- Koenig, R. (2013, December 6). Gandhi inspired Mandela on South Africa's 'Long Road to Freedom'. Retrieved December 29, 2021, from St. Louis Public Radio – Understanding Starts Here: https://news.stlpublicradio.org/government-politics-issues/2013-12-06/gandhi-inspired-mandela-on-south-africas-long-road-to-freedom
- Kubrak, T. (2020). Impact of Films: Changes in Young People's Attitudes after Watching a Movie . Behavioral Sciences , 1–13.
- Martin Luther King, J. (2020, August 20). American Rhetoric. Retrieved december 28, 2021, from American Rhetoric:

https://www.americanrhetoric.com/speeches/mlkihaveadream.htm
- Norris, M. (2016). Dr. King and the Image of God: A Theology of Voting Rights in Ava DuVernay. Journal of Religion & Film , 1-26.
- Roychowdhury, A. (2016, july 18). MandelaDay: Gandhi was not the only Indian to inspire Madiba. Retrieved December 29, 2021, from The Indian Express: https://indianexpress.com/article/research/mandeladay-gandhi-was-not-the-only-indian-to-inspire-madiba/
- Shinde, N. S. (2014). Long Walk To Freedom:The Experience Viewing an Autobiography. Critical Space , 75-84.
- गांधी, म. (2019). सत्य के साथ मेरे प्रयोग. नई दिल्लीः प्रभात प्रकाशन.
- गुहा, र. (2015). गांधी भारत से पहले. दिल्लीः पेंगुइन बुक्स.
- चौकसे, ज. (2012). महात्मा गांधी और सिनेमा. मुंबईः मौर्य आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड.
- भारद्वाज, अ. (n.d.). सत्याग्रह. Retrieved october 5, 2021, from satyaggrah.scroll.in: https://satyagrah.scroll.in/article/108401/nelson-mandela-life-and-work-profile
- https://guides.library.vcu.edu/mlk/film#s-lg-box-12080346

बॉलीवुड में महिला फिल्म निर्देशिकाओं की भूमिका

* डॉ. रजनीश कुमार झा

शोध सारः फिल्में हमारे दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा हैं या कहें बन गई हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। फिल्म उद्योग की जिम्मेदारी बेहतर और अच्छी फिल्में बनाने की है, क्योंकि यही फिल्में दर्शकों और हमारे मन पर असर डालती हैं। बॉलीवुड अब 100 साल से ज्यादा का सफर तय कर चुका है। इस दौरान कई फिल्म निर्देशकों ने अपने काम से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि समाज की घटनाओं को भी हमारे सामने रखा। एक समय यानी शुरुआती दौर में फिल्म शब्द आधी आबादी के लिए प्रतिबंधित सा था, लेकिन धीरे-धीरे समय बदला और महिला अभिनेत्रियों के साथ-साथ महिला निर्माता-निर्देशिकाओं ने भी अपना हुनर दिखाना शुरु किया। फातिमा बेगम के रूप में बॉलीवुड को पहली महिला निर्देशिका मिली, उसके बाद जद्दनबाई, शोभना समर्थ और न जाने कितनी निर्देशिकाओं ने फिल्मी फलक पर कदम रखा। और न केवल कदम रखा बल्कि अच्छी खासी फिल्में भी बनाईं। 1980 के दशक में कई महिला निर्देशिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय फलक पर भी नाम कमाया। इनमें मीरा नायर, अपर्णा सेन सई परांजपे प्रमुख हैं। बाद में दीपा मेहता, अरुणा राजे जैसी कुछ और महिलाएं निर्देशन के फील्ड में आईं। अब इनकी विरासत आने वाली पीढ़ी ने संभाल रखी है। फराह खान, जोया अख्तर, मेघना गुलजार, किरण राव समेत कई युवा फिल्म निर्देशिकाएं हैं जो समाज के लिए बेहतर फिल्मों का निर्माण कर रही हैं।

मुख्य शब्दः बॉलीवुड, फिल्म, फिल्म डायरेक्टर, महिला निर्देशिकाएं।

प्रस्तावना

बॉलीवुड में महिला निर्देशिकाओं की एंट्री भले ही देर से हुई पर हम इसे देर आए दुरुस्त आए कह सकते हैं। वे बेहतरीन फिल्में लेकर भी आ रही हैं। हिंदी सिनेमा में पिछले कई सालों में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं जिनमें कुछ बदलाव बेहतरीन हैं। अब पहले से कहीं ज्यादा महिला प्रधान फिल्में बनने लगी हैं। सबसे खास बात है कि इन फिल्मों को दर्शक काफी पसंद भी कर रहे हैं। हिंदी सिनेमा में महिलाएं अपने किरदारों और इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को लेकर भी काफी सतर्क हो चुकी हैं। यही वजह है कि अब फिल्मों में बराबरी का माहौल देखने को मिल रहा है। सिर्फ अभिनय के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि निर्देशन के क्षेत्र में भी महिलाएं सफल हो रही हैं। बॉलीवुड में लंबे समय तक सिर्फ पुरुष निर्देशकों का ही वर्चस्व रहा है, लेकिन महिलाओं ने शुरु से ही इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की कोशिश की है। अब बहुत सी महिलाएं निर्देशन के क्षेत्र में उतर भी रही हैं और करोड़ों की कमाई करने वाली बढ़िया फिल्में भी बना रही हैं।

उद्देश्य

बॉलीवुड में महिला निर्देशिकाओं की भूमिका उनके योगदान के साथ-साथ उनकी तरफ से उठाए गए विषयों का अध्ययन।

शोध पद्धति

शोधपत्र बॉलीवुड में महिला फिल्म निर्देशिकाओं की भूमिका को लिखने के लिए विवेचनात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है। इस शोध में द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है, जिसके तहत पुस्तकें, समाचार पत्र और पत्रिकाएं शामिल हैं।

विषय का चयन क्यों?

हिंदी सिनेमा में महिलाएं अपने किरदारों और इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को लेकर काफी सतर्क हो चुकी हैं। यही वजह है कि अब बराबरी का माहौल देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड में लंबे समय तक सिर्फ पुरुष निर्देशकों का ही वर्चस्व रहा है, लेकिन महिलाओं ने शुरू से ही इस क्षेत्र में खुद को कामयाब बनाने की कोशिश की है। सिनेमा के 108 साल होने को है पर अंगुलियों पर गिनने लायक महिलाएं ही निर्देशन के क्षेत्र में उतरी हैं। हालांकि हम ये कह सकते हैं कि हर दौर में कुछ न कुछ महिला निर्देशिकाओं ने बेहतर करने की कोशिश की और वे सफल भी रहीं। वर्ष 2000 के बाद यानी इक्कीसवीं शताब्दी की बात करें तो कई महिलाओं ने करोड़ों की कमाई करने वाली बढ़िया फिल्में भी बनाईं और अब भी बना रही हैं। बॉलीवुड के शुरुआती दौर में हमारी जो सामाजिक स्थिति

* सीनियर प्रोड्यूसर, न्यूज़ स्टेट / न्यूज़ नेशन

थी उसमें महिलाओं का आना खराब समझा जाता था। और तो और, उस दौर में महिलाओं का किरदार भी पुरुष ही किया करते थे। पर धीरे-धीरे समय बदला और आज हम उस दौर में पहुंच गए हैं जहां महिलाएं न केवल निर्देशन बल्कि संगीत, तकनीक के क्षेत्र में भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। इस विषय का चयन के प्रमुख उद्देश्य यही है कि महिला निर्देशिकाएं पुरुष निर्देशकों के सामने अपने आपको किस तरह खुद को महत्वपूर्ण मानती हैं। साथ ही कितना महत्वपूर्ण फिल्म बनाती हैं या कहें किस प्रकार के मुद्दे को दर्शकों के सामने उठाती हैं या प्रस्तुत करती हैं।

भूमिका

कुछ ऐसी महिला निर्देशकों की जिन्होंने अपने काम से इंडस्ट्री पर राज किया चर्चा करेंगे। साल 2022 में हिंदी सिनेमा को पूरे 109 साल हो जाएंगे। बॉलीवुड सिनेमा का दुर्भाग्य कहें या कुछ और, जब भी बॉलीवुड की बात होती है तो ये देखने को मिलता है कि महिला निर्देशकों को लेकर केवल सन्नाटा छाया रहा। यूं कहें तो बॉलीवुड महिला निर्देशकों के लिए तरस सा गया। फातिमा बेगम हिंदी सिनेमा की पहली महिला निर्देशक थीं, लेकिन उनके बाद लंबे समय तक कहीं कुछ आहट सुनाई नहीं दी, और सारा टैलेंट कैमरे के पीछे नहीं, आगे ही रंग बिखेरता रहा। बहरहाल, इक्कीसवीं सदी के पूर्वार्ध और बाद के दो दशक में न केवल हिंदी सिनेमा में महिला डायरेक्टर हुई हैं, बल्कि उन्होंने अपने कामों से ये बता दिया है कि वे किसी से कम नही हैं। निर्देशन के क्षेत्र में इन महिला निर्देशिकाओं ने न केवल अपना हुनर दिखाया और बॉक्स ऑफिस को बेहतरीन फिल्में दीं। अगर शुरुआती दौर से में महिला फिल्म निर्देशिकाओं की कमी थी तो आज के दौर में महिला निर्देशिकाओं की संख्या बढ़ी है। हालांकि ये रोचक तथ्य है कि भारत में जितनी महिला निर्देशिकाओं की संख्या है वो विश्व के किसी भी देश में नहीं है। आज स्थिति यह बन गई है कि भारतीय महिला निर्देशिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अहम पहचान बना ली है। इन महिला निर्देशिकाओं में दीपा मेहता, मीरा नायर, अपर्णा सेन, विजया मेहता, अरुणा राजे, नंदिता दास, कल्पना लाजमी, पामेला रुक्स प्रमुख हैं।

महिलाओं की निर्देशन क्षेत्र में आज भले ही रुचि बढ़ती जा रही हो पर अतीत इतना सुनहरा नहीं रहा है। भारतीय फिल्मों के इतिहास में महिला निर्देशिकाओं में अगर कोई नाम गर्व के साथ लिया जा सकता है तो वो है रतनबाई का। रतनबाई भारत की पहली फिल्म निर्माता थीं। भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के के शिष्य बाबूराव पेंटर ने 1918 में कांग्रेस अधिवेशन पर जो फिल्म बनाई थी, उसी फिल्म को देखकर रतनबाई ने बाबूराव पेंटर को नया स्टूडियो बनाने के लिए आर्थिक मदद की।

रतनबाई को जहां भारतीय फिल्मों में पहली महिला फिल्म निर्माता के रूप में जाना जाता है वहीं पहली महिला निर्देशिका होने का गौरव फातिमा बेगम को है। उस दौर में अभिनय के क्षेत्र में धूम मचाने के बाद वह निर्देशन के क्षेत्र में उतरीं और अपने सहयोगियों के साथ फातिमा फिल्म कॉरपोरेशन की स्थापना की, हालांकि बाद में उसका नाम बदलकर विक्टोरिया फातिमा कंपनी कर दिया गया। 1926 में फातिमा बेगम ने बुलबुल-ए-पेरिस्तान नाम की एक मूक फिल्म बनाई। इसके बाद 1926 से 1929 के बीच नौ फिल्मों का निर्माण किया। बुलबुल-ए-पेरिस्तान एक बड़े बजट का फंतासी फिल्म थी, उसमें स्पेशल इम्पैक्ट का इस्तेमाल भी किया गया था, क्योंकि इस कहानी का कैनवास पेरिस्तान में सेट था। ये तो शुरुआत थी, उसके बाद कई महिला फिल्म निर्देशिकाओं ने निर्देशन की कमान संभाली। फातिमा बेगम से लेकर आज के दौर में फराह खान, जोया अख्तर और मेघना गुलजार तक ने न केवल बेहतरीन फिल्में बनाई हैं बल्कि सामाजिक परिवेश और सामाजिक मुद्दों को भी बड़े पर्दे पर उठाया है।

बॉलीवुड का संक्षिप्त इतिहास

भारतीय सिनेमा का इतिहास 19वीं शताब्दी के आखिरी समय का है। 1896 में ल्युमेर ब्रदर्स द्वारा शूट की गई पहली फिल्म का प्रदर्शन मुंबई, जो कभी बंबई था, में किया गया लेकिन वास्तव में सिनेमा का इतिहास तब बना जब भारतीय सिनेमा के पिता दादा साहब फाल्के ने भारत की पहली लंबी फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' बनाई, जो सन् 1913 में प्रदर्शित हुई। मूक फिल्म होने के बावजूद, इसे व्यावसायिक सफलता मिली। भारतीय सिनेमा की पहली फिल्म यही 'राजा हरिश्चंद्र' थी, जिसे 1914 में लंदन में प्रदर्शित किया गया था। हालांकि, भारतीय सिनेमा के सबसे पहले प्रभावशाली व्यक्तित्व दादासाहब फाल्के ने 1913 से 1918 तक 23 फिल्मों का निर्माण और संचालन किया, भारतीय फिल्म उद्योग की प्रारंभिक वृद्धि हॉलीवुड की तुलना में तेज नहीं थी। अर्देशिर ईरानी ने ध्वनि सहित पहली 'आलम आरा' फिल्म बनाई थी जो कि 1931 में बाम्बे में रिलीज हुई। 'आलम आरा' के प्रदर्शन ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत की। 1931 में आलम आरा के लिए रिकॉर्ड किया गया पहला गीत 'दे दे खुदा के नाम पर' था। यह वाजिर मोहम्मद खान द्वारा गाया गया था। इसके बाद कई निर्माण कंपनियों ने कई फिल्मों को रिलीज किया, जिसकी वजह से भारतीय सिनेमा में काफी वृद्धि हुई। 1930 और 1940 के दौरान कई प्रख्यात फिल्म हस्तियों जैसे देवकी बोस, चेतन आनंद, एस. एस. वासन सहित अन्य प्रसिद्ध लोग फिल्मी परदे पर देखे गए। 1950 और 1960 में भारतीय सिनेमा के इतिहास को स्वर्ण युग माना जाता है क्योंकि गुरुदत्त, राज कपूर, दिलीप कुमार, मीना कुमारी, मधुबाला, नर्गिस, नूतन, देव आनंद और वहीदा रहमान जैसे कुछ यादगार कलाकारों का उदय हुआ। 1970 और 1980 के दशक में राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कलाकारों का आगाज हुआ। ये वो दौर था जब फिल्मों की कमाई निर्देशकों के नाम पर हुआ करती थी। 1990 के दशक में शाहरुख खान, सलमान खान, माधुरी दीक्षित, आमिर खान, जूही चावला, चिरंजीवी और कई अन्य कलाकारों का एक नया दल फिल्मी दुनिया में दिखाई

दिया। अभिनेताओं की इस नई शैली ने अपने प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल किया, जिसने आगे बढ़कर भारतीय फिल्म उद्योग को उन्नति के शिखर पर पहुंचा दिया।

बॉलीवुड में महिला फिल्म निर्देशिकाएं- एक अंतहीन सफर

फातिमा बेगम

बॉलीवुड की पहली महिला निर्देशक थीं फातिमा बेगम जिन्होंने इस संघर्ष की शुरुआत की थी। उन्होंने फिल्म 'वीर अभिमन्यु' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद उन्हें फिल्मों के निर्देशन में दिलचस्पी आने लगी तो उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस भी स्थापित कर लिया, जिसका नाम फातिमा फिल्म्स था। उन्होंने 1926 में बुलबुल-ए-पेरिस्तान का निर्देशन किया। फिल्मों का निर्देशन कर रहीं फातिमा बेगम के लिए पुरुषों के वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में सफलता पाना आसान नहीं था।

हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और हीर रांझा (1928), शकुंतला (1929) जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया। निर्देशन के साथ ही फातिमा ने अपनी फिल्मों का निर्माण भी किया। उन्होंने कोहेनूर और इंपीरियल स्टूडियो की फिल्मों में भी काम किया। सवाक फिल्मों के आने के बाद भी वह काम करती रहीं। 1934 में उन्होंने सेवा सदन मे काम किया जिसका निर्देशन नूनूभाई बी. वकील ने किया था। फातिमा की फिल्म पंजाब लांसर्स 1937 में रिलीज हुई थी और इसके निर्देशक होमी मास्चर थे। 1983 में जब फातिमा बेगम का निधन हुआ, तब वह 91 साल की थीं और उनका निधन गुमनामी में हो गया।

जद्दनबाई

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रहीं नरगिस दत्त की मां और संजय दत्त की नानी जद्दनबाई भी अपने जमाने की हिट अदाकारा थीं। साथ ही वो पहली महिला संगीतकार भी थीं। जद्दनबाई मुंबई फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा नाम बनीं। 1935 में उन्होंने संगीतकार की भूमिका निभाते हुए 'तलाशे हक' में अपना जौहर दिखाया। 1936 में 'मैडम फैशन', 1936 में एक अन्य फिल्म 'हृदय मंथन', 1937 में 'मोता का हार', इसी साल एक अन्य फिल्म 'जीवन स्वप्न' में उन्होंने अपने निर्देशन से लोगों का दिल जीत लिया।

मोहन बाबू (नरगिस के पिता) ने जद्दनबाई से शादी कर ली थी और अपना धर्म बदल लिया था। जद्दनबाई ने कड़े संघर्ष के बाद खुद को एक निर्देशक के रूप में स्थापित किया। हालांकि फिल्म 'बरसात' के निर्माण के दौरान कैंसर के कारण उनका निधन हो गया।

शोभना समर्थ

अपनी सौम्य छवि से दर्शकों के दिल में जगह बनाने वाली शोभना समर्थ ने निर्देशन में भी अपना सिक्का जमाया था। उन्होंने 1935 में फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया था। साल 1950 में फिल्म 'हमारी बेटी' से उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था। इसके 10 साल बाद उन्होंने 'छबीली' फिल्म का निर्देशन किया था जिसमें उनकी दोनों बेटियां नूतन और तनूजा नजर आई थीं।

सई परांजपे

सई परांजपे को उन चुनिंदा फिल्म निर्देशकों में गिना जाता है, जिन्होंने आर्ट सिनेमा की गरिमा को बनाए रखा। उनका जन्म 19 मार्च 1938 को मुंबई में हुआ था। सई परांजपे ने जानदार मुद्दों को कभी संवेदनशील तरीके से तो कभी रोमांचक अंदाज में पेश किया। स्पर्श, चश्मे बद्दूर, कथा, साज, दिशा वो फिल्में हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में आयाम कायम किया। उन्होंने कई मराठी नाटकों को लिखा और निर्देशित किया है। उन्होंने कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किए। भारत सरकार ने सई परांजपे को उनकी कलात्मक प्रतिभा की पहचान के लिए साल 2006 में पद्म भूषण उपाधि से भी सम्मानित किया।

चश्मे बद्दूर जैसी कॉमेडी फिल्में बनाकर उन्होंने ये साबित किया कि इस तरह की फिल्में भी महिला निर्देशिकाएं बना सकती हैं। 1981 में आई 'चश्मे बद्दूर' फिल्म दिल्ली में रह रहे 3 बेराजगार नौजवानों की कहानी है। इन तीनों नौजवानों को एक अदद नौकरी जरूरत होती है। नौकरी से ज्यादा उन्हें जरूरत एक प्रेमिका की होती है। हास्य का ताना-बाना इसी के इर्द-गिर्द बुना गया है। फिल्म में 3 लड़कों का किरदार फारुख शेख, रवि वासवानी और राकेश बेदी ने निभाया। सई परांजपे ने फिल्म 'स्पर्श' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी और ओमपुरी ने अभिनय किया था। फिल्म में अंधे लोगों को लेकर लोगों की मानसिकता को उजागर किया गया है। नसीरुद्दीन शाह ने एक अंधे आदमी का किरदार काफी बेहतरीन तरीके से निभाया था।



अरुणा राजे

अरुणा राजे का जन्म साल 1946 में हुआ, जिन्होंने हिंदी सिनेमा में अपने निर्देशक और संपादक से अलग आयाम स्थापित किया। 1976 में उन्होंने फिल्म 'शक', साल 1980 में 'गहराई' और 1982 में फिल्म 'सितम' का सह-निर्देशन अपने पति विकास देसाई के साथ किया। उनकी शादी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी और दोनों ने तलाक ले लिया। लंबे समय के बाद उन्होंने 1988 में फिर से फिल्मी दुनिया में वापसी की और फिल्म 'रिहाई' का निर्देशन किया। 1992 में फिल्म 'पतित पवन' 1993 में 'शादी या...' जो एक टीवी सीरीज थी, 1996 में भैरवी, 2004 में तुम, 2019 में फायरब्रांड का निर्देशन किया है।

अरुणा राजे ने महिला सशक्तीकरण पर फिल्में बनानी उस दौर में शुरु की थीं, जब बॉक्स ऑफिस पर हर तरफ मसाला फिल्मों का बोलबाला था। 1988 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'रिहाई' हिंदी सिनेमा की क्लासिक फिल्मों में गिनी जाती है। रिहाई में अरुणा राजे ने हेमा मालिनी के लिए दमदार किरदार लिखा था। अरुणा राजे का नाम महिला सशक्तीकरण पर बनी फिल्मों के पुरोधाओं में लिया जाता है।

दीपा मेहता

बॉलीवुड का सिर गर्व से ऊंचा करने वाली दीपा मेहता ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्म डायरेक्टर हैं। इनकी फिल्में भारतीय परिवेश के सामाजिक मुद्दों और महिलाओं पर केंद्रित होती हैं। इन्होंने 1996 में बनी 'फायर' 1998 की 'अर्थ' और 2005 की 'वाटर' से ऑस्कर अवार्ड में प्रवेश किया। आज दीपा मेहता इंडो-कैनेडियन फिल्म डायरेक्टर के नाम से ज्यादा मशहूर हैं। दीपा मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'फायर' दो महिलाओं के समलैंगिक रिश्तों पर आधारित थी। यह मध्यवर्गीय परिवार में उन दो महिलाओं की कहानी थी जो रिश्ते में देवरानी और जेठानी होती हैं और एक दूसरे के प्रति आकर्षित हो जाती हैं।

उस दौर में कई संगठनों ने इस फिल्म का विरोध किया था। दीपा मेहता की फिल्म 'वाटर' में विधवा महिलाओं के जीवन से जुड़ी स्याह दुनिया को दिखाया गया है। इस फिल्म को अकादमी अवॉर्ड 2007 के लिए नॉमिनेट भी किया गया। हालांकि फिल्म का काफी विरोध हुआ। दीपा मेहता को भारत की सबसे प्रतिष्ठित निर्देशकों में शुमार किया जाता है।

मीरा नायर

अपनी फिल्मों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली मीरा नायर पुरुषों को भी टक्कर देती हैं। मीरा ने अपने सफर की शुरुआत शार्ट फिल्म व डाक्यूमेंट्री से की लेकिन आज उनका नाम देश की बेस्ट फिल्म निर्देशक में शामिल हैं। फिल्म 'सलाम बॉम्बे' (1988) ने इन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई, जिसके लिए इन्हें कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

इतना ही नहीं, इनकी इस पहली फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में गोल्डेन कैमरा अवार्ड भी मिला। साल 1996 में आई फिल्म 'काम सूत्र' को लेकर देशभर में विरोध हुआ था। फिल्म में कई बोल्ड और न्यूड सीन फिल्माए गए थे। फिल्म को मीरा नायर ने डायरेक्ट किया था। मीरा ने हॉलीवुड फिल्में जैसे Amelia, Queen of Katwe, The Namesake जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं।

कल्पना लाजमी

कल्पना लाजमी मशहूर अभिनेता गुरुदत्त की भतीजी के साथ-साथ मशहूर चित्रकार ललिता लाजमी की बेटी थी। कल्पना ने निर्देशन की शुरुआत श्याम बेनेगल के साथ बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर की। सन् 1978 में 'डी.जी. मूवी पायोनियर', 1979 में 'ए वर्क स्टडी इन टी प्लकिंग' तथा 1981 में 'एलांग विथ ब्रह्मपुत्र' के बाद 1986 में फीचर फिल्म 'एक पल' बनाई। 1988 में 'लोहित किनारे' 1993 में 'रुदाली', '1997 में 'दरमियां', 2001 में दमन, '2003 में 'क्यों' और 2006 में फिल्म 'चिनगारी' निर्देशित की। रुदाली काफी पसंद की गई। वे नारीवादी विषयों पर फिल्म बनाने के लिए जानी गईं।

कल्पना लाजमी ने 'दमन' (दमनः ए विक्टिम आफॅ मेरिटल वायोलेंस) और 'चिनगारी' बनाई। 'चिनगारी' ग्रामीण परिवेश में वेश्यावृत्ति की कथा पर आधारित फिल्म थी। इसमें सुष्मिता सेन ने कल्पना के निर्देशन में बखूबी अभिनय किया। देखा जाए तो कामर्शियल अभिनेत्रियों में कलात्मक अभिनय की खोज का उल्लेखनीय काम कल्पना लाजमी ने किया। 2018 में उनका निधन हो गया।

अपर्णा सेन

अपर्णा सेन ने फिल्मों में अभिनय एवं निर्देशन के साथ लोकप्रिय बंगाली पत्रिका 'सानंद' का भी लम्बे समय तक संपादन किया। अपर्णा के निर्देशन में बनीं महत्वपूर्ण फिल्में थीं- 1981 में 36 चौरंगी लेन, 1984 में परोमा, 1989 सती, 1989 में पिकनिक, 1995

में युगांत, 2000 में हाउस ऑफ मेमोरीज, 2002 में मिस्टर और मिसेज अय्यर, 2005 में 15 पार्क एवेन्यू , 2010 में इति मृणालिनीः एन अनफिनिश्ड लेटर एवं 2013 में गोयनार बक्शो। उनकी फिल्म 'द जैपनीज वाइफ' को 2010 में कनाडा के कैलगरी में आयोजित 'हिडन जेम्स फिल्म महोत्सव' में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया था। 'इति मृणालिनीः एन अनफिनिश्ड लेटर' बायोग्राफिक फिल्म है।

फिल्म शुरू होती है एक वेटरन एक्ट्रेस मृणालिनी मित्रा के सुसाइड नोट से। इसकी एक अभिनेत्री अपने जीवन की सभी त्रासदियों का दोषी खुद को मानती है और याद करती है अपने उस समय को जब वो अपने दोस्तों के साथ सिनेमा में जाने का ख्वाब देखती थी। स्त्री मनोदशा को फिल्माने में

अपर्णा सेन को महारत हासिल है। वे बिना झिझके स्त्री के अंतर्मन को बड़ी कलात्मकता से रुपहले पर्दे पर उतार देती हैं। इनकी नई फिल्म 'द रेपिस्ट' है। 'द रेपिस्ट' को वैराइटी मैगज़ीन द्वारा 'अपर्णा सेन के बेहतरीन कार्यों में से एक' के रूप में प्रशंसित किया गया है। फिल्म ने 26वें बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रतिष्ठित किम जिसियोक पुरस्कार जीता है। फिल्म स्पष्टतः अपराध से परे दिखती है। यह न केवल यह पता लगाती है कि अपराध का कारण क्या है और यह अपराधियों को कैसे प्रभावित करता है, बल्कि यह भी पता चलता है कि जब सच्चाई करीब आती है तो किसी के आदर्शवादी विचारों में भारी बदलाव आता है।

फराह खान

फराह खान ने कोरियोग्राफी से लेकर फिल्मों के निर्देशन तक का एक लंबा सफर तय किया है। फिल्म

जो जीता वहीं सिंकदर में पहले कोरियोग्राफी का जिम्मा सरोज खान को दिया गया था, लेकिन किसी कारण वो ये काम नहीं कर पाईं और फिर ये मौका मिला फराह खान को। कोरियोग्राफी के बाद उन्होंने फिल्म निर्देशन में दिलचस्पी दिखाई और 'मैं हूं ना', 'ओम शांति ओम', 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी कई हिट फिल्में बनाईं।

जोया अख्तर:

सफल निर्देशकों की सूची में जोया अख्तर का नाम भी शामिल हो चुका है। वह एक ऐसी फिल्म डायरेक्टर हैं जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ही हिट नहीं होतीं बल्कि आलोचकों को भी पसंद आती हैं। उनकी मेहनत का ही ये फल था कि उनकी फिल्म

'गली ब्वॉय' को ऑस्कर के लिए भेजा गया था। जोया 'गली ब्वॉय' के अलावा 'दिल धड़कने दो', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' और 'लक बाई चांस' जैसी फिल्में बना चुकी हैं। जोया अख्तर बखूबी जानती हैं कि उनके ऑडियंस को क्या चाहिए।

उनकी फिल्मों में जिंदगी का सेलिब्रेशन दिखाई देता है और इसी वजह से उनकी फिल्में सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं। रीयल लाइफ में बहुत सी चीजें ऐसी भी होती हैं जो डिप्रेसिंग होती हैं और इंसान को फ्रस्टेशन के स्तर पर पहुंचा देती हैं, लेकिन जोया अख्तर की फिल्मों में रियलिटी होने के बावजूद उम्मीद की किरण दिखाई देती है जो ऑडियंस को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

रीमा कागती

गुवाहाटी से आने वाली रीमा कागती बॉलीवुड की कुछ डिफरेंट डायरेक्टर्स में से एक हैं। साल 2007 में आई फिल्म हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लि. से चर्चा में आई रीमा की दूसरी फिल्म तलाश थी जिसमें अमीर खान जैसे

दिग्गज बॉलीवुड एक्टर ने काम किया था।

इसके अलावा रीमा 'लक्ष्य', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'दिल चाहता है', 'लगान' जैसी फिल्मों का सहायक निर्देशन कर चुकी हैं। रीमा कागती की बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'गोल्ड' ने 100 करोड़ क्लब में अपनी जगह बनाई। फिल्म में अक्षय तपन भारतीय हॉकी टीम के मैनेजर हैं, जिनका सपना है कि भारत ब्रिटिश टीम को हराकर हॉकी में ओलंपिक गोल्ड मेडल हासिल करे।

तनुजा चंद्रा

1995 के बाद महिला निर्देशकों की कतार में तनुजा चंद्रा ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

चंद्रा ने 'संघर्ष' और 'दुश्मन' जैसी साईकोथ्रिल फिल्मों का निर्देशन भी किया।

तनुजा चंद्रा को बेहद गंभीर और संजीदा निर्देशक के रूप में जाना जाता है। सुष्मिता सेन को लेकर 'जिंदगीं रॉक्स' का भी निर्देशन उन्होंने किया था। फिल्म 'होप एंड लिटिल सुगर' के निर्देशन के लिए तनुजा चंद्रा की काफी तारीफ की गई थी।

अनुषा रिजवी

फिल्म 'पीपली लाइव' से लोगों के दिल में जगह बनाने वाली अनुषा रिजवी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में आने से पहले वह एन. डी. टी. वी. की रिपोर्टर थीं। उन्होंने किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को आधार बनाकर एक कहानी लिखी थी और उस पर ही पहली फिल्म बनाई, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।

लीना यादव

महिला निर्देशिकाओं में एक अलग पहचान बनाने वाली लीना यादव अक्सर कुछ नया करने की सोचती हैं। इनकी दोनों फिल्में 'शब्द' और 'तीन पत्ती' हॉलीवुड से प्रेरित रहीं है। इसके अलावा भी लीना ने बॉलीवुड की 'राजमा चावल' पार्च्ड' जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन किया है। 'पार्च्ड' को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में काफी सराहना मिली है। फिल्म बाल विवाह, पितृ सत्तात्मक परिवारों, रूढ़िवादी परंपराओं और मैरिटल रेप जैसे विषयों पर आधारित थी।

गौरी शिंदे

गौरी ने अपनी कॅरियर की शुरुआत डाक्यूमेंट्री फिल्मों से की लेकिन आज वह किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म 'इंग्लिश-विंग्लिश' से सबके दिलों में छा जाने वाली फिल्म निर्देशिका गौरी शिंदे मशहूर फिल्म निर्देशक आर. बाल्की की पत्नी हैं। भारत में तो इस समय यह आलम है कि विद्वान उसे ही माना जाता है जिसे अंग्रेजी आती है। करोड़ों भारतीय ऐसे हैं जिन्हें यह भाषा बिलकुल पल्ले नहीं पड़ती और रोजाना इस हीन भावना से ग्रस्त रहते हैं उनकी फिल्म ऐसी ही शशि नामक महिला की कहानी है जो इस भाषा में अपने आपको व्यक्त नहीं कर पाती। घर पर बच्चे और पति अक्सर उसका मजाक बनाते हैं क्योंकि अंग्रेजी शब्दों का वह गलत उच्चारण करती हैं। उन्होंने साल 2016 में 'डियर जिंदगी' नाम की संवेदनशील फिल्म बनाई जिसमें आलिया और शाहरुख खान ने लीड भूमिका निभाई थी।

मेघना गुलजार

मेघना ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने कॅरियर की शुरुआत निर्देशक सईद मिर्जा को असिस्ट कर किया था। उसके बाद फिल्म मेकिंग सीखने के लिए न्यूयॉर्क चली गई थीं। न्यूयॉर्क से वापस आने के बाद उन्होंने अपने गुलजार पिता की फिल्म माचिस और हू-तू-तू में असिस्ट किया। उसके बाद मेघना ने कई डॉक्यूमेंट्रीज और म्यूजिक एलबम बनाए।

साल 2002 में मेघना ने निर्देशन की शुरुआत फिल्म 'फिलहाल' से की। इस फिल्म में तब्बू और सुष्मिता सेन लीड रोल में थीं। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाइ। इस फिल्म में मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन और तब्बू नजर आई थीं। उनकी फिल्म सरोगेसी पर आधारित थी। उस वक्त यह फिल्म बोल्ड मानी गई। इसके बाद निर्देशक ने साल 2015 में फिल्म 'तलवार' से कमबैक किया। ये फिल्म आरुषि हत्याकांड पर केंद्रित थी। मेघना की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। जिसके बाद उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली। 2018 में मेघना ने फिल्म 'राजी' बनाई। फिल्म ने विक्की कौशल और आलिया भट्ट लीड रोल में थे। इस फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस किया। उसके बाद मेघना ने साल 2020 में फिल्म 'छपाक' बनाई। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं। बाद में उन्होंने फिल्म 'जस्ट मैरिड' और 'दस' कहानियां निर्देशित की। इसके बाद आरुषि हत्याकांड पर 'तलवार' फिल्म बनाई।

नंदिता दास

नंदिता दास का जन्म 7 नवंबर 1969 को हुआ था। उनके पिता जतिन दास प्रसिद्ध कलाकार और उनकी मां लेखिका थीं। नंदिता का जन्म मुंबई में हुआ लेकिन परवरिश दिल्ली में हुई, जहां सरदार पटेल विद्यालय में उनकी शुरुआती शिक्षा-दीक्षा हुई। बाद में दिल्ली के मिरांडा हाउस से उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की। निर्देशक के रूप में 'फ़िराक़' उनकी पहली फिल्म हैं जिसका प्रीमियर साल 2008 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ।

इस फिल्म को तकरीबन 50 फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया जिसे 20 पुरस्कार हासिल हुए। पहली फिल्म 'फिराक़' गुजरात में हुए गोधरा कांड के 24 घंटे और उसके बाद हुए सांप्रदायिक दंगों में आम आदमी के दर्द को दिखाने का सशक्त प्रयास करती हैं। उन्हें कान्स फिल्म समारोह में साल 2005 और 2013 में ज्यूरी के रूप में

मनोनीत किया गया। कला में उल्लेखनीय योगदान के लिए नंदिता दास को फ्रांस सरकार की ओर से 'ऑर्ड्रे देस आर्ट्स एत देस लेटर्स' से सम्मानित किया गया है। नंदिता ने 2018 में 'मंटो' फिल्म निर्देशित की थी। नंगा सच दिखाकर सामाजिक यथार्थ को उजागर करने वाले कहानीकार सआदत हसन मंटो के साथ नंदिता दास ने फिल्म 'मंटो' में पूरा न्याय किया है और इस फिल्म के जरिये उन्होंने उस दौर के हिंदुस्तान को दिखाते हुए समाज के दोहरेपन को भी बेनकाब किया है।

संदर्भ

- एस चंद्रकांत, (December 8, 2018),देश की 10 महान हिंदी महिला फिल्म निर्देशक https://www.youngisthan.in/hindi/10-great-film-directors-of-india-1276/
- गुप्ता उषा , हिंदी सिनेमा में महिला निर्देशकों ने बनाई अपनी अलग पहचान, https://www.merisaheli.com/7-daring-female-directors-redefining-indian-hindi-cinema-to-the-world-from-meghna-gulzar-to-farah-khan/
- पेडणेकर सतीश(29 March,2019), राह आसान नहीं है महिला निर्देशकों की, https://hindi.theprint.in/culture/women-directors-like-zoya-akhtar-meghna-gulzar-nadita-dass-path-is-not-easy-in-bollywood/
- गोयलअनुराधा (07 Mar 2015) , महिलाएं जिन्होंने संभाली निर्देशन की कमान, https://www.amarujala.com/entertainment/bollywood/female-directors-in-bollywood
- News18 हिंदी (June 01, 2015), ये हैं बॉलीवुड की 10 महिला डायरेक् टर, https://hindi.news18.com/photogallery/woman-director-376554.html
- दीपांशा काशुधान(Mar 8 ,2021)Bollywood Female Director: बॉलीवुड की मशहूर महिला डायरेक्टर, जिन्होंने फिल्मों में महिला किरदार की गढ़ी अलग परिभाषा.https://samacharnama.com/news/bollywood-female-director
- निशा सिन्हा(NOV, 2021)महिला फिल्म डायरेक्टर्स का डंका:स्टीरियोटाइप स्टोरी लाइन से हटकर काम कर रही हैं वुमन फिल्म डायरेक्टर, https://www.bhaskar.com/women/news/woman-film-director-working-away-from-stereotype-story-line-129003071.html
- Retrieved from https://hindi.mapsofindia.com/my-india/history/history-of-indian-cinema
- डॉ. शरद सिंह(दिसंबर 5, 2018) ,चर्चा प्लस ...भारतीय सिनेजगत की महिला निर्देशक जो जोखिम लेने से नहीं डरतीं, https://sharadakshara.blogspot.com/2018/12/blog-post.html
- भुराड़िया निर्मला (1998) , कैमरे के पीछे महिलाएं, इंदौर

बिंज वाचिंग: वेब सीरीज विषयवस्तु व युवाओं की बदलती जीवनशैली

*** मनोज कुमार पटेल**
**** डॉ. गजेंद्र अवास्या**

शोध सार : इन्टरनेट की सुलभ उपलब्धता, स्मार्ट मोबाइल फ़ोन के बढ़ते प्रचलन और कोविड महामारी के कारण हुए लॉकडाउन ने दर्शकों के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वर्चुअल विषयवस्तु की मांग को काफी बढ़ाया है। वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर कभी भी और कहीं भी विषयवस्तु देखने की सुविधा ने हमारी देखने की आदतों में भी काफी बदलाव किया है, जिसमें से एक बिंज वाचिंग (Binge Watching) प्रवृत्ति है। इसमें अधिक से अधिक वेब सीरीज विषयवस्तु को एक ही बार में लगातार देखने की होड़ रहती है और जिसके कारण दर्शकों की, विशेषकर युवाओं की जीवनशैली में काफी बदलाव होने की संभावना रहती है, साथ ही शारीरिक और मानसिक रोग होने की भी आशंका रहती है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य ओटीटी पर उपलब्ध वर्चुअल विषयवस्तु के कारण युवाओं में बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के कारकों को जानना और उनकी जीवनशैली में हो रहे बदलावों पर शोध करना है। यह शोध भोपाल जिले के 15 से 40 वर्ष के उत्तरदाताओं के सर्वे पद्धति से एकत्रित नमूने पर आधारित है। प्रस्तुत शोध में डिजिटल विषयवस्तु के प्रति युवाओं में बढ़ती रुचि, बिंज वाचिंग प्रवृत्ति और उससे प्रभावित होती जीवनशैली के कारकों का अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया है।

मुख्य शब्द : ओटीटी प्लेटफॉर्म, बिंज वाचिंग, डिजिटल विषयवस्तु, जीवनशैली, वर्चुअल विषयवस्तु ।

परिचय

तेजी से ऑनलाइन होती दुनिया और बदलती परिस्थितियों के साथ डिजिटल डाटा के उपभोग के माध्यम और तरीकों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। 2008 में रिलायंस द्वारा पहला ओटीटी प्लेटफॉर्म् BigFix लाया गया, उसके बाद से आज लगभग 40 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म भारतीय बाज़ार में उपलब्ध हैं (Dangwal, 2017) जिसमें हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम वीडियो, जी 5 इत्यादि इनमें कुछ प्रमुख नाम हैं। इसकी सुलभ उपलब्धता और इसमें प्रसारित मूल हिंदी विषयवस्तु इसकी लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है। जहाँ पहले पारंपरिक माध्यमों में प्रतिदिन एक तय समय पर कार्यक्रमों को प्रसारित किया जाता था और जिसे देखने का भी एक सीमित समय था, वहीं आज दर्शक ओटीटी प्लेटफॉर्म और इन्टरनेट के माध्यम से किसी भी कार्यक्रम को कभी भी और कहीं भी देख सकता है। यह बदलाव विशेषकर युवाओं के लिए मनोरंजन के माध्यम के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा जिसके प्रारंभ में काफी फायदे भी नज़र आये परन्तु बिंज वाचिंग प्रवृत्ति और उसके नकारात्मक प्रभावों से युवा दर्शकों की जीवनशैली में बदलाव देखने को मिलने लगे हैं और साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक रूप से हानि भी हो सकती है।

युवा और बिंज वाचिंग-

बिंज वाचिंग वह प्रवृत्ति है जिसमें दर्शक किसी भी ओटीटी विषयवस्तु को एक ही बैठक में कई घंटों तक लगातार देखता है या किसी भी कार्यक्रम के तीन या उससे अधिक एपिसोड को एक ही बैठक में लगातार देखता है (Dictionary, 2020)l तेजी से होते तकनीकी बदलाव के साथ ही भारत में भी इन्टरनेट का उपयोग अधिक होने लगा है। भारत आज युवाओं द्वारा इन्टरनेट के उपयोग के मामले में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है जिसके लिए मनोरंजन की जरूरत पूरी करने हेतु ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाएं एक वैकल्पिक माध्यम के रूप में स्थापित हो गई हैं। 2020 में, पूरे भारत में 749 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे। यह आंकड़ा 2040 तक 1.5 बिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं तक बढ़ने का अनुमान था, जो दक्षिण एशियाई देश के लिए इंटरनेट सेवाओं में एक बड़ी बाजार क्षमता का संकेत देता है। (STATISTA, 2021)

इस बदलती तकनीक में न तो किसी एपिसोड के एक विशेष समय पर आने की प्रतीक्षा करना है और न ही उसके लिए किसी एक जगह बैठकर देखना है बल्कि इसे हम जब चाहें, जहाँ चाहें और कितनी भी देर तक देख सकते हैं। इन सुविधाओं के कारण दर्शक विशेषकर युवा दर्शक बिंज वाचर बनता जा रहा है। यह

* शोधार्थी, जागरण लेक यूनिवर्सीटी भोपाल
** असिस्टेंट प्रोफेसर, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

उसके आवेग व्यवहार या निर्माता द्वारा क्लिफहेंगर सिद्धांत से निर्मित की गयी जिज्ञासा के कारण भी हो सकता है।

वैसे बिंज वाचिंग प्रवृत्ति निम्नलिखित कारणों में से किसी एक वजह से अधिक देखी जा सकती है –

1. क्लिफ हैंगर सिद्धांत में किसी भी एपिसोड का नाटकीय या रोमांचक अंत किया जाता है जिससे दर्शक के मन में अगला एपिसोड उसी वक्त देखने की जिज्ञासा जाग्रत हो जाती है।(collinsdictionary, 2015)
2. वेब सीरीज निर्माता द्वारा सभी एपिसोड एक ही बार में प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने से भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल सकता है।
3. कोविड जैसी महामारी के कारण समय मिलने और कई बार अपनी भावनात्मक क्षति को पूरा करने हेतु भी दर्शकों को डिजिटल विषयवस्तु देखने की लत लग सकती है।

डिजिटल विषयवस्तु की आसान और सस्ती उपलब्धता से युवाओं पर बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के प्रभाव बढ़ने की स्थिति में उनकी जीवनशैली में बदलाव होने की भी संभावना रहती है जिसमें नींद में कमी, मानसिक तनाव, कार्य क्षमता में कमी जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। 2013 में किया गए सर्वे के अनुसार भी अधिकांश दर्शक एक ही बैठक में अपने पसंदीदा कार्यक्रमों के कई एपिसोड देखना पसंद करते हैं (Pomerantz, 2013) जिससे उसकी जीवनशैली, अभिवृत्ति और उसको देखने की आदतों में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

ओटीटी विषयवस्तु तकनीक -

आज युवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर हो चुका है, कैलकुलेटर से लेकर वर्चुअल 3D आर्ट तक, सब कुछ इन उपकरणों के माध्यम से संभव है। दुनिया के लगभग 4.4 बिलियन लोग एक दूसरे को किसी भी तरह की जानकारी किसी भी समय ऑनलाइन इन्टरनेट के माध्यम से भेज सकते हैं और देख सकते हैं (Clement, 2020)। एक समय था जब पारंपरिक माध्यम ही मनोरंजन का एकमात्र साधन था जिसमें विभिन्न शैली के कार्यक्रम तय समय पर आते थे और युवाओं के बीच MTV और चैनल V जैसे चैनल पहली पसंद बन गए थे पर इनकी संख्या सीमित थी।

इसी निर्भरता के कारण डिजिटल विषयवस्तु की मांग भी काफी बढ़ी है। जिसको पूरा करने के लिए अब इन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के द्वारा मूल विषयवस्तु के निर्माण करने पर जोर दिया जा रहा है। अनुसंधान और परामर्श फर्म्स OMDIA के अनुमान के अनुसार, तीन प्रमुख ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम और हॉटस्टार का 2021 में कुल 282 मिलियन का बजट मूल विषयवस्तु के निर्माण के लिए है और भारत के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे जी 5, EROSNOW, सोनी लिव, वूट, ALT बालाजी, जिओ सिनेमा का कुल बजट 665 मिलियन मूल विषयवस्तु के निर्माण के लिए रखा गया है (Exchange4Media, 2020)l ओटीटी के माध्यम से बड़ी मात्रा में डिजिटल विषयवस्तु, विशेषकर वेब सीरीज इन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और साथ ही नियमन की कमी, गुणवत्तापूर्ण विषयवस्तु और बड़े कलाकारों का इन वेबसीरीज की तरफ झुकाव भी इसकी लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है।

इस शोध में हम युवाओं में ओटीटी की बढ़ती रुचि और बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के कारकों जानेंगे। साथ ही इस प्रवृत्ति के कारण युवाओं की जीवनशैली में हो रहे बदलाव का अध्ययन कर इसके नकारात्मक तत्वों का विश्लेषण करेंगे।

सैद्धांतिक रूपरेखा

मनोरंजन के माध्यम और समाज के परिवर्तन के बीच एक खास जुड़ाव होता है। मीडिया परिदृश्य में चल रहे डिजिटल व्यवधान के कारण समाज पर इसका जो प्रभाव है, वह अप्रामाणिक है। इसने सुलभता, पोर्टेबिलिटी और विषयवस्तु देखने की जो स्वतंत्रता प्रदान की है उसके कारण इसके उपभोग की आदतों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से, वीडियो विषयवस्तु देखने के अनुभव को 'ओवर-द-टॉप' वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस प्लेटफॉर्म्स ने क्रांतिकारी रूप से बदला है (Tryon, 2015)।

वेब सीरीज प्रभावी दृश्य माध्यम है। इसकी आसान उपलब्धता और इसमें दिखाए जाने वाले दृश्य और चरित्र का प्रभाव हमारे समाज पर होता है। एक अध्ययन में इन्टरनेट के उपयोग और उसके प्रभावों को समझने हेतु दो सिद्धांतों यूज़ एंड ग्रेटीफीकेशन सिद्धांत (Use and Gratification Theory) एवं प्ले थ्योरी ऑफ़ मॉस कम्युनिकेशन (Play theory of Mass Communication) का उपयोग किया गया है।(Chien Chou, 2000) इन्टरनेट के अत्यधिक उपयोग से उपयोगकर्ताओं को उनकी जीवनशैली जैसे भोजन, नींद, अध्ययन, कार्य आदि में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं जो किसी भी माध्यम के अत्यधिक उपयोग से होने वाले प्रभावों को दर्शाता है। इन प्रभावों से जीवनशैली में हुए बदलावों और इसके कारकों को जानने के लिए इस शोध में इन दोनों सिद्धांतों का उपयोग किया गया है। यूज़ एंड ग्रेटीफीकेशन सिद्धांत, जो लोगों पर मीडिया के प्रभावों की चर्चा करता है वहीं विलियम स्टीफेंसन (William Stephenson) द्वारा दी गयी प्ले थ्योरी ऑफ़ मॉस कम्युनिकेशन में मुख्य रूप से इसी बात पर जोर दिया गया है कि हम अपनी संतुष्टि के लिए मीडिया का उपयोग कैसे करते हैं। यह सिद्धांत जरूरतों, उद्देश्यों और प्रभाव के मनोविज्ञान से निकटता से संबंधित है। स्टीफेंसन के अनुसार हम अपनी कल्पनाओं को विकसित करते हैं और मीडिया में अपने पसंदीदा

पात्रों को देखकर अपनी भावनाओं का प्रदर्शन करते हैं। हम अपने पात्रों को मीडिया में देखकर उससे खुद को जोड़ने की कोशिश करते हैं और उसमें दिखाए जाने वाले चरित्र से काफी प्रभावित होते हैं। वेब सीरीज विषयवस्तु में भी पात्रों द्वारा नकारात्मक तत्वों के अत्यधिक प्रदर्शन को दर्शक सच और स्वाभाविक मानकर उन तत्वों को अपने जीवनशैली में शामिल कर लेता है।

जॉर्ज गरबनर ने सबसे पहले कल्टीवेशन को मुख्यधारा मीडिया के लिए मैक्रो-स्तरीय स्पष्टीकरण के रूप में विकसित किया था (Potter, 2014)। गरबनर द्वारा दिए गए कल्टीवेशन के सिद्धांत (Cultivation Theory) से पता चलता है कि अगर लंबे समय तक किसी भी मीडिया को देखा या सुना जाए, विशेष रूप से टेलीविजन, तो वह दर्शकों के मन में वास्तविकता की धारणा को उजागर कर देता है। उन्होंने इसे 'मीन वर्ल्ड सिंड्रोम' भी कहा है (Jaggi, 2013)। गरबनर ने बताया है कि जो दृश्य टेलीविजन में विभिन्न धारावाहिक, विज्ञापन, सिनेमा आदि द्वारा लंबी अवधि तक बार-बार दिखाए जाते हैं उसकी वजह से वह सामाजिक और मानक विचारों का निर्माण करता है और उसमें दिखाए जा रहे दृश्यों को अनुभूति करने लगता है।

साहित्य समीक्षा

आधुनिक समय में 'ओवर द टॉप' वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस जैसे डिजिटल माध्यम के उद्भव और लोकप्रियता के कारण तथा उसकी पहुँच जैसे विषयों पर कई तरह के शोध पत्र लिखने का कार्य हुआ है। परन्तु हर तकनीक के कुछ फायदे हैं तो साथ ही उसके हानिकारक प्रभाव भी होते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित विषयवस्तु से विशेषकर वेब सीरीज से बढ़ती बिंज वाचिंग प्रवृत्ति से युवाओं पर लगातार हानिकारक प्रभाव बढ़ते जा रहे हैं। मुंबई शहर के युवाओं पर हुए अध्ययन में सामने आया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी और नौकरीपेशा नौजवानों ने अपने आप को बिंज वाचर माना जिसकी वजह से उनकी कार्य क्षमता पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और साथ ही इस लत के कारण उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत भी प्रभावित हुई है (Aditya Dhanuka, 2019)।

बिंज वाचिंग की परिभाषा की बात करें तो डिजिटल डेमोक्रेसी सर्वे के अनुसार, "किसी भी टीवी या वेब सीरीज कार्यक्रम के तीन या उससे अधिक एपिसोड एक ही बैठक में देखना बिंज वाचिंग होता है"(Deloitte, 2015)। दर्शक किसी भी कार्यक्रम के एपिसोड को पारंपरिक माध्यम में दिखाए जाने वाली क्रमबद्ध तकनीक या प्रतिदिन एक एपिसोड देखने के बजाय जल्दी से जल्दी किसी भी कार्यक्रम के सभी एपिसोड देखना चाहते हैं जो विभिन्न सर्वे के नतीजों में भी दर्शाया गया है। नेटफ्लिक्स द्वारा 2013 में किये गए सर्वे में भी 73 प्रतिशत लोगों ने किसी भी एक कार्यक्रम के 2 से 6 एपिसोड लगातार एक ही बैठक में देखने को बिंज वाचिंग कहा गया। (West, 2013)

मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा साहित्य ने भी बिंज व्यवहार को एक बुरी लत के रूप में परिभाषित किया है। (Mark S Gold, 2003) शोध में बताया गया है कि व्यक्ति अधिकतर वास्तविकता से बचने के लिए ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहता है। पारंपरिक माध्यमों में भी दर्शकों की बिंज वाचिंग की आदतों को देखा गया है। टीवी दर्शकों पर "बिंज वाचिंग के प्रमुख कारक और उससे उत्पन्न होने वाला अपराध बोध" विषय पर किये गए एक सर्वे में पाया गया कि दर्शक लगातार स्क्रीन के सामने बैठने को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं जबकि एपिसोड की संख्या से उन्हें अधिक मतलब नहीं होता है। इसमें यह भी देखा गया कि अधिकतर बिंज वाचर अकेले ही टीवी देखना पसंद करते हैं जो सुविधा ओटीटी ने बड़ी आसानी से उपलब्ध करा दी है। उनकी अपराध बोध भावना से उनके टीवी देखने के स्वरूप में भी कई बदलाव इस शोध में देखने को मिले हैं(Wagner, 2016)।

कभी भी और कहीं भी विषयवस्तु देखने की सुविधा ने ओटीटी स्ट्रीमिंग सर्विस प्लेटफॉर्म्स को मनोरंजन का एक वैकल्पिक माध्यम बना दिया है। कोविड महामारी और लॉकडाउन ने भी भारत में लगातार ओटीटी के दर्शकों में बढ़ोतरी की है। यह इन प्लेटफॉर्म्स के लिए वरदान की तरह साबित हुआ है। कुछ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे जी 5 के सब्सक्रिप्शन में लगभग 80 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। कोविड काल में लगभग हर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स विषयवस्तु की खपत और उसकी दर्शक संख्या विशेषकर युवा दोनों में काफी बढ़ोतरी हुयी है (Kaushal, 2020)। इसी दौर में इन युवा दर्शकों का बिंज वाचर बनना प्रारंभ होता है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य भी युवा दर्शकों में बिंज वाचिंग के कारकों को जानने और उससे उनकी जीवनशैली में होने वाले बदलावों का अध्ययन और विश्लेषण करना है।

अध्ययन के उद्देश्य

1. वेब सीरीज विषयवस्तु के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि का विश्लेषण।
2. ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बढ़ती बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के कारकों को जानना।
3. बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के कारण युवा दर्शकों की जीवनशैली में हो रहे बदलाव को जानना।

अध्ययन की प्रासंगिकता

भारत में लगातार ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवा और वेब सीरीज विषयवस्तु के बढ़ते प्रभाव एवं उसकी आसन्न उपलब्धता ने युवाओं के बीच बिंज वाचिंग प्रवृत्ति को काफी बढ़ावा दिया है जिसके परिणामस्वरूप युवाओं की जीवनशैली पर उसका असर दिखने लगा है। बिंज वाचिंग के कारण होने वाले बदलावों के कारकों को जानने का प्रयास प्रस्तुत अध्ययन में किया गया है। इसके माध्यम से ओटीटी प्लेटफॉर्म और बिंज वाचिंग से युवाओं के

शारीरिक स्वास्थ्य पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों को जानने हेतु प्रस्तुत अध्ययन काफी आवश्यक है।

शोध पद्धति

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर लगातार प्रसारित हो रही विषयवस्तु के प्रति युवा दर्शकों की बिंज वाचिंग प्रवृत्ति के कारकों को जानना और उसके कारण उनकी जीवनशैली में हो रहे बदलावों का अध्ययन एवं विश्लेषण करना है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु भोपाल जिले के 15 से 40 वर्ष के युवाओं से संरचित प्रश्नावली के माध्यम से ऑनलाइन गूगल फॉर्म तकनीक द्वारा डाटा को एकत्र किया गया है जिसमें सभी बंद सिरे के प्रश्न शामिल हैं। डाटा को 100 उन उत्तरदाताओं से उद्देश्यपूर्ण रैंडम सैंपलिंग (Purposive Random Sampling) तकनीक द्वारा एकत्र किया गया है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म की अवधारणा से परिचित हैं और देखते भी हैं।

शोध का क्षेत्र

प्रस्तुत अध्ययन में मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के युवा उत्तरदाताओं से सर्वे तकनीक के माध्यम से डाटा एकत्रित किया गया है। भोपाल मध्यप्रदेश की राजधानी है और 2011 के जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या 23 लाख के आसपास है। प्रस्तुत अध्ययन में भोपाल जिले के कुल 100 उत्तरदाताओं से उद्देश्यपूर्ण रैंडम सैंपलिंग के माध्यम से डाटा एकत्रित किया गया है।

डाटा विश्लेषण

ऑनलाइन गूगल फॉर्म तकनीक द्वारा डाटा को एकत्रित करने के पश्चात उसको सरल प्रतिशत विश्लेषण (Simple Percentage Analysis) के आधार पर विभाजित कर डाटा का विश्लेषण किया गया है। "यह एक विशेष प्रकार की दरों को संदर्भित करता है, डाटा की दो या अधिक श्रंखला के बीच तुलना करने के लिए प्रतिशत का उपयोग किया जाता है।"(Ramadu, 2020)

विश्लेषण

आज के तकनीकी युग और ऑनलाइन होती दुनिया में ओटीटी जैसे प्लेटफॉर्म ने उस तलाश को पूरा करने का काम किया है। ओटीटी पर लगभग आज 40 से अधिक प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं जिस पर रोज़ एक नयी विषयवस्तु अपलोड की जा रही है जिसे दर्शक कभी भी कहीं भी अपनी सुविधानुसार देख सकते हैं। साथ ही बड़े कलाकारों और निर्देशकों की भागीदारी और नियमन न होना भी इसकी बढ़ती पहुँच का मुख्य कारण है।

अतः प्रस्तुत अध्ययन में युवाओं की जीवनशैली में इस बिंज वाचिंग से होते बदलावों के कारकों का विश्लेषण करने हेतु 15–40 वर्ष के 100 उत्तरदाताओं से 13 प्रश्नों की प्रश्नावली जिसको गूगल फॉर्म से वितरित कर डाटा एकत्रित किया गया है, इसमें 91.8% उत्तरदाता महाविद्यालय के छात्र शामिल थे एवं 9.2% उत्तरदाताओं में स्नातक एवं स्कूल के छात्र सम्मिलित थे। इन उत्तरदाताओं में 54.5 प्रतिशत पुरुष उत्तरदाता शामिल थे एवं 45.5 प्रतिशत महिला उत्तरदाता थीं। इसके अलावा ओटीटी और बिंज वाचिंग की प्रवृत्ति को समझने के लिए एक और महत्वपूर्ण कारक होता है वैवाहिक स्थिति जिसके लिए हमने प्रस्तुत अध्ययन में 62.9 प्रतिशत विवाहित और 37.1 प्रतिशत अविवाहित उत्तरदाताओं को शामिल किया था।



ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्पर 63 प्रतिशत उत्तरदाता प्रतिदिन 2 घंटे तक का समय बिताते हैं तो वहीं 29 प्रतिशत उत्तरदाता इन प्लेटफॉर्म पर 2 से 4 घंटे तक का समय भी व्यतीत करते हैं। 8 प्रतिशत ऐसे भी उत्तरदाता हैं जो 4 घंटे से भी अधिक इन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर विषयवस्तु देखते हैं।



परंपरागत माध्यम के मुकाबले ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग माध्यम की पहुँच एवं प्रभाव और युवाओं के बीच बढ़ते आकर्षण का सबसे बड़ा कारण है उस पर उपलब्ध विषयवस्तु, जिस पर अभी तक किसी भी तरह का नियमन भी नहीं है। इसके अलावा समय की सुविधा और विज्ञापन का न होना भी इसकी बढ़ती पहुँच का प्रमुख कारण बना हुआ है। ओटीटी प्लेटफॉर्म की पसंद में उत्तरदाताओं द्वारा सबसे अधिक लगभग 75 प्रतिशत अमेज़न प्राइम और नेटफ्लिक्स को पसंद किया गया है वहीं हॉटस्टार को भी 60 प्रतिशत से अधिक दर्शकों ने पसंद किया है। जी 5, सोनी लिव और जिओ सिनेमा जैसे प्लेटफॉर्म को लगभग 30 प्रतिशत दर्शकों ने पसंद किया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लगभग हर शैली की विषयवस्तु उपलब्ध है जिसमें मूल विषयवस्तु के निर्माण पर इन प्लेटफॉर्म द्वारा विशेष निवेश किया जा रहा है।

70 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कॉमेडी और ड्रामा शैली के विषयवस्तु को सबसे अधिक पसंद किया है वहीं लगभग 60

प्रतिशत दर्शकों ने क्राइम और एक्शन विषयवस्तु को पसंद किया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस की पहुँच और आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा है वेब सीरीज फॉर्मेट। सभी प्लेटफॉर्म द्वारा विभिन्न फॉर्मेट में मूल वेब सीरीज का निर्माण किया जा रहा है। 68 प्रतिशत दर्शकों ने वेब सीरीज फॉर्मेट को पसंद किया है वहीं 18 प्रतिशत दर्शकों ने मूवी फॉर्मेट को पसंद किया है।



67 प्रतिशत दर्शक रात के समय इन प्लेटफॉर्म पर विषयवस्तु देखना पसंद करते हैं जिससे उनके शारीरिक और मानसिक समस्याओं में वृद्धि हो सकती है। वहीं 44 प्रतिशत दर्शकों ने माना कि वह कभी-कभी वेब सीरीज के तीन से अधिक एपिसोड एक ही बैठक में देखते हैं। वहीं 37 प्रतिशत ने कहा कि वे कम से कम तीन या उससे अधिक एपिसोड एक बैठक में देखते हैं जिन्हें हम बिंज वाचर कह सकते हैं। 45.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने 3-4 एपिसोड एक ही बैठक में अधिकतम देखे हैं। 30.6 प्रतिशत दर्शकों ने बताया कि उन्होंने 7 या उससे अधिक एपिसोड भी एक बैठक में देखे हैं । 23.5 प्रतिशत ने 5-6 एपिसोड देखने की बात कही।

41 प्रतिशत दर्शकों ने माना कि वह बिंज वाचिंग प्रवृत्ति से प्रभावित हैं, वहीं 33 प्रतिशत ने इससे इनकार किया और 26 प्रतिशत इसके बारे में अनिश्चित हैं। 56 प्रतिशत दर्शकों ने माना कि वेब सीरीज के सभी एपिसोड एक साथ उपलब्ध होना इसके प्रमुख कारकों में से एक है। बिंज वाचिंग से होने वाले शारीरिक और मानसिक रोगों के बारे में 63.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उसकी जानकारी है जो काफी सराहनीय है । वहीं 36.7 प्रतिशत उत्तरदाता इसके बारे में नहीं जानते हैं।

किसी भी तकनीक या माध्यम के नकारात्मक पहलू होते हैं और इसी कड़ी में ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस से बढ़ती बिंज वाचिंग प्रवृत्ति इन प्लेटफॉर्म के नकारात्मक पहलू को दर्शाया है। जिससे युवाओं की जीवनशैली में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रात को देर तक जागने को सबसे बड़ा बदलाव माना है। नींद में कमी और फिर कार्य क्षमता में भी कमी आना स्वाभाविक है जो बिंज वाचिंग से होने वाले बाकी दो सबसे बड़े बदलाव भी हैं। इसके अलावा उत्तरदाताओं ने माना कि इस प्रवृत्ति के कारण अकेलापन भी युवाओं के बीच बढ़ रहा है और जिससे रिश्तों में तनाव आने के भी संभावना रहती है।

निष्कर्ष और सुझाव

निष्कर्ष बताते हैं कि भोपाल के युवाओं में ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स काफी प्रचलित हैं। युवा दर्शक बड़ी संख्या में बिंज वाचिंग प्रवृत्ति से ग्रसित हैं और उसकी लत से जूझ रहे हैं और जिसके कारण उनकी जीवनशैली में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

1. ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विषयवस्तु विशेषकर वेब सीरीज विषयवस्तु को कभी भी कहीं भी देखने की सुविधा ने इन प्लेटफॉर्म को युवाओं के बीच काफी प्रचलित किया है। साथ ही कोविड महामारी के कारण हुए लॉकडाउन, बिना विज्ञापन का विषयवस्तु एवं नियमन की कमी ने इनकी सब्सक्राइबर संख्या में परंपरागत माध्यम के मुकाबले काफी वृद्धि की है। आने वाले समय में इन प्लेटफॉर्म के वॉच टाइम में काफी वृद्धि होने की संभावना है। यह प्लेटफॉर्म मनोरंजन के एक सशक्त माध्यम के रूप में युवा दर्शकों के बीच स्थापित हो गया है।

2. बिंज वाचिंग के कारकों में ओटीटी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा क्लिफ हैंगर तकनीक (जिसमें हर एपिसोड का नाटकीय या रोमांचक अंत किया जाता है) का उपयोग किया जाता है जिसके कारण दर्शक जल्द से जल्द अगला एपिसोड देखना चाहते हैं। क्योंकि वेब सीरीज के सभी एपिसोड इन प्लेटफॉर्म पर एक साथ उपलब्ध होते हैं, दर्शक अधिक से अधिक एपिसोड एक ही बैठक में देखता है, जिससे बिंज वाचिंग प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म को वेब सीरीज के सभी एपिसोड को क्रमशः अपलोड करने पर विचार करना चाहिए।

बिंज वाचिंग प्रवृत्ति से युवा दर्शकों की जीवनशैली में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहाँ पहले एक स्क्रीन होती थी और पूरा परिवार उसे एक साथ देखता था तो वहीं आज हर व्यक्ति के पास अपनी एक स्क्रीन है जिसमें हर प्रकार की विषयवस्तु उपलब्ध है। अब वह रात को अकेले में जागकर अधिक से अधिक विषयवस्तु देखना चाहता है जिससे पारिवारिक दूरी तो बढ़ ही रही है, साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों से भी युवा ग्रसित हो रहे हैं, जिससे उनकी कार्य क्षमता में कमी आने लगी है और तनाव बढ़ने लगा है। इसको लेकर सरकार एवं ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा जल्द से जल्द एक नियमन लाने की आवश्यकता है।

REFERENCES

- Aditya Dhanuka, A. B., 2019. Binge-Watching: Web-Series Addiction amongst Youth. The Management Quest, 2(1), pp. 160 - 172.
- Chien Chou, M.-C., 2000. Internet addiction, usage, gratification, and pleasure experience: the Taiwan college students' case. Computers & Education, 35(1), pp. 65-80.
- Clement, J., 2020. www.statista.com. [Online]
- Available at: https://www.statista.com/statistics/617136/digital-population-worldwide/ [Accessed 18 Jan 2021].
- collinsdictionary, 2015. www.collinsdictionary.com. [Online]
- Available at: https://www.collinsdictionary.com/dictionary/english/cliffhanger [Accessed 20 Feb 2022].
- Dangwal, S., 2017. www.Indai.com. [Online]
- Available at: https://www.india.com/business/reliance-entertainment-launches-bigflix-indias-first-global-multi-language-hd-movie-platform-2074662/ [Accessed 08 Feb 2021].
- Deloitte, 2015. Digital Democracy Survey, s.l.: www.Deloitte.com.
- Dictionary, C., 2020. www.dictionary.cambridge.org. [Online]
- Available at: https://dictionary.cambridge.org/dictionary/english/binge-watch [Accessed 5 6 2021].
- Exchange4Media, 2020. www.exchange4media.com. [Online]
- Available at: https://www.exchange4media.com/digital-news/ott-giants-expected-to-spend-rs-28249-cr-on-original-content-in-india-in-2021-report-109559.html [Accessed 5 6 2021].
- Jaggi, R. K., 2013. Women in Indian T.V. Advertising: The Discourse in the Fair & Lovely Ad Campaign. IMS Manthan (The Journal of Innovations), 8(2), pp. 181 - 184.
- Kaushal, S., 2020. Forbes.com. [Online]
- Available at: https://www.forbes.com/sites/swetakaushal/2020/05/26/good-news-amid-lockdown-ott-platforms-register-60-80-surge-in-subscription-base/?sh=6b727e04413a. [Accessed 09 06 2021].
- Mark S Gold, K. F.-P. a. W. S. J., 2003. Overeating, Binge Eating, and Eating Disorders as Addictions. Psychiatric Annals, 33(2), pp. 117-122.
- Pomerantz, A. M., 2013. SAGE. [Online]
- Available at: https://www.rset.edu.in/download/dsims/2_Binge_Watching_Web_Series_Addiction_amongst_Youth.pdf [Accessed 28 feb 2021].

- Potter, W. J., 2014. A Critical Analysis of Cultivation Theory. Journal of Communication, 64(6), pp. 1015 – 1036.
- Ramadu, J., 2020. Course Hero. [Online]
- Available at: https://www.coursehero.com/file/p1lunt/1-SIMPLE-PERCENTAGE-ANALYSIS-It-refers-to-a-special-kind-of-rates-percentage-are/
  [Accessed 18 Feb 2022].
- STATISTA, 2021. www.statista.com. [Online]
- Available at: https://www.statista.com/statistics/255146/number-of-internet-users-in-india/ [Accessed 20 Feb 2022].
- Tryon, C., 2015. Media Industries. [Online]
- Available at: https://quod.lib.umich.edu/m/mij/15031809.0002.206?view=text;rgn=main#N1. [Accessed 24 11 2020].
- Wagner, C. N., 2016. ₹Glued to the Sofa₹: Exploring Guilt and Television. Communication Honors Thesis, 5(1), pp. 125–132.
- West, K., 2013. www.cinemablend.com. [Online]
- Available at: https://www.cinemablend.com/television/Unsurprising-Netflix-Survey-Indicates-People-Like-Binge-Watch-TV-61045.html. [Accessed 05 06 2021].

मध्यप्रदेश में फिल्म पर्यटन की संभावनाएं: एक अध्ययन

*** अंकित पाण्डेय**
**** प्रियंका पांडेय**

शोध सार : फिल्म निर्माताओं की पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग करने में दिलचस्पी बढ़ गई है। हाल में कंगना रनौत और विक्की कौशल-मानुषी छिल्लर की फिल्म की शूटिंग अलग-अलग स्थानों पर हुई। पिछले पांच सालों में मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों की खूबसूरती के साथ ही सरकार का सकारात्मक रवैया और प्रदेश का शांत माहौल बॉलीवुड को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कई फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश में हो रही है तो अनेक फिल्म निर्माता अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिये मध्यप्रदेश का ही चयन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में बॉलीवुड की गतिविधियां बढ़ने से प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रमोशन हो रहा है, वही पर्यटन गतिविधियों को भी गति मिल रही है। सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो रही है तो फिल्म के निर्माताओं को भी कम बजट में ज्यादा सुविधाएं मिल रही हैं। फिल्मों की शूटिंग से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

मुख्य शब्द- दिलचस्पी, पर्यटन स्थल, गतिविधियां, राजस्व, फिल्म निर्माता, रोजगार के अवसर आदि।

प्रस्तावना

कुछ सालों पहले मध्यप्रदेश की गिनती बीमारू राज्य के रूप में की जाती थी। विकासशील प्रदेश की दौड़ में होने के चलते मध्यप्रदेश की तरफ कम ही लोगों का ध्यान आकर्षित हो पाता था। खासकर बड़े उद्योगपति अपने उद्योग प्रदेश में स्थापित नहीं करना चाहते थे। फिल्मों के निर्माता-निर्देशक भी शूटिंग मध्यप्रदेश में करना पसंद नहीं करते थे। इसके पीछे जो कारण सामने आते थे, उनमें सबसे प्रमुख कनेक्टिविटी की कमी का था। दूसरा सर्वसुविधायुक्त होटलों न होना और तीसरा कारण-स्थानीय स्तर पर अपराधों का ऊंचा ग्राफ था। किन्तु मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले कुछ सालों में बुनियादी व्यवस्थाओं पर ज्यादा जोर दिया है। सड़कों को सुधारकर राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्यमार्गो की श्रृंखला का निर्माण किया गया। डकैती और नक्सली हिंसा की समस्या पर नियंत्रण किया गया। इसके बाद सरकार ने पर्यटन विकास निगम के माध्यम से पर्यटन केद्रों के विकास और सर्वसुविधायुक्त होटलों की चैन तैयार की। इसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में अब बॉलीवुड के फिल्म निर्माता मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को देखकर सिर्फ निर्माता-निर्देशक ही नहीं, बल्कि प्रदेश शूटिंग के लिये आने वाले कलाकारों का भी पसंदीदा डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर के बाद जैसे ही आर्थिक गतिविधियां पटरी पर लौटना शुरु हुईं, मध्यप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग के लिये अनुमति की लंबी कतार लग गयी। अब मध्यप्रदेश में बॉलीवुड के कई निर्देशक और सितारे लाइट, कैमरा और एक्शन करते हुए नजर आते हैं। इनमें राजधानी भोपाल से लेकर महेश्वर, ग्वालियर, ओरछा और अमरकंटक की लोकेशंस शामिल है। एक के बाद एक फिल्मों की शूटिंग प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर हो रही है। भोपाल में भी फिल्म और सीरियल की शूटिंग का सिलसिला धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है।

पूर्व साहित्य का अध्ययन

डॉ नागरथ, एस.के.(2020) ने मध्यप्रदेश की नयी पर्यटन नीति को लेकर एक लेख लिखा। उन्होंने अपने लेख में लिखा है कि मध्यप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग बढ़ाने और इसकी मदद से रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2020 लागू कर दी है। नई नीति के तहत प्रदेश में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अनेक रियायतें प्रदान की जायेंगी। नई नीति के मुताबिक किसी भी भाषा में बनने वाली फिल्म की 50 फीसदी शूटिंग मध्यप्रदेश में होने पर सरकार कुल लागत की 25 फीसदी और अधिकतम एक करोड़ रुपये तक की राशि अनुदान स्वरूप प्रदान की जाएगी। इसके लिए शर्त यह है कि यह फिल्मकार की पहली फिल्म हो। दूसरी फिल्म के लिए यह राशि बढ़ाकर 1.25 करोड़ रुपये कर दी जाएगी। इसी प्रकार तीसरी तथा उसके बाद की फिल्मों के लिए यह अनुदान राशि 1.50 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा टेलीविजन सीरियलों और वेब सीरीज को वित्तीय अनुदान देने की बात भी नीति में कही गई है।

सिंह, करिश्मा (2020) ने 'मध्यप्रदेश बना फिल्म निर्माण का फेवरेट डेस्टिनेशन, जल्द शुरू होगी 22 फिल्मों की शूटिंग' विषय

* मीडिया समन्वयक, मा.च.रा.प.सं.वि.वि., भोपाल
** पत्रकार, बी.बी.सी. खबर

पर शोध आलेख लिखा। उन्होने अपने आलेख में इस बात का जिक्र किया है कि बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए मध्यप्रदेश निर्माताओं की पसंदीदा जगह बन गया है। सारे बड़े फिल्म निर्माता और कलाकार मध्यप्रदेश में अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। भोपाल में हुमा कुरैशी ने सलामतपुर के आरामबाग में 'महारानी' फिल्म की शूटिंग की है। वहीं नुसरत भरूचा ने पिपरिया को हॉरर फिल्म 'छोरी' की शूटिंग के लए चुना। अच्छी खबर यह है कि भोपाल और मध्यप्रदेश की अलग-अलग लोकेशंस पर नए साल में लगभग 22 प्रोजेक्ट्स (फिल्म, वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स) की शूटिंग होनी है। इसका मुख्य कारण मार्च 2020 से पर्यटन निगम की फिल्म नीति आने के बाद फिल्ममेकर्स को सब्सिडी मिलना है।

मध्यप्रदेश सरकार की फिल्म पर्यटन नीति के मुख्य प्रावधान

फिल्म पर्यटन नीति के अनुसार किसी भी भाषा में फिल्म निर्माण के लिए प्रदेश में फिल्मों की ज्यादा से ज्यादा शूटिंग पर अनुदान देने का प्रबंध किया गया है। किसी निर्देशक की पहली और दूसरी फिल्म की शूटिंग के लिए अनुदान एक करोड़ रुपए तक अथवा फिल्म की कुल लागत का 25 प्रतिशत तक दिया जाएगा। इसमें शर्त यह होगी कि फिल्म की पूरी शूटिंग में कम से कम 50 प्रतिशत शूटिंग मध्यप्रदेश में होना जरूरी होगा। तीसरी और आगे की फिल्मों के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए तक या फिल्मों की लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसमें भी फिल्म के संपूर्ण शूटिंग दिवसों में न्यूनतम 50 फीसदी शूटिंग होना जरूरी है।

- मध्यप्रदेश में एक समर्पित फिल्म सुविधा सेल का गठन किया गया है। राज्य टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक की अध्यक्षता में यह सेल फिल्म पर्यटन विकास के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।
- यह सेल फिल्म पर्यटन नीति के क्रियान्वयन, प्रक्रिया निर्धारण, आवेदनों के निराकरण संबंधी समन्वय करेगा तथा फिल्म उद्योग की अद्यतन प्रवृत्तियों के अनुसार नीति प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी का निवर्हन करेगा।
- फीचर फिल्म, टीवी सीरियल/ शो/वेब सीरीज/शो/डाक्यूमेंट्री की शूटिंग के लिए वित्तीय अनुदान की व्यवस्था।
- अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं और दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहन की योजना।
- स्थायी प्रकृति के बुनियादी ढांचे के निर्माण पर वित्तीय प्रोत्साहन/अनुदान/ भूमि आवंटन।
- सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से फिल्मांकन अनुमति के लिये संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित करना।
- आधारभूत ढांचे और सेवाओं जैसे हवाई जहाज, हेलीकॉप्टरों, संपत्तियों आदि को फिल्म निर्माताओं को प्रक्रिया के अनुसार उपलब्ध कराना।
- सिंगल स्क्रीन सिनेमा, बंद सिनेमा घरों के पुनरुद्धार को बढ़ावा देना।
- मौजूदा सिनेमा हॉल को अपग्रेड करना तथा मल्टीप्लेक्स की स्थापना को प्रोत्साहित करना/वित्तीय अनुदान।

शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिये निम्न उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं-

- मध्यप्रदेश में फिल्म शूटिंग के माहौल और वातावरण का अध्ययन करना।
- मध्यप्रदेश में फिल्म शूटिंग की संभावनाओं का अध्ययन करना।
- मध्यप्रदेश में फिल्म शूटिंग के प्रमोशन के लिये सरकारी प्रयासों का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पना

प्रस्तुत शोध अध्ययन के विवरणात्मक प्रकृति का होने के कारण परिकल्पना का निर्धारण करना आवश्यक नहीं है, किंतु शोध की प्रासंगिकता और तार्किकता को ध्यान में रखते हुए निम्न परिकल्पनाएं की गयी है-

- मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में शूटिंग की पर्याप्त सुविधायें जुटाने के प्रयास में लगी है।
- मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थलों की खूबसूरती और उचित माहौल होने के चलते फिल्म शूटिंग की असीम संभावनायें हैं।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध अध्ययन विवरणात्मक प्रवृत्ति का होने के कारण अध्ययन के लिये विवरणात्मक शोध प्रविधि का उपयोग किया गया है। अध्ययन के दौरान फिल्म निर्माण के प्रोत्साहन के लिये सरकारी सुविधाओं, अनुमति के लिये एकल खिड़की प्रणाली लागू करने, पर्यटन विकास निगम के माध्यम से आरामदेह और सर्वसुविधायुक्त होटल तैयार करने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं को जुटाने के लिये किये गये प्रयासों का द्वितीयक आंकड़ों के रूप में संकलित किया गया है। अध्ययन के दौरान प्राप्त होने वाले द्वितीयक आंकड़ों और इस प्रक्रिया से जुड़े व्यक्तियों के साक्षात्कार के बाद निष्कर्ष पर पहुंचा गया है।

अध्ययन अवधि

प्रस्तुत शोध एक जनवरी 2019 से दिसंबर 2021 के बीच में मध्यप्रदेश में हुई फिल्मों की शूटिग के बारे में किया गया है। सरकार ने इन तीन सालों में फिल्म शूटिग को प्रोत्साहन देने के लिये क्या-क्या सुविधायें मुहैया करायी हैं, इनको भी अध्ययन में शामिल किया गया है।

परिणाम और विश्लेषण

मध्यप्रदेश की संस्कृति प्राचीन है। असंख्य ऐतिहासिक

सांस्कृतिक धरोहरें, विशेषतः उत्कृष्ट शिल्प और मूर्तिकला से सजे मंदिर, स्तूप और स्थापत्य के अनूठे उदाहरण तथा यहां के महल और किले हमें यहां के महान राजाओं और उनके वैभवशाली काल के साथ महान योध्दाओं, शिल्पकारों, कवियों, संगीतज्ञों के अलावा हिदू, मुस्लिम, जैन और बौध्द धर्म के साधकों की याद दिलाते हैं। भारत के अमर कवि, नाटककार कालिदास और प्रसिध्द संगीतकार तानसेन ने इस उर्वर धरा पर जन्म लेकर इसका गौरव बढ़ाया है। मध्यप्रदेश का एक तिहाई हिस्सा वन संपदा के रूप में संरक्षित है जहां पर्यटक वन्य जीवन को पास से जानने का अदभुत अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़, शिवपुरी आदि ऐसे स्थान हैं जहां आप बाघ, जंगली भैंसे, हिरणों, बारहसिंघों को स्वच्छंद विचरते देख पाने का दुर्लभ अवसर प्राप्त कर सकते हैं। फिल्मों की स्क्रिप्ट के मुताबिक ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले लोकेशंस मध्यप्रदेश में आसानी से मिल जाते हैं। लॉजिंग, खान-पान, आउटसाइडर सपोर्टिंग टीम के साथ-साथ सहयोगी कलाकार भी मध्यप्रदेश में आसानी से और कम बजट में डायरेक्टर्स को उपलब्ध हो रहे हैं। लिहाजा मध्यप्रदेश दूसरे राज्यों के मुकाबले फिल्म शूटिंग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले 3 सालों के सफर पर गौर करें तो सबसे ज्यादा फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश राज्य में हुई है।

ग्वालियर, मांडू, दतिया, चंदेरी, जबलपुर, ओरछा, रायसेन, सांची, विदिशा, उदयगिरि, भीमबैठका और भोपाल ऐतिहासिक महत्व के स्थल हैं। महेश्वर, ओंकारेश्वर, उज्जैन, चित्रकूट और अमरकंटक ऐसे स्थान हैं, जहां आकर तीर्थयात्रियों के मन को शांति मिलती है। खजुराहो के मंदिर विश्व में अनूठे हैं। इसके अलावा ओरछा, भोजपुर और उदयपुर के मंदिर इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों और श्रृद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। सतना, सांची, विदिशा, ग्वालियर, इंदौर, मंदसौर, उज्जैन, राजगढ़, भोपाल, जबलपुर, रीवा और अन्य अनेक स्थानों के संग्रहालयों में पुरातत्वीय महत्व के भंडारों को संरक्षित रखा गया है। मध्यप्रदेश में धार्मिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक स्थलों की भरभार है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर शूटिंग के लिए करीब 12 से ज्यादा फिल्म मेकर्स ने सरकार को आवेदन किये हैं। हैदराबाद के फिल्म निर्माता वाराही चाल्लन चेतराम, बाय स्कोपिया, अपेक्षा फिल्म, बाबुल प्रोडक्शन और कृष्णा दीप इंटरटेनमेंट सहित अन्य फिल्मकारों ने भी राज्य में शूटिंग करने की रुचि दिखाई है। खूबसूरत लोकेशंस के चलते मध्यप्रदेश फिल्म मेकर्स और डायरेक्टर्स की पहली पसंद बनता जा रहा है।

शूटिंग के लिहाज से प्रदेश के लोकेशंस न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि सुविधाजनक भी हैं। शूटिंग की परमिशन और एनओसी मिलना भी यहां दूसरे राज्यों के मुकाबले आसान है। हाल ही में सरकार ने नई फिल्म पर्यटन नीति लागू की है, जिसमें फिल्मकारों को काफी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मध्यप्रदेश में फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग में हर साल इजाफा हो रहा है। अब तक 300 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। पिछले साल यानी 2021 में 23 फिल्मों की शूटिग मध्यप्रदेश में हुयी है। अनलॉक के बावजूद 5 फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग हुई। कम बजट के साथ-साथ 700 करोड़ की बड़ी बजट की फिल्में भी प्रदेश में शूट होने वाली हैं।

आगे की राह

पिछले दो सालों में यहां 'रिवॉल्वर रानी', 'टॉयलेट एक प्रेम कथा', 'द पैडमैन', 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का', 'संजय दत्त की बायोपिक', 'लाला एनकाउंटर', 'लायन', 'स्त्री', 'दबंग-2', 'कंगना रणौत की पंगा', 'पान सिंह तोमर', 'चक्रव्यूह', 'अपहरण', 'यंगिस्तान', 'गंगाजल-2', 'बाजीराव मस्तानी', 'सुई-धागा' जैसी फिल्में भोपाल के साथ अन्य लोकेशंस पर शूट हुई हैं। आगे 20 से ज्यादा फिल्में और वेबसीरीज की शूटिंग प्रदेश में होनी है। इनमें कंगना रणौत की 'धाकड़', 'गुल्लक टू' (वेब सीरीज), 'विसलब्लोअर' (वेब सीरीज). 'पंचायत- 2' (वेब सीरीज), 'कोटा फैक्ट्री' (वेब सीरीज), 'सिट्टी पिट्टी गुम', 'विलोम', 'द गेम', 'हसबैंड इन लॉ', 'गोंड विंडो', 'गांधीजी', 'हीरा इडली और मैं', 'धर्म क्षेत्र', 'कांड', 'काऊ बॉय', 'गरिमा एम', 'को अहम', 'अमेरिकी टॉकीज' जैसी फ़िल्में और वेब सीरीज मध्यप्रदेश में शूट होनी हैं।

निष्कर्ष

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक इमारतें और प्राकृतिक सौंदर्य बॉलीवुड को जमकर पसंद आ रहा है। प्रदेश के पर्यटन स्थल ओरछा में एक बार फिर लाइट, कैमरा, एक्शन दिखेगा। ओरछा में जल्द ही एक बड़े बजट की फिल्म का निर्माण होने वाला है। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहरों ने एक बार फिर फिल्मकारों को अपनी ओर आकर्षित किया है। एक बार फिर देश के जाने-माने निर्माता निर्देशक मणिरत्नम ने ओरछा की ओर रुख किया है। मणिरत्नम अपनी आगामी फिल्म "पोनियिन सेलवन" की शूटिंग ओरछा में कर रहे हैं। 2022 में रिलीज होने वाली इस फिल्म की शूटिंग के लिए वे अपनी पूरी टीम के साथ ओरछा में मौजूद हैं। इस फिल्म में मुख्य तौर पर साउथ के सुपरस्टार विक्रम, ऐश्वर्या, तृषा और प्रकाश राज हैं। फिल्म का बजट करीब 500 करोड़ रुपये है। विभिन्न लोकेशंस पर अक्षय कुमार, सलमान खान, रणवीर सिंह से लेकर कई बड़े फिल्म स्टारों की फिल्मों की शूटिंग हो चुकी हैं। इन स्थानों पर बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधायें जुटाकर ज्यादा से ज्यादा फिल्म मेकर्स को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

संदर्भ

- https://www.bhopalsamachar.com/2020/02/mp-news_767.html
- https://www.mptourism.com/
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1770175
- https://www.bhaskar.com/mp/bhopal/news/kamal-nath-madhya-pradesh-go
- http://www.starsamachar.com/Film-tourism-policy-Government
- https://www.livehindustan.com/madhya-pradesh/story-madhya-pradesh

The Cinematic Language of Satyajit Ray : With Special Reference to Pather Panchali

*** Dr. Yasharth Manjul**

Abstract: Satyajit Ray is one of of the most important filmmaker of the world. Almost after 30 years of him passing away his cinematic language is still the important study material for film scholars and researchers all over the world.From his first film Pather panchali(1955) till his last Agantuk(1991) Ray evolved himself as a filmmaker but Pather Panchali still remains one of his best film, made with minimal resources and creating a language of cinema while rejecting certain set standards that filmmakers contemporary of his times and afterward(specially in the age of digital era where there is a demand of better cinematic language and less resource) are inspired with. Pather Panchali remains the fountain head for passionate and new filmmakers throughout the world.The paper discusses what makes SatyajitRay an auteur filmmaker,his technique of adaptation and his approach towards the elements of mis-en-scene while making Pather Panchali.

This is the centenary year of Master filmmaker Satyajit Ray. Like the world, India is also celebrating its unique filmmaker in various ways. Different government bodies are organizing lectures and discussions on the art form of this dynamic filmmaker.Recently organized International Film Festival of India contained a daily discussion on the cinematic art of Satyajit Ray. A lot has been written about Ray and his films. Ray himself wrote a lot about cinemas Satyajit Ray from contemporary times till today has been called as the auteur filmmaker (somebody who has total command over tools of cinema) Film critic Gaston Roberge writes "Satyajit Ray has the reputation of working with great discipline.The shooting of his film is minutely planned.His direction is firm and precise.Takes are few and the shooting ratio is extremely low.The budget is moderate.Ray himself performs several major tasks in the making of his films: Scriptwriter, Music Composer, Director and at times camera person. In addition, he closely supervises all other aspects of the production, especially art direction and editing."Filmmaker and Actor Richard Attenborough who worked with him in Shatranj ke Khiladi says "I have to depend on entire team for various components during film production.Within the scope of Ray's proficiency and authoritative contribution were all the technical departments which he used to co-ordinate.The work of dress and Set Design was done by himself.He later went on to edit the film and compose its music.At the time of shooting he was also operating the camera and was directing the crew and actors.All his films are truly his creations.".No doubt Ray was an auteur,the time at which he entered the cinema world also highlighted his capabilities as a filmmaker. BD Garga in one of his articles in 1966 says that when Satyajit Ray entered filmmaking the scenario of world cinema was gloomy.The era of neo-realism was almost at end. The new wave filmmakers of Europe could not establish a signature style.The era of soviet filmmakers hadended.This was the time when two Asian filmmakers Akira Kurosawa and Satyajit Ray came as a breath of fresh air.

It is not only about the cinematic language of Ray but his content wide and multi faceted that documents the changes of the century within the country.In his career Satayjit Ray directed 25 full feature, 3 shorts and 5 documentary films. Through Apu Triology (1955,1956,1959) Ray

*Assistant Professor MGAHV, Wardha

documents a journey of a poor bhramin family from village to town, Jalsaghar (1958) is about the collapse of zamindari order ,Charulata(1964) and Mahanagar(1963) tells the tale ofwomen and their struggles, Pratidwandi(1970) is an important film about unemployment and its repercussions during the time,his last three films Ganashatru(1989), Shakha Proshakha (1990) and Aagantuk (1991) presents a new urban middle class. It is not only that Ray made only serious films he has significantly contributed in creating important films for children as well,that only shows his concern for the future generation.Ray's father Sukumar Ray contributed much towards the children literature in Bengali that further influenced ray to choose such subjects.Ray himself wrote stories for children.His understanding of child psychology reflected in his films.It is not merely a coincidence that major poetic films of the world like Red balloon(1956),Ivans Childhood(1962) Fanny and Alexander(1982) places child like emotion as metaphor.Ray's film does the same.Some of Satyajit Ray's important film for children includes Paras Patthar (1958),Goopy Gyne Bagha Byne(1969), Sonar Kella (1974), Joy Baba Felunath(1979) and Hirak Rajar Deshe (1980). Apart from these feature film Ray also made a short film Two(1964). It is an Important experimental film of Ray made for U.S Public television services.The film revolves around 2 young boys from different social background.Film has no dialogues.Ray has communicated using only actions within this film,since Ray considers cinema to be a primarily visual medium. It is his command on various elements of Mise-en—Scene that Ray uses no or minimal dialogues in presenting important segment of his film. The train sequence of Pather Panchali (1955), The opening sequence of Charulata(1964),The end sequence of Jalsaghar(1957) and Agantuk (1991) are few examples of his cinematic hold. Ray considered Cinema to be an art form having amalgamation of movement, Theatre, Speech, Music and story but primarily it is a language Ray himself has said "There is a debate whether the film is craft or not. Those who wants to limit the existence of films says that film has no personal existence,it is a monochromatic amorphous object mixed with five types of crafts.Actually this word itself creates a confusion.If it is called language instead of craft,then the nature of film becomes more clear and there is no room for argument".

The expression through his cinematic language that Ray was able to deliver was because of the fact that Ray inherited from his father, grandfather and Rabindranath Tagore as well as his school at Santi Niketan where he studied art for two and a half years, their modernist-social reformist tradition at one hand and a religious –philosophical Indiannesson the other.Both became distinctly discernible in his films.The dominant religious orientation in his ambience was derived from Upanishad and Buddhist wisdom.The first imbued with a sense of an intelligence permeating the universe and the second with non violence and compassion. Both intigrated in him a feeling for India's spiritual tradition. He also acquired the cultural heritage from Tagore.These strands manifest themselves in Ray's work in counterpoint to the western form of the construction of his films of Santi Nikentan itself Ray says, "In two and a half years, I had time to think, and time to realize that almost without being aware of it, the place had opened windows for me.More than anything else,it had brought to me an awareness of our tradition, which I knew would serve as a foundation for any branch of art that I wished to pursue. Santiniketan taught me two things –to look at paintings and to look at nature."

In his lifetime Ray made films independent as well as based on the studio system.

Ray in one his interviews tells about seeing more than 100 films before making Pather Panchali.It was Vittorio de sica's 'The bicycle thief' that made him sure about the style of his first film.

Cinematic language of Pather Panchali.

Completed in the year 1955 Pather Panchali episodically cover the life of a family residing in village.The film mainly revolves around the perspective of Apu and Durga.It drew only few portion of its stylistic inspirations from VittorioDe sica's Neo realistic film 'The bicycle thief'. Real

locations, natural lighting setting up the mood for film, free flowing narrative structure and life like characters(with zero makeup) was visible throughout the film.This was majorly because of the original novel By Bibhuti bhushan Bandopadhyaya on which Pather Panchali was based,According to Ray himself "One can be entirely true to the spirit of Bibhuti bhishan, retain a large measures of his other characteristics–lyricism and humanism combined with casual narrative structure–and yet produce a legitimate work of cinema. Indeed,it is easier with Bibhuti Bhushan than with any other writer in Bengal .The true basis of the film style of Pather Panchali is not neorealist cinema or any other school of cinema or even any individual work of Cinema,but the novel of Bhibhuti Bhushan itself". Ray had a unique quality of identifying the visual material from the written text that made him entirely different as a filmmaker from his contemporaries.His command over various elements of Mise–en—Scene allowed him to visualize text in a complete form at times different from to that of the original written text. He even omits from the original what he finds irrelevant for his films and at times add what he finds important.

